चैत्र कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, बुधवार
19 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 46, पृष्ठ-12




पेज 10

**रांची का तापमान**

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 32.0° | 32.1° |
| न्यून. | 20.0° | 20.8° |

₹82500 (10 ग्राम)

₹104000 (01 किलो)

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 75,301.26 | 86.581 |
| +1,131.30 | -0.109 |

**माह-ए-रमजान**

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 6:01 | 4:35 |
| 19 मार्च | 20 मार्च |

## विधानसभा में उठा सिरमटोली फ्लाईओवर का मामला, सीएम हेमंत सोरेन ने कहा

# चिंता की बात नहीं, बढ़िया से मनेगा सरहुल





**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने कहा सामाजिक संगठनों के माध्यम से यह विषय मेरे पास आया है

**ध्यानाकर्षण** के जरिए विधायक सीपी सिंह ने फ्लाईओवर मामले को सदन में रखा था

**विधानसभा का बजट सत्र**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के 12वें दिन मंगलवार को ध्यानाकर्षण के जरिए भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सिरमटोली फ्लाईओवर मामले को सदन में रखा। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर को लेकर वहां के लोग आंदोलनरत हैं। भाजपा के रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि इस मामले को लेकर उनके साथ-साथ मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों का पुतला फूंका गया। सरहुल में पूजा-अर्चना होती है, जहां हजारों लोग आते हैं। इसका समाधान जल्द किया जाए। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सामाजिक संगठनों के माध्यम से यह विषय मेरे पास आया है। चिंता की कोई बात नहीं है। सरहुल मनेगा और बढ़िया से मनेगा। विदित हो कि सरहुल पर्व झारखंड और आसपास के आदिवासी क्षेत्रों में मनाया जाता है। इसमें प्रकृति विशेषकर साल वृक्ष (सखुआ) की पूजा की जाती है। यह पर्व नए साल की शुरुआत का प्रतीक है।



### सीएनटी को शिथिल करते हुए एसटी-एससी को 25 फीसदी जमीन बेचने का अधिकार मिले : प्रकाश राम

विधायक प्रकाश राम ने कहा कि पूरे राज्य में सीएनटी कानून को शिथिल करते हुए एसटी-एससी को 25 प्रतिशत जमीन बेचने का अधिकार मिलना चाहिए, ताकि वे विकास की दौड़ में शामिल हो सकें। राज्य में एसटी-एससी की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। डिवीजनल सर्वे 50 साल पहले हुआ था। जमीन हमारा, पर पेपर किसी और के पास है। सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है। अनुसूचित जाति के लोगों को भेदभाव का सामना करना पड़ता है। सादा पट्टा के माध्यम से आदिवासियों की जमीन का एग्रीमेंट कराया जा रहा है।

## आधी आबादी के लिए अबुआ सरकार की क्रांतिकारी योजना मंईयां सम्मान योजना : कल्पना

- रोकने के लिए चुनावी वर्ष में पीआइएल गैंग भी एक्टिव हो गया था
- किसी विभाग से पैसे की कटौती नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को महिला बाल विकास और एसटी-एससी अल्प संख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के बजट पर चर्चा के दौरान कल्पना सोरेन ने कहा कि अबुआ सरकार आधी आबादी के लिए क्रांतिकारी योजना लाई है। 18 से 50 साल की महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह सम्मान राशि दी जा रही है। मंईयां सम्मान योजना को रोकने के लिए चुनावी वर्ष में पीआइएल गैंग भी एक्टिव हो गया था। उन्होंने कहा कि आज खाते में पैसा पहुंच रहा है, जिसके लिए किसी विभाग से पैसे की कटौती नहीं की गई है। 3.47 लाख एकड़ वन भूमि का पट्टा दिया जा रहा है। 594 छात्रावासों का काम शुरू हो चुका है। बहुमंजिला छात्रावास का निर्माण भी किया जा रहा है। आज महिलाओं को सुरक्षित वातावरण के साथ शिक्षा और रोजगार चाहिए, जिसे अबुआ सरकार पूरा करने का प्रयास कर रही है।



### 25 लाख को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ

कल्पना सोरेन ने कहा कि आज 25 लाख लोगों सर्वजन पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार ने 21 लाख लोगों को इसके लिए लाइन में खड़ा कर दिया था। वृद्धावस्था पेंशन में भारत सरकार 200 रुपए प्रतिमाह देती है, जबकि राज्य सरकार 1000 रुपए प्रतिमाह देती है। विधवा पेंशन में भारत सरकार 300 रुपए प्रतिमाह और राज्य सरकार 1000 रुपए देती है। वहीं, दिव्यांगों को भारत सरकार 300 रुपए और राज्य सरकार 1000 रुपए प्रतिमाह पेंशन देती है। भारत सरकार द्वारा 200-300 रुपए दिया जाना मजाक नहीं तो और क्या है।

**एक नजर**

### पटना के कंकड़बाग में एक करोड़ की लूट

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में दिनदहाड़े मंगलवार को एक करोड़ रुपए की लूट की घटना को अपराधियों ने अंजाम दिया है। घटना राजधानी के कंकड़बाग अशोक नगर की बताई जा रही है। लूट के बाद लुटेरे नवादा की तरफ फरार हो गए हैं। पुलिस ने भी लूट की पुष्टि की है। कंकड़बाग थाना क्षेत्र के अशोक नगर के रोड नं-14 में यह लूटपाट हुई। बताया गया कि पीड़ित जमीन रजिस्ट्री के लिए पैसे लेकर आया हुआ था। इसकी भनक लुटेरों को हो गई थी। उन्होंने दिनदहाड़े रुपयों को लूट लिया और फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही कंकड़बाग पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 'रीनोग्रिट' पर किया गया शोध 100 शीर्ष में शामिल

**हरिद्वार।** आयुर्वेद को समर्पित पतंजलि के वैज्ञानिकों की निर्मित किडनी की दवा 'रीनोग्रिट' अनुसंधान के बाद किडनी के उपचार में उपयोगी व प्रामाणिक सिद्ध हुई है। पतंजलि की तैयार किडनी की दवा 'रीनोग्रिट' पर किए गए शोध को विश्व प्रसिद्ध प्रकाशक नेचर पोर्टफोलियो के रिसर्च जर्नल 'साइंटिफिक रिपोर्ट्स' के वर्ष 2024 के शीर्ष 100 शोध आर्टिकल में शामिल गया है। इस संबंध में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने मंगलवार को बताया कि आयुर्वेदिक 'रीनोग्रिट' पर प्रकाशित शोध पत्र को 2,568 लोगों ने डाउनलोड किया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## वीडी राम ने संसद में उठाया सोन नदी पर पुल निर्माण का मामला

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

**रांची/नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को पलामू से भाजपा सांसद विष्णु दयाल राम ने झारखंड-बिहार को जोड़ने के लिए सोन नदी पर पुल निर्माण का मामला उठाया। सांसद ने कहा कि पुल के निर्माण से यात्रियों के यात्रा समय में काफी कमी आएगी और झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। सांसद वीडी राम ने मामले को संसद में उठाते हुए पलामू के हुसैनाबाद की देवरीकला पंचायत के सूर्य मंदिर के सामने और दूसरी तरफ रोहतास (बिहार) के नौहट्टा के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार को जोड़ने वाली सोन नदी पर अंतरराज्जीय कनेक्टिविटि के तहत पुल निर्माण कराने पर बल दिया।



- कहा, पुल का निर्माण अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत हो

सांसद वीडी राम ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से अनुरोध किया कि सोन नदी पर पुल का निर्माण अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत कराया जाए। पुल की मांग झारखंड एवं बिहार के सीमावर्ती जिलों के बीच आवागमन करने वाले लोगों की लंबे समय से रही है। ज्ञात हो कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार के लिए कोई रास्ता नहीं है। यहां के मजदूर बड़ी संख्या मे बिहार एवं उत्तर प्रदेश में आना-जाना करते हैं। शेष पेज 11 पर

### कालीचरण सिंह ने की चतरा को रेल नेटवर्क से जोड़ने की मांग

**रांची/नई दिल्ली।** सांसद कालीचरण सिंह ने मंगलवार को रेल बजट पर अनुदान की मांग पर चर्चा के दौरान अपने संसदीय क्षेत्र में रेल परियोजनाओं को लेकर लोकसभा में मांग रखी। उन्होंने संसद में कहा कि यह बजट नए भारत, शक्तिशाली भारत और विकसित भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस बजट में समाज के हर वर्ग गरीब, किसान, नौजवान और श्रमिकों की आकांक्षाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। सांसद ने कहा कि यह अत्यंत दुखद और चिंताजनक है कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी चतरा जिला मुख्यालय रेल नेटवर्क से नहीं जुड़ सका है। सांसद कालीचरण ने कहा कि वर्षों से स्थानीय जनता की यह मांग रही है कि उग्रवाद प्रभावित इस क्षेत्र को बिहार के गया से झारखंड के चतरा होते हुए चंदवा तक रेल सेवा से जोड़ा जाए। इस रेलमार्ग के बनने से क्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। सांसद ने रेल मंत्री से निवेदन किया कि चतरा-चंदवा रेल मार्ग निर्माण को निश्चित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की भी मांग रखी। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि समुचित रेल व्यवस्था नहीं रहने से क्षेत्रवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शेष पेज 11 पर



### एसीबी ने तमाड़ के प्रभारी बीएसओ को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को तमाड़ के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ) अभिजीत चैल को दस हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया। एक व्यक्ति की शिकायत पर उनकी गिरफ्तारी हुई है। एसीबी ने बताया कि तमाड़ थाना क्षेत्र निवासी धनंजय साहू ने इस संबंध में लिखित आवेदन दिया गया था। शेष पेज 11 पर



- 20 हजार रुपए रिश्वत मांगने की शिकायत की गई थी

## खेलगांव हाउसिंग सोसायटी में मिला लेफ्टिनेंट कर्नल दिवाकर कुमार का शव

- आत्महत्या की आशंका डिप्रेशन में थे, एक साल से चल रहा था इलाज

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी के खेलगांव थाना क्षेत्र के होटवार स्थित खेलगांव हाउसिंग सोसायटी परिसर में मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। शव की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल दिवाकर कुमार के रूप में हुई है। वे दीपाटोली कैंट में पोस्टेड थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लेफ्टिनेंट कर्नल दिवाकर द्वारा छत से कूदने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, पुलिस सूत्रों ने बताया कि वे कई दिनों से निजी कारणों से चिंतित थे। परिजनों ने बताया कि पिछले एक साल से उनका इलाज चल रहा था। वह बात करने अक्सर छत पर जाया करते थे। सोमवार की रात भी छत पर चले गए थे, जिसके बाद मंगलवार की सुबह उनका शव मिला। मृतक की बेटी के अनुसार, मृतक छत पर गए इसकी जानकारी घर में मौजूद किसी को नहीं थी। वहीं ,पड़ोसियों ने मृतक की बेटी को बताया कि फोन छत पर है, जिसे पुलिस को सौंप दिया गया।



पुलिस सूत्रों ने बताया की परिजनों के मुताबिक लेफ्टिनेंट कर्नल के डिप्रेशन की वजह अचानक से रुतबा खोना था। परिजनों ने बताया कि कर्नल एक समय पर लोगों के चहेते हुआ करते थे, लेकिन अचानक वह सब खत्म हो गया। इस वजह से वे हमेशा डिप्रेशन में रहने लगे। हालांकि, परिजनों ने खेलगांव थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज करवाया है। वहीं, डीआईजी एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

### पश्चिमी सिंहभूम के जराईकेला में सुरक्षाबलों और नक्सलियों में मुठभेड़

## सीआरपीएफ जवान आईईडी विस्फोट में घायल

- प्राथमिक उपचार के बाद एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया

नवीन मेल डेस्क

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र के राधापोड़ा के जंगल में मंगलवार को नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले। मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) की चपेट में सीआरपीएफ 134 बटालियन के एसआई सुबोध कुमार आ गए। घायल एसआई को प्राथमिक उपचार के बाद एयरलिफ्ट के जरिए रांची भेजा गया। डाक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति स्थिर है।



पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के अनुसार, आईईडी बम के विस्फोट में एक एसआई घायल हुआ है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है। एसपी ने कहा कि पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, लेकिन पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## शोध का विषय है कछुओं का जलवायु ज्ञान और ओडिशा

सनातन संस्कृति में मान्यता है कि धरती का अस्तित्व कछुओं पर है और भारत में ओडिशा के समुद्री तट पर हर साल दुनिया की दुर्लभ प्रजाति के ओलिव रिडले कछुओं का कुछ ऐसा ही विलक्षण समागम होता है। हर साल वसंत में ओडिशा के समुद्र तट पर केंद्रपाड़ा जिले का गरियामाथा तट एक ऐसी घटना का साक्षी बनता है, जिसके रहस्य को सुलझाने के लिए दुनिया भर के पर्यावरणविद और पशु प्रेमी बेचैन हैं। हजारों किलोमीटर की यात्रा कर लाखों कछुए यहां अंडे देने के लिए आते हैं। मादा अंडे देकर फिर समुद्र यात्रा पर निकल जाती हैं। कोई 50 दिन बाद इन अंडों से निकले बच्चे उसी समुद्री मार्ग से फिर हजारों किलोमीटर दूर अपनी मां के पास चले जाते हैं। यही नहीं ये शिशु कछुए लगभग 30 साल बाद जब प्रजनन के योग्य होते हैं, तो ठीक उसी जगह पर अंडे देने के लिए आते हैं, जहां उनका जन्म हुआ था। आईयूसीएन रेड लिस्ट में सात जीवित समुद्री कछुओं की प्रजातियों में से एक, ओलिव रिडले को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। वे अपने विशिष्ट प्रजनन पैटर्न और मानवीय गतिविधियों से बढ़ते खतरे के कारण संकटग्रस्त श्रेणी में हैं।ओलिव रिडले कछुए अपना सारा जीवन समुद्र और उससे सटी धरती पर बिताते हैं और इसीलिए वहां के मौसमी बदलाव से ये प्रभावित होते हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन ने समुद्र और उसके जैविक जगत पर भीषण कुप्रभाव डाला है। धरती के बढ़ते तापमान से समुद्री जल भी अछूता नहीं है और गरम जल के कारण ओलिव रिडले कछुओं के नैसर्गिक पर्यावास और भोजन पर असर पड़ा है। समुद्र का जलस्तर बढ़ने से समुद्री कछुओं को अंडे देने के लिए उपयुक्त स्थान ढूंढना मुश्किल हो सकता है। सबसे बड़ी बात मौसम के बदलाव से कछुओं में लैंगिक असमानता भी उपज रही है। भ्रूण के विकास के दौरान तापमान यह निर्धारित करता है कि अंडे से नर कछुआ निकलेगा या मादा। उच्च तापमान के कारण मादा कछुआ अधिक पैदा होती हैं, जबकि नर कम तापमान के कारण। इसलिए ओलिव रिडले के समुद्र तटों पर रेत के घरौंदे का तापमान बढ़ने से अंडे से निकले बच्चों का लिंग अनुपात लगभग पूरी तरह से मादा हो सकता है। नतीजतन, भविष्य में कछुओं को प्रजनन में समस्या हो सकती है। अद्भुत है कि ओलिव रिडले कछुए हजारों किलोमीटर की समुद्र यात्रा के दौरान भारत में ही गोवा, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश के समुद्री तटों से गुजरते हैं, लेकिन अपनी वंश-वृद्धि के लिए वे अपना आवास बनाने के लिए ओडिशा के समुद्र तटों की रेत को ही चुनते हैं। सनद रहे कि दुनिया भर में ओलिव रिडले कछुए के घरौंदे महज छह स्थानों पर ही पाए जाते हैं और इनमें से तीन स्थान ओडिशा में हैं। ये कछुए कोस्टारिका में दो व मेक्सिको में एक स्थान पर प्रजनन करते हैं। ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले का गरियामाथा समुद्री तट दुनिया का सबसे बड़ा प्रजनन-आशियाना है। इसके अलावा रूसिक्लया और देवी नदी के समुद्र में मिलनस्थल इन कछुओं के दो अन्य प्रिय स्थल हैं। एक मादा ओलिव रिडले एक बार में करीब डेढ़ सौ अंडे देती है। ये चमत्कारी कछुए हजारों किलोमीटर की यात्रा के बाद समुद्री तटों पर रेत खोदकर अंडे रखने की जगह बनाते हैं। इस प्रक्रिया को 'मास नेस्टिंग या अरिबाडा' कहते हैं। ये अंडे 60 दिनों में टूटते हैं और उनसे छोट-छोटे कछुए निकलते हैं। ये नन्हे जीव रेत पर घिसटते हुए समुद्र में उतर जाते हैं। एक लंबी यात्रा के लिए इस विश्वास के साथ कि वे वंश-वृद्धि के लिए फिर से ठीक इसी स्थान पर आएंगे-30 साल बाद। इस साल ओडिशा के तट पर कछुओं का आगमन कुछ देर से 5 मार्च की रात हुआ। एक रात में ही लगभग 78 हजार मादा कछुओं ने अपने घरौंदे बनाकर अंडे देना शुरू कर दिया। यह क्रम करीब दस दिन चलेगा। बदलते मौसम से तो कछुए परेशान हैं ही, इनको सबसे बड़ा नुकसान मछली पकड़ने वाले ट्रॉलरों से होता है। बीते चार महीनों में ओडिशा के वन विभाग ने 299 मछुआरों को नियम विरुद्ध प्रतिबंधित क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार भी किया। प्रतिबंधों के बावजूद श्रीलंका और थाईलैंड के ट्रॉलर, तो खुलेआम मछलियों के साथ ही कछुओं का शिकार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त 'फेंगशुई' के बढ़ते प्रचलन ने भी कछुओं की शामत ला दी है। बहुत से अध्ययन बता रहे हैं कि ओलिव रिडले की प्रजनन क्षमता और जीवित रह जाने वाले जीवों की संख्या हर साल घट रही है। कछुए पृथ्वी की पारिस्थितिकी के संतुलन में अहम भूमिका निभाते हैं, वैसे भी ओलिव रिडले कछुए प्रकृति की चमत्कारी नियामत हैं। अभी उनका रहस्य अनसुलझा है। मानवीय लापरवाही से यदि इस प्रजाति पर संकट आ गया, तो प्रकृति पर क्या विपदा आ सकती है? इसका किसी को अंदाजा नहीं है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## लैंड फॉर जॉब मामले में लालू, राबड़ी तेजप्रताप पर ईडी का फिर शिकंजा

- सीबीआई ने भी दायर की है चार्जशीट

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले राज्य की सबसे बड़ी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद व उनके परिवार वालों को लैंड फॉर जॉब मामले में एक बार फिर ईडी ने घेरेबंदी शुरू कर दी है। इसके लिए लालू को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का समन जा चुका था। इससे पहले भी इस मामले में उनसे पूछताछ हुई है, उनके परिवार के दूसरे सदस्य भी इस विवाद में फंसे हुए हैं।

इस मामले में केवल ईडी ही जांच नहीं कर रही है, बल्कि सीबीआई ने भी एक चार्जशीट दायर की है। उस चार्जशीट के आधार पर ही कुछ महीने पहले दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद के बेटे तेज प्रताप यादव और बेटी हेमा यादव को समन जारी किया था। मालूम हो कि वर्ष 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद यादव ने काम किया था, उनके उसी कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे थे। ऐसा ही एक आरोप लैंड फॉर जॉब का भी है, जहां पर वर्ष 2004 और वर्ष 2009 के बीच राजद सुप्रीमो के परिवार या सहयोगियों को उपहार के रूप में या उनके नाम पर जमीन ट्रांसफर करने के बदले नियुक्तियां करने का आरोप है। सीबीआई ने इस मामले में वैसे तो तीन अलग-अलग चार्जशीट दायर की हैं। लालू परिवार इस घोटाले को फर्जी मानता है, और पूरी कार्रवाई को ही राजनीति से प्रेरित बताता है। शेष पेज 11 पर

# वर्षों से पॉलिटेक्निक भवन बन कर तैयार, पढ़ाई नहीं हुई शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को झामुमो विधायक जिगा सुसारन होरो ने सिसई में पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई शुरू करने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सिसई में पॉलिटेक्निक कॉलेज का भवन वर्षों से बनकर तैयार है मगर पढ़ाई शुरू नहीं हुई है।

मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि वहां प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति कर दी गई है। एआईसीटीई से मान्यता मिलने के बाद पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में गठबंधन की सरकार है, जबकि केंद्र में विपक्ष की सरकार है। विपक्ष पर भी इसकी जवाबदेही है। राज्य सरकार अपनी तरफ से लगातार इस विषय पर काम कर रही है। केन्द्र सरकार से पत्राचार भी किया गया है। विपक्ष भी इस पर पहल करे और भारत सरकार से बात करे।

## एआईसीटीई एक स्वतंत्र एजेंसी है : बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एआईसीटीई एक स्वतंत्र एजेंसी है। आपने वहां कोई प्रयास ही नहीं किया। पूरे राज्य में पॉलिटेक्निक भवन तैयार है। पूरे राज्य में प्रभारी प्राचार्य से ही काम चल रहा है। गंभीरता से प्रयास करने की जरूरत है। जहां सहयोग की जरूरत होगी वहां करेंगे।

## राज्य में विस्थापन आयोग का जल्द गठन होगा : दीपक बिरूआ

विधानसभा में विधायक रौशनलाल चौधरी, विधायक प्रदीप प्रसाद और विधायक निर्मल महतो ने विस्थापितों का मुद्दा उठाया। विधायक रौशनलाल चौधरी ने कहा कि पीटीपीएस में 60 साल पहले जमीन का अधिग्रहण किया गया लेकिन रैयतों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि गैर मजरूआ जमीन का भी पेमेंट नहीं मिला है। रिक्यूजिशन पॉलिसी होना चाहिए। कमेटी बनाकर निष्पादन होना चाहिए। विधायक निर्मल महतो ने कहा कि मेरी 24 एकड़ रैयती जमीन चली गई। सिर्फ दो लोगों को ही नौकरी मिली। नया मुआवाजा दर लागू किया जाना चाहिए। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है। लिखित शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी। विस्थापितों के लिए जल्द ही विस्थापन आयोग का गठन होगा।

## कुरमाली भाषा को कुड़माली किया जाए : जयराम महतो

विधायक जयराम महतो ने कुरमाली भाषा को कुड़माली करने की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बहुत सी ऐसी भाषाएं हैं, जिसमें बोलचाल, शब्द और लिखावट में बदलाव हो जाता है। कहीं कुड़मी है तो कहीं कुरमी। हमलोग इसका भी आकलन कर सुधार करेंगे। विधायक सुरेश पासवान ने पुनासी डैम से देवघर शहर और किसानों को पानी देने की मांग की।

## मोंटी सिंह पर हत्या का केस दर्ज किया जाए : शत्रुध्न महतो

विधायक शत्रुध्न महतो ने वैज्ञानिक डॉ अभिषेक स्वर्णकार की मौत का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि डॉ अभिषेक की हत्या मोहाली में कर दी गई। मोंटी सिंह पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जा रहा है। इस पर राज्य सरकार पंजाब सरकार से बात करे। मोंटी सिंह पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए।

### गिरिडीह हिंसा का मामला विधानसभा में उठा

## हो हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही की गई स्थगित

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के 12 वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 06 मिनट पर शुरू हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह की घटना और विधि व्यवस्था के सवाल पर बहस करने की मांग की। मरांडी ने कहा कि पुलिसिया कार्रवाई में हिंदुओं को जबरन आरोपी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि होली के समय एक पक्ष के लोग पर्व त्योहार मना रहे थे। उनके हाथ में किसी प्रकार के हथियार नहीं था लेकिन दूसरे पक्ष ने बोतल बम, तलवार ,लाठी-डंडे से हमला किया। इसमें कई लोग घायल हुए हैं। कई दुकानों को आग लगा दिया गया है। इस मामले में सदन में बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले में कुल 80 लोगों को आरोपी बनाया गया है जिसमें 40-40 दोनों समुदाय के लोग हैं। मामले में 22 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। इनमें भी 11-11 दोनों पक्षों से गिरफ्तारी की गई है।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के सवाल पर संसदीय कार्य मंत्री मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि ऐसे मामले में पक्ष और विपक्ष संवेदनशील होते हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन गृह विभाग के अनुदान मांग पर चर्चा होगी, उस दिन इस मसले पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना को लेकर राजनीति करना उचित नहीं है। गिरिडीह घटना को लेकर भाजपा विधायकों ने जोरदार हंगामा किया जिसके बाद दोपहर 12 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

## नए परिसीमन की चर्चा विधानसभा में गूंजी

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** एसटी, एससी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अनुदान मांग पर जवाब देते हुए विभागीय मंत्री चमरा लिंडा ने 2026 में होने वाले परिसीमन का मामला उठा दिया, जिसपर लंबी बहस हुई।

मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि 2002 में केंद्र में भाजपा की सरकार थी। तब परिसीमन के तहत छह आदिवासी सीटें घटाने की तैयारी हो चुकी थी। उस वक्त शिबू सोरेन ने पीएम से मिलकर तर्क पेश किया था. उन्होंने कहा था कि आदिवासी जंगल और पहाड़ में रहते हैं, वहां जनसंख्या नहीं घटी है। उन्होंने बताया कि सिसई और बिशुनपुर में जनसंख्या नहीं घटी है। जनसंख्या बढ़ रही है शहरों में. वहां सीटों की संख्या घटाएं. तब पीएम ने 2008 में अमेंडमेंट कर दिया। इस वजह से झारखंड बच गया, फिर 2026 में बाद परिसीमन आने वाला है, इसको रोकने के लिए विपक्ष का सहयोग जरुरी है।

### खतरे में आदिवासी, एनआरसी जरुरी : बाबूलाल

परिसीमन का मामला उठते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एनआरसी कराना जरुरी है, सरकार को पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 1951 से 2011 के बीच हुए जनगणना के दौरान आखिर आदिवासियों की संख्या क्यों घटी है, दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय की संख्या क्यों बढ़ी है। जाहिर है कि आदिवासी की जनसंख्या घटने पर विधानसभा, लोकसभा की सीटों के साथ-साथ नौकरियों पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीट ना घटे, इसके पक्षधर हम भी हैं। लेकिन जब आबादी ही नहीं रहेगी तो आदिवासी एमएलए कैसे बनेगा। आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है, इसलिए एनआरसी जरुरी है या राज्य सरकार खुद कमेटी बनाकर जांच कराए।

संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के सुझाव पर आपत्ति है। यह चिंता का विषय हो सकता है कि आदिवासी समाज की जनसंख्या घटी है लेकिन मुस्लिम आबादी बढ़ी है, ये चिंता का विषय नहीं होना चाहिए। इस भावना को वापस लिया जाना चाहिए।

### परिसीमन रोकने में सबका मिला साथ : हेमलाल मुर्मू

झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि उस वक्त सोनिया गांधी, प्रणव मुखर्जी और लालकृष्ण आडवाणी ने आदिवासी हित में माना था कि झारखंड में परिसीमन कमीशन ना भेजा जाए. क्योंकि सीटें घटने से आदिवासी संस्कृति प्रभावित होती। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि डिलिमिटेशन को झारखंड में लागू होने से रोकने के लिए पहल करना चाहिए।

### आरक्षण पर चला सवाल-जवाब का दौर

परिसीमन पर बहस के दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण था। लेकिन उनके कार्यकाल में यहां आरक्षण 14 प्रतिशत हो गया. वहीं कई जिलों में ओबीसी आरक्षण शून्य हो गया। जब 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है तो किस आधार पर नेता प्रतिपक्ष कह रहे हैं कि आदिवासियों की आबादी घटी है।
मंत्री चमरा लिंडा कह रहे हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी नहीं घटी है, सिर्फ शहरों में आबादी कैसे घटी। कौन लोग रांची, जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद और हजारीबाग में बाहर से आ गये, वैसे लोगों ने झारखंड की डेमोग्राफी बिगाड़ी है।

इसपर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एकीकृत बिहार में आदिवासी को 26 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिलता था। राज्य विभाजन के बाद आरक्षण की व्यवस्था का बदलना था, एससी को 10 प्रतिशत आरक्षण मिला। चूकि 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण नहीं मिल सकता था, इसलिए ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण मिला। फिर भी 73 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया था। ओबीसी को 27 प्रतिशत देने की पैरवी की थी लेकिन कोर्ट में मामला गिर गया। ये सारी बातें फाइल में मौजूद हैं। जिन जिलों में आरक्षण शून्य है वहां 1991 से व्यवस्था लागू है। इसलिए इस तरह का आरोप लगाना कि मेरे शासनकाल में ओबीसी का आरक्षण घटा है, यह सही नहीं है।

इस बीच ध्वनिमत से एसटी, एससी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अनुदान मांग पारित हो गई। इससे पहले मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि कहां लिखा है जनसंख्या घटने से आदिवासियों की सीट घेटेगी,आदिवासी समाज अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। अब मांदर की धुन बहुत कम सुनाई देती है, इसलिए सभी आदिवासी बहुल गांवों के लिए मांदर और नगाड़ा वितरित किया जाएगा।

## छूट गईं 18 लाख मंईयां को कैबिनेट स्वीकृति के बाद मिलेगी सम्मान राशि

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के बजट पर लाए कटौती प्रस्ताव पर कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने स्वीकारा है कि मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 लाख लाभुकों को सम्मान राशि नहीं मिली है। इसका कारण उनके बैंक खाते का आधार लिंक नहीं होना है। कैबिनेट की स्वीकृति बाद राशि भेजी जाएगी। विभाग की उपलब्धि बताते हुए उन्होंने कहा है कि अभी तक हॉस्टल में रहने वाले बच्चों को खुद चावल और सब्जी लाने पड़ते थे। राज्य सरकार ने इसे बदल दिया है। पोषण योजना के तहत सभी हॉस्टल में रहने वाले बच्चों के लिए 3000 रुपये का मुफ्त खाना मेनू के हिसाब से मिलेगा। हॉस्टल में कूक, सफाई कर्मी, लाइब्रेरियन की सुविधा मिलेगी। इसका टेंडर पूरा कर लिया गया है। बजट में कटौती के विपक्ष के उठाए सवाल पर मंत्री ने बताया है कि केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति की छात्रवृत्ति को सीधे ले लिया है, इस कारण कल्याण विभाग के बजट में 150 करोड़ या उससे अधिक की कटौती हुई है। पिछड़ी जाति आरक्षण पर जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री से इस संदर्भ में बात की। बातचीत के बाद ओबीसी का आरक्षण 27 और जनजाति का 28 प्रतिशत करने की मांग मानी गई। ओबीसी वर्ग के लिए छात्रवृत्ति की प्रक्रिया भी जल्द पूरी की जाएगी।

## एटीएस डीएसपी को मुख्यमंत्री ने किया निलंबित




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एटीएस के तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार को निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उनके आचरण तथा कृत्यों से पुलिस की गरिमा तथा छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिस वजह से उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश मुख्यमंत्री ने दिया है।

## मंत्री चमरा लिंडा व हफीजुल हसन ने मुख्यमंत्री को मांदर भेंट किया



**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजटीय उपबंध एवं कार्ययोजना पर विस में मंगलवार को चर्चा से पूर्व मंत्री चमरा लिंडा एवं मंत्री हफीजूल हसन ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात। इस अवसर पर उन्होंने सीएम को पारंपरिक वाद्य यंत्र 'मांदर' सप्रेम भेंट किया। मंत्री चमरा लिंडा ने सदन में कहा कि मांदर में मेलोडियस सांग आता है। सभी विधायक ये बताएं कि कितने मांदर की जरूरत है, उन्हें मांदर प्रदान किया जाएगा। इसके लिए 10 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है।

## भाजपा ही सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी पार्टी : कर्मवीर

### झामुमो-कांग्रेस छोड़ लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को नागेश्वर पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में झामुमो कांग्रेस छोड़ लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश सदस्यता प्रभारी एवं उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने उपस्थित लोगों को ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कराई। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो भारत के सर्वांगीण विकास केलिए समर्पित है। राष्ट्र प्रथम के भाव से भाजपा कार्यकर्ता भारत को विकसित भारत बनाने में लगे है। कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत की सोच साकार हो रही। भाजपा ही अंत्योदय के साथ विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना चाहती है। कहा कि भाजपा जाति क्षेत्र को राजनीति से ऊपर उठकर सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी पार्टी है। भाजपा सबका साथ सबका विकास पर आगे बढ़ रही। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि भाजपा देश की नहीं विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है जिसका कार्यकर्ता बनने का सौभाग्य हम सभी को मिला है। उन्होंने सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, आरती कुजूर, राफिया नाज, अनिल टाइगर आदि उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने प्रधानमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। वहीं राज्य के विकास व विधि-व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल ने राज भवन द्वारा प्रकाशित 'राज भवन पत्रिका' की प्रति प्रधानमंत्री को भेंट की। विदित हो कि यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक राज भवन की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

## झामुमो लगातार मजबूती की ओर : विनोद कुमार पांडेय



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के समक्ष चतरा जिला अंतर्गत बचरा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता बबलू सागर मुंडा के नेतृत्व मे सैकड़ों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के द्वारा सभी सभीसदस्यों को अंगवस्त्र देकर पार्टी में शामिल कराया। सदस्यता लेने वालों मे बबलू सागर मुंडा, सुनील मुंडा, अनिल उरांव, अनीश, रतन महतो, रविन्द्र साव, दिनेश महतो, निखिल, राजा सिंह, उपेंद्र कुमार, बादल, सूरज, मुंशी महतो, संजय डे, मुरारी सिंह, अश्विनी सागर, विकास, मुकेश साहू, मनीष, अभय, सोनू, रोबिन मिंज, संतोष सिंह मुकेश झा, दीपक महतो विक्रांत मुंडा आदि शामिल हैं। इस अवसर पर केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा, रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा झामुमो परिवार लगातार मजबूत हो रहा है।

## मार्च लूट की ओर बढ़ रही सरकार : प्रतुल

नवीन मेल संवाददाता



*विकास योजनाओं में सरकार का डिलीवरी मेकैनिज्म फिसड्डी साबित हो रहा*

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रदेश की हेमंत सरकार चुप चाप मार्च लूट की ओर बढ़ रही है। प्रतुल ने कहा कि 2024 - 25 के बजट में जनवरी तक बजट की राशि का सिर्फ 60% हिस्सा खर्च हुआ था। यानी 2 महीने में 40% राशि खर्च होने की तैयारी है। जबकि नियमों और परंपराओं के अनुसार मार्च में अधिकतम सिर्फ 15% राशि की निकासी हो सकती है। प्रतुल ने कहा कि सबसे अफसोस जनक स्थिति विकास से जुड़े विभागों की है जहां बड़ी संख्या में राशि अभी तक खर्च नहीं हुई। इसके बंदरबांट की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। प्रतुल ने कहा कि पहले से जल जीवन मिशन में फिसड्डी चल रही हेमंत सरकार ने मौजूदा बजट में तो सारी सीमाएं पार कर दी है। फरवरी तक पेयजल विभाग ने योजना और विकास की सिर्फ 10% राशि ही खर्च की है। 4500 करोड़ रुपयों के विभाग के बजट के तुलना में फरवरी तक सिर्फ 438 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। ऐसी स्थिति में कई पेयजल योजनाएं अटक गए हैं। जल जीवन मिशन के लिए केंद्र सरकार झारखंड सरकार को बहुत बार नसीहत दे चुकी है। अभी भी झारखंड के लगभग लाख घरों में नल से जल नहीं पहुंच पाया है। प्रतुल ने कहा पेयजल विभाग में फरवरी तक सिर्फ 10% राशि का खर्च होना एक आपराधिक मामला है। आम जनों को राहत देने वाले विभाग में इस तरह के लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं हो सकती। अब या तो विभाग में बड़े पैमाने पर सिर्फ मार्च में 90% राशि का खर्च दिखा के लूट करने की तैयारी है या पैसा सरेंडर हो जाएगा। दोनों स्थिति प्रदेश की जनता के लिए विकट है।


**हर घर में नल योजना में राष्ट्रीय औसत से पीछे है झारखंड :** प्रतुल ने कहा कि झारखंड में 62,55,717 घर है। अभी तक सिर्फ 34,19,100 में नल से जल पहुंचा है। जहां इस योजना का राष्ट्रीय औसत 79.79% है।वही झारखंड में इसका औसत सिर्फ 54.66% है। यानि राष्ट्रीय औसत से झारखंड 25% पीछे चल रहा है। राज्य के आज भी 45% घरों में नल से जल नहीं जाता है। प्रतुल ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में इस योजना की स्थिति शर्मसार करने वाली है। अब तक 10 महीना में सिर्फ 1,89,845 घरों में नल से जल पहुंचा है। राज्य सरकार के द्वारा केंद्र से मिले पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं देने के कारण योजना पर ग्रहण लग गया है। प्रतुल ने कहा राज्य सरकार को कड़े कदम उठा कर मार्च में वित्तीय नियम और कानून का कड़ाई से पालन कराया जाए और किसी तरीके से भी सरकार की राशि की बंदरबांट ना हो।हालांकि प्रतुल ने ये भी कहा कि जिस सरकार में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया हो,उससे ऐसी उम्मीद करना बेमानी है। फिर भी भाजपा इस पूरे प्रकरण पर कड़ी नजर रखेगी।

## न्यूज बॉक्स

### जेपीएससी नियुक्ति घोटाला : राम नारायण सिंह को झटका, जमानत याचिका खारिज

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 18 मार्च को जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के आरोपी रांची के एसी राम नारायण सिंह को अग्रिम राहत देने से इंकार किया है। उनकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई की उनका चयन गलत तरीके से हुआ है। जबकि बचाव ने कहा कि चार्जशीटेड आरोपी नहीं है। इसे अग्रिम राहत दिया जाए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। उन्होंने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए 27 फरवरी को याचिका दाखिल की थी। इसी मामले में आरोपी रांची के एडीएम विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक की याचिका भी पूर्व में खारिज हो चुकी है। मामले में अब तक अदालत ने 30 आरोपियों को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

### मजरुल हसन खान की 53वीं शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि



**रांची।** शहीद मजरुल हसन खान की 53वीं शहादत दिवस पर उन्हें याद किया गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय के सभागार में शहीद मजरुल हसन खान की 53वीं शहादत दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वे महाजनी जुल्म के आंदोलन के महानायक थे और देश में पहली राजनैतिक हत्या के शिकार हुए थे। शहीद खान जेल में रहकर चुनाव जीते, पार्टी ने उन्हें जरीडीह विधानसभा एवं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया था। एक जगह को छोड़कर दूसरे जगह रामगढ़ में उन्होंने जो हासिल की, लेकिन शपथ लेने से पहले ही दुश्मनों ने उनकी हत्या कर दी। तब से लेकर अब तक लगातार पूरे राज्य में शहादत दिवस मनाया जा रहा है, उनकी याद में पार्टी ने कई जिलों में मंजूर भवन के नाम से कार्यालय का निर्माण कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य जैनेंद्र कुमार भंते, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, एटक के राज्य माहासचिव अशोक यादव, युवा नेता संतोष कुमार रजक, कैमरून निशा, आरती कुमारी, किरण कुमारी, इसाक अंसारी, अनिरुल्लाह अंसारी, आदिल खान शहीद के अलावा कई लोग मौजूद थे।


### हत्या के आरोपी को कोर्ट ने जमानत देने से किया इंकार

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त की अदालत ने बच्चे का अपहरण कर उसकी हत्या करने के आरोप में जेल में बंद आरोपी जगदीश मुंडा को जमानत देने से इंकार किया है। इस आरोप में वह 11 जुलाई 2024 से जेल में है। उस पर बुढ़मू थाना क्षेत्र निवासी सोमनाथ महतो के भतीजे का अपहरण कर उसकी हत्या करने और उसकी लाश को जिकरा फॉल के पास एक नाले में फेंक देने का आरोप है। घटना को लेकर सोमनाथ महतो ने बुड़मू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोपी की जमानत याचिका तीसरी बार अदालत ने खारिज कर दी है।

### घोड़थंबा हिंसा रोकने में सरकार असफल : सौमेन दत्ता

**रांची।** जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश प्रवक्ता सौमेन दत्ता ने झारखंड के घोड़थंबा बाजार में हुई सांप्रदायिक हिंसा पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह घटना दिखाती है कि सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। हिंसा की चेतावनी के बावजूद सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। राज्य सरकार की विफलता, खासकर सांप्रदायिक माहौल को बढ़ावा देने वाली नीतियों ने झारखंड को असुरक्षित बना दिया है। श्री दत्ता ने सरकार से घोड़थंबा हिंसा की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# शंकराचार्य के रांची आगमन पर हुआ भव्य अभिनंदन व स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज के तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। राउरकेला से सड़क मार्ग से शाम 5 बजे बिरसा चौक पहुंचने पर शंकराचार्य अभिनंदन समारोह समिति के सदस्यों ने भव्य अभिनंदन और स्वागत किया। तत्पश्चात काफिले व भगवा ध्वज के साथ अरगोड़ा चौक, सहजानंद चौक, हरमू रोड होते हुए महाराजा अग्रसेन भवन में पहुंचे। शंकराचार्य जी के स्वागत में शहर के विभिन्न मार्गों पर तोरण द्वार, बैनर, एवं होर्डिंग लगाए गए थे। शंकराचार्य जी का रांची आगमन पहली बार हुआ है। अग्रसेन भवन में समिति के मुख्य संयोजक विनय सरावगी एवं सभी संयोजक मंडली सदस्यों द्वारा शंकराचार्य जी को माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ा कर अभिनंदन एवं स्वागत किया। इसके बाद शंकराचार्य महाराज के चरण पादुका का पूजन मुख्य यजमान विजय हरलालका 'छोटू' सपत्नीक व परिवार द्वारा पूरे विधि- विधान से किया। शंकराचार्य ने सभी उपस्थित धर्म प्रेमियों को आशीर्वचन एवं प्रसाद दिया। शंकराचार्य श्री सदानंद सरस्वती महाराज महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिनों तक प्रवास करेंगे। विनय सरावगी ने बताया कि 20 मार्च को शंकराचार्य का मारवाड़ी भवन में रांची नगर के प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के द्वारा नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। शंकराचार्य का धर्म सभा एवं प्रवचन का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात सभी धर्म प्रेमियों को शंकराचार्य जी आशीर्वचन देंगे। उक्त जानकारी समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी। उन्होंने बताया कि बिरसा चौक एवं अग्रसेन भवन में शंकराचार्य जी को अभिनंदन एवं स्वागत करने वालों में-विनय सरावगी, बसंत मित्तल, रवि शंकर शर्मा, ललित कुमार पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, ललित नारायण ओझा, नंदकिशोर चंदेल, मनोज बजाज, प्रमोद शाश्वत, संजय जयसवाल, विनोद कुमार जैन,मनोज चौधरी, पवन शर्मा, पवन पोद्दार, प्रमोद अग्रवाल, अशोक पुरोहित, संजय सर्राफ, अनिल कुमार अग्रवाल, सत्यजीत सिंह अमिताभ धीरज, सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

## एक नजर

### बीओआई आर्म्ड गार्ड को दिया गया प्रशिक्षण



**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ आर्म्ड गार्डस का वित्तीय वर्ष 2024-25 का दो दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक मनोज कुमार उपस्थित थे। यह कार्यक्रम 18 मार्च और 19 मार्च को आयोजित किया जाएगा। 18 मार्च को केस स्टडी और सुरक्षा उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई। वहीं 19 मार्च को खेलगांव स्थित रेंज नंबर 2 में बैंक के गन से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कुल 66 स्टाफ आर्म्ड गार्डस ने हिस्सा लिया। एफजीएमओ रांची के सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश, हजारीबाग अंचल के सुरक्षा अधिकारी अनिल लकरा, जमशेदपुर अंचल के सुरक्षा अधिकारी संजय पांडेय तथा मुन्ना लाल उपस्थिति थे।

चर्च प्रतिनिधियों ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

## स्टीफन चर्च में लगे धार्मिक चिंह्र तोड़े जाने की शिकायत



- **सीएनआई चर्च छोटानागपुर डायसिस के बिशप ने भी भेजा पत्र**
- **हजारीबाग सदर सीओ पर धार्मिक चिंह्र को तोड़े जाने की गई है शिकायत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (डायसिस ऑफ छोटानागपुर) के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सूबे के मंत्रियों से विधानसभा में मुलाकात की। इस दौरान छोटानागपुर डायसिस के बिशप बीबी बास्के द्वारा लिखित ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसमें हजारीबाग के संत स्टीफन चर्च परिसर में सदर सीओ द्वारा ईसाई के धार्मिक चिंह्र को लात मारने व क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की गई। सौंपे पत्र में कहा गया कि 14 मार्च को सीओ बिना अनुमति के चर्च परिसर में आए और हमारे धार्मिक चिंह्र को पैर से मारकर तोड़ दिया और अनादर पूर्वक धार्मिक चिंह्र को उठाकर ले गए। ज्ञापन में कहा गया कि चर्च परिसर समीप बने प्रार्थना स्थल में कई वर्षो से धार्मिक चिंह्र स्थापित है और जिसका सुंदरीकरण व नवीकरण विगत लेंटकाल में किया गया।

उक्त जमीन पर 180 वर्षो से चर्च का दखल है और उस जमीन को सरकारी स्तर से हथियाने का प्रयास हो रहा है। जबकि इस जमीन का उपयोग चर्च कलीसिया के विश्वासी किसी धार्मिक समारोह में वाहनों की पार्किंग के रूप में करते आ रहे थे। एक सरकारी पदाधिकारी के द्वारा इस तरह कृत्य से मसीही समाज में रोष है। ज्ञापन में कहा गया कि उक्त जमीन कैसर हिंद की जमीन हैं, इसलिए विगत आठ अप्रैल 2024 को भी संत स्टीफन चर्च हजारीबाग पास्तेरेत कमेटी ने अपर समाहर्ता सदर हजारीबाग को पत्र लिखकर सीएनआई चर्च हजारीबाग के नाम से बंदोबस्त करने का अनुरोध भी किया था। सौंपे गए ज्ञापन में चर्च कमेटी ने अपने दावे से संबंधित दस्तावेज व साक्ष्य भी सीएम सहित अन्य मंत्रियों को उपलब्ध कराया हैं।

# बिपिन मिश्रा पर हुई गोलीबारी में शामिल छह आरोपी गिरफ्तार



- **आरोपियों ने गोलीबारी में निभाई थी अलग अलग तरीके से भूमिका**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के बरियातू में 7 मार्च की सुबह कोयला कारोबारी बिपिन कुमार मिश्रा पर अपराधियों ने गोलीबारी की थी। इस घटना में बिपिन कुमार मिश्रा घायल हो गए थे। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने इस घटना में शामिल प्रेम पांडेय समेत छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में प्रेम प्रकाश पांडेय, रहमान अंसारी, करण कुमार उरांव, अविनाश कुमार ठाकुर, शोभित सिंह और विशाल मुंडा शामिल हैं। इनके पास से भिन्न भिन्न प्रकार के चार पिस्टल और 26 गोलियों के साथ एक बाइक बरामद की गई है। गिरफ्तारी के दौरान प्रेम पांडेय और रहमान अंसारी भागने की कोशिश में पुलिस की गाड़ी से कूद गए, जिससे दोनों के पैर और अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

**जेल में रह कर रची गई थी साजिश**

रायपुर जेल में बंद रहने के दौरान गैंगस्टर अमन साहू, के कहने पर इस घटना को अंजाम दिया गया था। एसएसपी ने कहा- प्रेम पांडेय के जरिए इस घटना को अंजाम दिलवाया गया। घटना को अंजाम देने के लिए जेल में बंद आकाश राय उर्फ मोनू ने प्रेम पांडेय को हथियार उपलब्ध कराया था।

इसके बाद प्रेम पांडेय ने बक्सर से आए शूटर अविनाश ठाकुर और शोभित सिंह को शामिल किया। घटना को अंजाम देने के लिए वाहन का इंतजाम करण के द्वारा किया गया, जबकि चालक के रूप में रहमान को लगाया गया। वहीं, विशाल मुंडा को घटना के पूर्व बिपिन कुमार मिश्रा का रेकी करने के लिए को तैनात किया गया था।

### विकास तिवारी के गैंग के लिए काम करता था प्रेम

प्रेम पहले विकास तिवारी के गिरोह में काम करता था। उसके चचेरे भाई भरत पांडेय को जनवरी 2025 में पलामु चैनपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसकी जिम्मेदारी विकास तिवारी ने ली थी। इसके पहले उनके चाचा अशोक पांडेय की हत्या भी 2022 में विकास तिवारी ने करवा दी थी।

गैंग के वर्चस्व के कारण ये हत्याएं हुई थीं। जब वे रामगढ़ जेल में थे, तो अमन साहू ने उनसे संपर्क किया और मोनू राय उर्फ आकाश राय के माध्यम से सिग्नल एप से बात की और कहा कि मेरे गैंग में आ जाओ, मेरा काम करोगे तो सुरक्षित रहोगे। विकास तिवारी से लड़ाई के कारण वो अमन साहू के गैंग में शामिल हो गया और जेल से काम करने लगा। अमन साहू के कहने पर 28 फरवरी को शहीद चौक रांची में मोनू राय के आदमी ने दो लाख रुपये भिजवाया, जिसे करण से प्राप्त किया गया। इसके बाद बिपिन मिश्रा को गोली मारने की साजिश रची गई। साजिश रचते वक्त विशाल और विक्की ने गोली मारने से इंकार कर दिया जिसके बाद अविनाश और मकसूदन ने रजामंदी दी। सभी ने मिलकर बिपिन मिश्र के घर से रेकी करना शुरू किया।

### कार पर हुई थी गोलीबारी, बिपिन मिश्रा को दो गोली लगी थी

बरियातू में 7 मार्च को बिपिन मिश्रा पर गोलीबारी की घटना हुई थी। एक बाइक पर सवार होकर आए तीन अपराधियों ने बिपिन मिश्रा की कार पर गोलीबारी की थी। गोलीबारी में बिपिन मिश्रा को दो गोलियां लगी थीं। बिपिन मिश्रा के निजी और सरकारी बॉडीगार्ड ने जब अपराधियों पर जवाबी फायरिंग की, तो वे फरार हो गए थे। फायरिंग के बाद अमन साहू के गैंग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर घटना की जिम्मेदारी ली थी। इसी मामले के बारे में पूछताछ के लिए अमन साहू को 11 मार्च को छत्तीसगढ़ से रांची लाने के दौरान अमन साहू एनकाउंटर में मारा गया।

## सीयूजे में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन



- **देश-विदेश के ख्याति प्राप्त विद्वान और विशेषज्ञ हो रहे हैं शामिल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) में गणित और सांख्यिकी विभाग द्वारा डेटा साइंस के युग में गणित और सांख्यिकी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन 18 से 20 मार्च तक आयोजित हो रहा है, जिसमें देश-विदेश के ख्याति प्राप्त विद्वान और विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का शुभारंभ कुलपति प्रो. क्षितिभूषण दास ने आमंत्रित विशेषज्ञों के साथ किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. केबी पांडा ने सम्मेलन के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रो. आलोक चतुर्वेदी (पड्र्यू यूनिवर्सिटी, अमेरिका) ने गणित और डेटा साइंस में नवीनतम शोध और संभावनाओं पर चर्चा की। विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार सिन्हा (केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार) सहित अन्य आमंत्रित अतिथियों ने सम्मेलन की उपयोगिता को रेखांकित किया। यह सम्मेलन गणित, सांख्यिकी और डेटा विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम शोध और उनके अनुप्रयोगों को साझा करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान कर रहा है। इसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के विशेषज्ञों ने अपने अनुभव और विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान डेटा विज्ञान में क्वांटम भौतिकी के अनुप्रयोग, निर्णय सिद्धांत और आधुनिक गणितीय मॉडलिंग पर विशेषज्ञों के व्याख्यान हुए। यह सम्मेलन डेटा विज्ञान में गणित और सांख्यिकी की भूमिका को समझने और इस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रहा है।

## चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता राजेश्वर की सजा बरकरार

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के आर्यपुरी रातू रोड निवासी राजेश्वर दयाल की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने अपीलकर्ता की याचिका को खारिज करते हुए उसकी सजा की पुष्टि कर दी है। राजेश्वर दयाल को न्यायिक दंडाधिकारी अमित गुप्ता की अदालत ने 5 साल पुराने मामले में दोषी पाकर बीते 17 दिसंबर को एक साल की सजा और 15.95 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया था। जेएम कोर्ट से सुनाई गई सजा को चुनौती देते हुए सजायाफ्ता ने न्यायायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई के पश्चात अदालत ने सजा को बरकरार रखा और अपील को खारिज कर दी। अपीलकर्ता ने कोतवाली थाना क्षेत्र के रेडियम रोड निवासी वेद प्रकाश साहू की पत्नी ममता साहू से 11 लाख रुपए दोस्ताना लोन लिया था। बदले में उतनी ही राशि का दो चेक दिया था। जो बाउंस कर गया था।

## 145 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा हुआ पाठ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 145 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जय जय जय हनुमान गोसाई कृपा करो गुरुदेव की नाही के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। रंजन अग्रवाल आशा अग्रवाल ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित की । यजमान ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया ।

श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत व ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक, ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा, श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा, मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवं रंजन अग्रवाल, आशा अग्रवाल, राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवन ढानढनिया सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति ने निकाली मंगलवारी शोभायात्रा

**रांची।** प्रथम मंगलवारी कों श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति तत्वावधान ने धूमधाम से झंडा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा निकालने से पूर्व चैती दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर 101 किलो लड्डू का भोग लगाया गया।

### आज / कल




हुटुप गौशाला धाम में श्री राम कथा महायज्ञ का दूसरा दिन

## ईश्वर के प्रति सच्चे प्रेम से कठिन राह पर भी सुख और शांति प्राप्त होगी : संगीता




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के हुटुप गौशाला धाम में चल रहे नौ दिवसीय श्री राम कथा महायज्ञ के दूसरे दिन कथा वाचक संगीता किशोरी ने श्रद्धालुओं को श्री शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि शिव पार्वती का विवाह केवल एक सांसारिक मिलन नहीं था, बल्कि यह एक आध्यात्मिक संबंध का प्रतीक है, जो भक्तों को सच्चे प्रेम, समर्पण और भक्ति का मार्ग दिखाता है। कथा में उन्होंने विस्तार से वर्णन किया कि कैसे भगवान शिव, जो संन्यासियों के परम प्रतीक माने जाते हैं, ने माता पार्वती से विवाह करके संसारिकता का पालन किया, जबकि पार्वती जी ने अपने कठिन तपस्या और भक्ति से भगवान शिव को प्रसन्न किया। कथा में विशेष रूप से यह बात कही गई कि शिव और पार्वती का विवाह एक ओर जहां संसारिक जीवन की नश्वरता और त्याग का संदेश देता है। वहीं दूसरी ओर यह एक आदर्श प्रस्तुत करता है कि सच्चे प्रेम और विश्वास से कोई भी बाधा पार की जा सकती है। संगीता किशोरी ने बताया कि शिव पार्वती के विवाह से यह सिखने को मिलता है कि अगर मनुष्य अपने जीवन में ईश्वर के प्रति सच्चे प्रेम और श्रद्धा से जुड़ा रहे, तो उसे जीवन के कठिन रास्तों पर भी सुख और शांति प्राप्त होती है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के हर एक प्रसंग को बड़े ध्यान और श्रद्धा से सुना। मौके पर मुख्य रूप से कार्यक्रम के संयोजक बासुदेव भाला एवं मुकेश काबरा, बनवारी भाला अशोक सोढ़ानी, किशन साबू, नरेंद्र लखोटिया, उदय शर्मा कपिल भाला, सहित बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ो महिलाएं पुरुष उपस्थित थे। यह जानकारी कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी। बुधवार को तीसरे दिन श्री राम जन्मोत्सव पर कथा होगा।



## एक नजर

### सलीमा टेटे ने पीएम के साथ की भोजन

**रांची।** हॉकी सीनियर महिला टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधान मंत्री क्रिस्टोफर मार्क लक्सन के साथ एक औपचारिक मुलाकात की। वहीं दोपहर का भोजन साथ में किया।

### बूटी सीए (ए) 17 रनों से जीत दर्ज की

**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में बूटी सीए (ए) बनाम आरसीए ऑरेंज के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बूटी सीए (ए) की टीम ने 28.2 ओवर में 10 विकेट पर 159 रन बनाया। यशराज ने 45, शिवांश ने 27, प्रतीक ने 16 व संकल्प ने 17 रन बनाया। आरिफ ने 2 विकेट लेकर 36 रन, शौर्य ने 3 विकेट लेकर 27 रन, हर्ष थापा ने 2 विकेट लेकर 35 रन व एमडी वाइल्डन ने 2 विकेट लेकर 23 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी आरसीए (ऑरेंज) की टीम ने 29.2 ओवर में 10 ओवर में 142 रन बनाया। अभीक ने 30, आरिफ ने 19 व शौर्य-10 रन बनाया। गेंदबाजी करने उतरे संकल्प ने 3 विकेट लेकर 23 रन व रौनक ने 2 विकेट लेकर 14 रन दिया। बूटी सीए (ए) 17 रनों से जीत दर्ज की।

### आरके मिशन फीडर से आज पांच घंटे बंद रहेगी बिजली

**रांची।** 11 केवी आरके मिशन फीडर से बुधवार सुबह 10 से शाम तीन बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान एबी बंच केबल लगाने, पेड़ की डाली काटने का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा मरम्मत कार्य भी होगा। इसके चलते रानी बगान, बैंक कॉलोनी, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी सहित अन्य इलाके प्रभावित रहेंगे।

### महिला का अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार



**खूंटी।** महिला से अवैध संबंध बनाकर उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोपित मनोज कुमार मंडल को अड़की थाना की पुलिस ने मंगलवार को अड़की थाना क्षेत्र के सिंदरी गांव से गिरफ्तार कर लिया। अरोपित मूल रूप से बिहार के लखीसराय जिले के संसारपोखर निवासी हरि मंडल का बेटा है। मनोज कुमार मंडल के खिलाफ पीड़िता ने आठ मार्च को अड़की थाने में मामला दर्ज कराया था। आरोपित को गिरफ्तार बरने वाली टीम में खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक किशुन दास, अड़की के थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी, पुलिस अवर निरीक्षक रौशन खाखा, पुलिस अवर निरीक्षक कुदंन कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

देवघर के इंडियन ऑयल डिपो में लगी भीषण आग

# काफी मशक्कत के बाद पाया गया काबू




**नवीन मेल संवाददाता। देवघर** जिले के जसीडीह स्थित इंडियन ऑयल के डिपो में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक है थी कि इसकी लपटों ने पूरे इंडियन ऑयल डिपो के कैंपस को अपनी जद में लिया है। आग की स्थिति भयावह को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने आसपास के गांव को खाली करवाने में जुट गईं। इसके अलावा पूरे इलाके को चारों तरफ से घेर दिया गया। इंडियन ऑयल डिपो के आसपास स्थित गांव के लोगों को प्रशासन ने किसी तरह सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। हालांकि आग लगने की वजहों का पता नहीं चल पाया है। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाने के बाद स्थानीय पुलिस की टीम ये पता करने की कोशिश कर रही है कि आग कैसे लगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार को सुबह से ही पछुवा हवा चल रही है। जिस वजह से आग की लपटे और भी तेज हो गईं और जल्द ही पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। डिपो में आग की घटना के बारे में स्थानीय लोगों को जैसे ही पता चला लोग अपने-अपने घरों को छोड़कर खुले मैदान में चले गए। इसके साथ ही आग बुझने का इंतजार करने लगे। कई घंटे की कड़ी मेहनत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

## खराब चापानल की मरम्मती का कार्य जारी

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर रांची जिला के ग्रामीण क्षेत्र में खराब पड़े चापानलों की मरम्मती का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को मांडर प्रखंड में खराब पड़े चापानल की मरम्मती की गई। चापानल की मरम्मती के बाद ग्रामीण खुश दिखे, बसंत पाहन ने कहा कि चापानल के बन जाने से गर्मी में गांव वालों को राहत मिलेगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने गर्मी में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े इसे लेकर जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े चापानलों की जल्द से जल्द मरम्मती के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त द्वारा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पूर्वी एवं पश्चिमी को इस संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिया गया है। साथ ही शहरी क्षेत्र में पानी टैंकर से प्रभावित इलाकों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश भी उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा दिया गया है। जिला के सभी पंचायत के मुखिया से खराब पड़े चापानलों की सूची भी मांगी गई है ताकि खराब पड़े चापानलों मरम्मती ससमय कराई जा सके ताकि लोगों को गर्मी में पेयजल की समस्या न करना हो।

## 65 स्थलों पर टैंकरों से निशुल्क जलापूर्ति करेगा नगर निगम

**रांची।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत मुहल्लेवासियों से प्राप्त अनुरोध के आलोक में टैंकर से निःशुल्क जलापूर्ति की जाङ्ग रही है। मंगलवार को 65 स्थलों पर टैंकरों से निःशुल्क जलापूर्ति की गई है। वहीं पेयजलापूर्ति समस्या एवं शिकायत के त्वरित निष्पादन के लिए रॉची नगर निगम के नियंत्रण कक्ष का निर्माण किया गया है जिसका दूरभाष संख्या 18005701235 एवं 9431104429 है।

## जामा मस्जिद खलारी में नमाज ए तरावीह का समापन



**खलारी।** खलारी के जामा मस्जिद में रमजान को लेकर चल रहे नमाज ए तरावीह का समापन किया गया। खलारी जामा मस्जिद के इमाम हाफिज नेहाल अख्तर द्वारा मुकम्मल तरावीह पढ़ाई गई। विगत एक मार्च की रात को रमजान का चांद दिखने के साथ ही जामा मस्जिद में नमाजे तरावीह की शुरूआत की गई थी। तरावीह मुकम्मल के दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद थे। जामा मस्जिद में एसीसी कालोनी, जी टाइप, इराक मोहल्ला, महावीर नगर, मस्जिद मोहल्ला के लोगों के लिए प्रत्येक वर्ष तरावीह की नमाज पढ़ी जाती है। तरावीह के समापन पर मिलाद उन नबी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रमजान महीने में तरावीह की नमाज की विशेषता पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर नात शरीफ व तकरीर भी पेश किए गए। अंत में क्षेत्र एवं राज्य की अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर गुलाम रसूल अंसारी, सेक्रेट्री फैयाजुद्दीन सिद्दीकी, कैशियर साबिर अंसारी, अब्दुल मनान व मो जाकिर अंसारी के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पुलिस की हाईवे पेट्रोलिंग गाड़ी नहीं चलने से क्षेत्र में परेशानी

**सिल्ली।** सिल्ली आसपास के क्षेत्र में पुलिस की हाईवे पेट्रोलिंग गाड़ी नहीं चलने से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले कि विगत लगभग दो महीना से हाईवे पेट्रोलिंग गाड़ी खराब होने की वजह से गैरेज में है और सड़क पर मूवमेंट बंद है। इस संदर्भ में ग्रामीण बताते हैं कि हाईवे पेट्रोलिंग गाड़ी के चलने से कहीं भी सड़क दुर्घटना की खबर मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग गाड़ी तुरंत पहुंच जाती थी जिससे घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचने में काफी मदद मिलती थी और बहुत लोगों की जान भी बच चुकी है साथ ही सड़क पर पेट्रोलिंग होने से असमाजिक तत्व भी किसी घटना को अंजाम देने से भयभीत होते थे।

# मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने किया 50 हजार रूपए का आर्थिक मदद



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी कोयलांचल के मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने पुरनाडीह कुटकी निवासी विसुन महतो के परिवार को पचास हजार रूपए का आर्थिक मदद दिया है। कुछ दिन पूर्व एनके एरिया की पुरनाडीह परियोजना में छोटे वाहन के चपेट में आने से कुटकी निवासी विसुन महतो की मृत्यु हो गई थी। अब्दुल्ला अंसारी ने मृतक के घर जाकर परिवार वालों से मिले तथा संवेदना व्यक्त करते हुए ढाढस बंधाया। विसुन महतो की दो बेटी और एक बेटा है। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए अब्दुल्ला अंसारी ने विशुन महतो की विधवा को क्षेत्र में काम कर रही निजी कंपनी में रोजगार दिलाने का भरोसा भी दिलाया, ताकि आश्रित परिवार का भरण पोषण हो सके। मालूम हो कि अब्दुल्ला अंसारी लंबे समय से खलारी कोयलांचल में जरूरतमंद, बीमार, मृतक के आश्रितों की मदद करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। कहा कि वे आगे भी जरूरतमंद गरीब परिवारों को सहयोग करते रहेंगे। इस मौके पर सुनील सिंह, सोनू पांडेय, पंचू उरांव उपस्थित थे।

# तमाड़ और अड़की प्रखंड में डिग्री कॉलेज स्थापना की प्रक्रिया प्रारंभ

## विधायक विकास कुमार मुंडा ने की थी पहल



**नवीन मेल संवाददाता। अड़की** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के तमाड़ एवं अड़की प्रखंड में डिग्री कॉलेज स्थापना की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विधायक विकास कुमार मुंडा के अथक प्रयास और उनके चुनावी घोषणा पत्र में किए गए संकल्प को पूरा किया जा रहा है। उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने और स्थानीय छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से दोनों प्रखंडों में डिग्री कॉलेज स्थापित किए जाने की प्रक्रिया जल्द ही प्रारंभ होगी। इस ऐतिहासिक निर्णय से तमाड़ एवं अड़की प्रखंड के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। खासकर अड़की जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र से आने वाले छात्र-छात्राएं। यह पहल क्षेत्र के शिक्षा स्तर को सुदृढ़ करने के साथ-साथ युवाओं के करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस घोषणा से प्रखंड के युवाओं में जबरदस्त उत्साह और खुशी की लहर है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं आम नागरिकों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए विधायक विकास कुमार मुंडा के प्रति आभार प्रकट किया है। विधायक का कहना है कि जब तक लोगों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार नहीं होगा तब राज्य और देश उन्नति के पथ पर नहीं पहुंच सकता है। किसी भी क्षेत्र में शिक्षा का होना बहुत ही जरूरी है। जनता ने विधायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कॉलेज खुलने से बच्चों को काफी सुविधा मिलेगी और शिक्षा का ज्योत जलेगा। हम सभी इसके प्रति आगे बढ़ना चाहिए और शिक्षा को उजागर करना चाहिए।

## आठ गांवों के 35 किसानों को कृषि कार्य का मिला प्रशिक्षण

**रांची।** भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान लालखटंगा में आयोजित तीन दिनी एकीकृत कृषि प्रणाली प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण राष्ट्रीय कृषि विकास योजना आरकेवीवाई परियोजना के तहत जलवायु अनुकूल कृषि मॉडल, खाद्य सुरक्षा और झारखंड में मृदा स्वास्थ्य संवर्द्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रांची जिले के आठ गांवों के लगभग 35 किसान शामिल हुए। डॉ रक्षित ने एकीकृत कृषि प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला जिससे सतत कृषि विकास, किसानों की आय में वृद्धि और मृदा स्वास्थ्य सुधार सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक हस्तक्षेप और उचित कृषि प्रबंधन किसानों के लिए अत्यधिक लाभकारी साबित हो सकते हैं। वहीं डॉ भड़ाना ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए वैज्ञानिकों और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और किसानों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई तकनीकों को अपने खेतों में अपनाएं। मौके पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और कृषि किट बांटे गए।

# जनता दरबार में डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं से अवगत होते हुए उन्होंने मामले के यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जनता दरबार में एक फरियादी महिला ने उपायुक्त से गुहार लगाई की उनके नामकुम अंचल स्थित जमीन पर फर्जी डीड के आधार पर असामाजिक तत्वों द्वारा बाधा उत्पन्न कर घर बनाने नही दिया जा रहा है, जिसमें उपायुक्त द्वारा संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में बुजुर्ग ने मेसरा गांव के एक गली में सड़क निर्माण कराने की गुहार लगाई। उन्होंने उपायुक्त से कहा की उन्हें आवागमन में परेशानी हो रही है।

## न्यूज | बॉक्स

### महुआ चुनने के लिए लगाई गई आग से झुलसी आम बागवानी



**खलारी।** खलारी प्रखंड अंतर्गत चूरी दक्षिणी पंचायत के होयर गांव में महुआ चुनने के लिए लगाई गई आग में आम बागवानी झुलस गई। होयर निवासी अनिल यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा से किसान बबलू मुंडा की एक एकड़ भूमि पर आम बागवानी लगाई गई थी। मंगलवार दोपहर बागवानी से सटे महुआ पेड़ से महुआ चुनने के लिए ग्रामीण महिलाओं ने आग जलाया था। उसी आग की लपट बागवानी की घेराबंदी तक पहुंच गई। देखते ही देखते घेराबंदी का अधिकतर हिस्सा जलकर खाक हो गया। इस दौरान घेराबंदी से सटे करीब 35 आम के पौधे भी झुलस गए। जानकारी मिलते ही वह स्वयं, लालदेव पाहन व अन्य ग्रामीण के मदद से आग पर काबू पाया।

### शेफ निशांत ने सुदेश महतो को भेंट की अपनी पुस्तक



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सेलिब्रिटी शेफ निशांत चौबे ने झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो से मुलाकात कर अपनी लिखी पुस्तक 'स्टे विद इंडस' भेंट की। यह पुस्तक भारत में खान-पान और विभिन्न व्यंजनों के विकास पर केंद्रित है। शेफ निशांत चौबे को मिशेलीन स्टार से सम्मानित किया गया है, जो वैश्विक स्तर पर किसी भी शेफ के लिए सबसे प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है। वर्तमान में वे अमेरिका, बैंकॉक, टोक्यो और सिंगापुर के कई प्रतिष्ठित रेस्तरां से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा, उन्होंने जयपुर में आयोजित आईफा अवॉर्ड्स के लिए विशेष मेनू क्यूरेट किया था। उनके इस योगदान को भारतीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।

### बुकबुका पूजा सरना समिति के अध्यक्ष बने निखिल मुंडा व सचिव डा. विनोद कुमार मुंडा



**खलारी।** सरहुल पूजा मनाने को लेकर बुकबुका सरना पूजा समिति की बैठक की गई। बैठक में आगामी एक अप्रैल को धूमधाम से गाजे बाजे व जुलूस के साथ सरहुल पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सरहुल पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक के रूप में कुलदीप लोहार, सूरजप्रधान मुंडा, करमा लोहरा, रामप्रीत यादव, सुभाष उरांव, बिरू सिंह, रामसूरत यादव, अध्यक्ष निखिल मुंडा, उपाध्यक्ष विशाल उरांव, विजय मुंडा, मनोज मुंडा, अखिलेश गंझू, प्रदीप लोहरा, सचिव डा विनोदकुमार मुंडा, सहसचिव मुकेश ऋषि, सिद्धु, सोनू, कोषाध्यक्ष पवन उरांव, सह कोषाध्यक्ष विक्रम बोदरा के अलावा कार्यकारणी सदस्यों में राजू पासवान, अनमोल एक्का, निहाल लोहार, मटुक तुरी, सुनील गंझू आदि को शामिल किया गया है। बैठक में उत्तम लोहार, विजय मुंडा, सूरज लोहरा, बिरू सिंह, निहाल लोहारा, अनमोल एक्का आदि उपस्थित थे।

### अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर प्रदेश करणी सेना ने जताया शोक


फाइल फोटो

**खलारी।** महाराणा प्रताप के वंशज मेवाड़ के महाराज अरविन्द सिंह मेवाड़ के आकस्मिक निधन पर झारखंड प्रदेश करणी सेना की खलारी इकाई ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है। करणी सेना के लोगों ने कहा कि महाराज अरविन्द सिंह जी मेवाड़ हजारों करोड़ की संपत्ति का मालिक होने के बावजूद जमीन से जुड़े व्यक्ति थे। वे सही मायने में क्षत्रिय धर्म का पालन करने वाले व्यक्ति थे। उनके निधन से पूरे देश का क्षत्रिय समाज सहित सभी वर्ग के लोग मर्माहत हैं। शोक व्यक्त करने वालों में करणी सेना के प्रदेश महामंत्री राजनसिंह राजा, विनयसिंह मानकी, राजेशसिंह मिंटू, रंजनसिंह बिट्टू, रमणसिंह बंटी, विकेशसिंह विक्की, सुनील सिंह, अजय सिंह, गोपाल सिंह, संजय सिंह, भोला सिंह, धर्मेन्द्र सिंह अरदि शामिल हैं।

इमा कप इंटर स्कूल एंड कॉलेज कराटे चैंपियनशिप 22 से

# 60 स्वर्ण पदकों के लिए भिड़ेंगे 320 खिलाड़ी

*झारखंड के खिलाड़ी आगामी 3 और 4 मई को रांची के खेल गांव में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वाधान में 22 मार्च से आयोजित इमा कप इंटर स्कूल एंड कॉलेज कराटे चैंपियनशिप की तैयारी पूरी कर ली गई है। झारखंड के अलावा पड़ोसी राज्य के कराटे खिलाड़ी भी इस चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। इस चैंपियनशिप में लगभग 320 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावनाएं हैं जिसमें रांची के 180 खिलाड़ी शामिल है। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमिश्न के चेयरमैन सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि इस चैंपियनशिप में 60 स्वर्ण पदक के लिए 320 खिलाड़ी आपस में भिड़ेंगे। चैंपियनशिप के सफल संचालन के लिए राज्य भर से राष्ट्रीय जज एवं रेफरी इस चैंपियनशिप में शामिल होंगे। 22 मार्च को चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व उप महापौर अजयनाथ शाहदेव करेंगे। इन्होंने कहा कि रांची के खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। रांची के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से लगभग 180 खिलाड़ी इस चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। खिलाड़ी काता स्पर्धा में आयु वर्ग से और कुमिते स्पर्धा में वजन वर्ग से इस चैंपियनशिप में भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले झारखंड के खिलाड़ी आगामी 3 और 4 मई को रांची के खेल गांव में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता की अधिक जानकारी 98351 65518 पर ली जा सकती है।

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025

# हरियाणा ने मणिपुर हॉकी टीम को 7-1 से हराया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 के अंतिम चरण की शुरूआत रांची में हुई है। हॉकी हरियाणा, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हॉकी मध्य प्रदेश ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज करते हुए सफल प्रदर्शन किया। पहले दिन के मैच में हॉकी हरियाणा ने पूल ए में मणिपुर हॉकी को 7-1 से हराया। सावी और कीर्ति ने हॉकी हरियाणा के लिए दो-दो गोल किए। खासा शशि, सुप्रिया और कीर्ति ने भी अपनी टीम के लिए एक-एक गोल किया। जवाब में, दीना देवी नाओराम ने मणिपुर हॉकी के लिए सांत्वना गोल किया। अगले मैच में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी बंगाल को एक करीबी मुकाबले में 1-0 से हराया। दीपिका बरवा ने मैच के पहले क्वार्टर में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए गोल किया। तीसरे मैच में, हॉकी मध्य प्रदेश ने पूल ए में हॉकी महाराष्ट्र को 2-0 से हराया। खेल के पहले और अंतिम क्वार्टर में हॉकी मध्य प्रदेश के लिए भूमिक्षा साहू और कप्तान सोनिया कुमरे ने गोल करके खेल को हॉकी महाराष्ट्र से दूर कर दिया।

प्रमंडल स्तरीय झारखंड महोत्सव का हुआ उद्घाटन

# 14 जिलों के 80 से अधिक वित्त पोषित इकाइयों ने लगाई उत्पादों की प्रदर्शनी

- छोटे-छोटे उद्योग करने वाले इच्छुक लोगों को वित्तीय सहायता मिलेगी। झारखंड सरकार की योजना है कि युवा मुख्य धारा में आए और स्वरोजगार को अपनाएं




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत प्रमंडल स्तरीय पीएमएफएमई महोत्सव का उद्घाटन समारोह स्थानीय कर्जन ग्राउंड में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री उद्योग,श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार संजय प्रसाद यादव शामिल हुए। इस प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में 14 जिलों के पीएमएफएमई के अंतर्गत 40 विभिन्न प्रकार के वित्त पोषित इकाइयों ने अपनी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में मंत्री ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए इस कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने कहा इस योजना का उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में असंगठित रूप से कार्य कर रहे छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का निर्माण हो सके। (पीएमएफएमई) की मदद से, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को वित्तीय,तकनीकी और व्यावसायिक सहायता दी जाती है। यह योजना खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को विकसित करने,उनका विस्तार करने और उनका उन्नयन करने में मदद करती है। सरकार सरकार की योजना तब तक सफल नहीं हो सकती जब तक इन योजनाओं की जानकारी आम जनों तक ना हो। उन्होंने उपस्थित लोगों विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से कहा कि वें आगे आएं,खुद का रोजगार शुरू करें। यह अच्छा अवसर है,यहां छोटे-छोटे उद्योग करने वाले इच्छुक लोगों को वित्तीय सहायता मिलेगी। झारखंड सरकार की योजना है कि युवा मुख्य धारा में आए और स्वरोजगार को अपनाएं।

### स्वास्थ्य विभाग के कार्यों का उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# निजी अस्पताल में इलाज करने वाले सरकारी चिकित्सकों पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को

**❑ सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए**



लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि से मरीज को रेफर कर निजी अस्पतालों में स्वयं मरीज का इलाज करने वाले चिकित्सकों संबंधित कोई भी मामला प्रकाश में आने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने एवं संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं में हाई

### जिला परिवहन पदाधिकारी ने चुट्टूपालू घाटी व पुनदाग टोल प्लाजा का किया निरीक्षण

## चालक वाहन चलाते समय घाटी में लगे साइन बोर्ड मानकों के अनुरूप ही वाहन चलाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ जिला अंतर्गत चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ मनीषा वत्स ने चुट्टूपालू घाटी एवं पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया। चुट्टूपालू घाटी के निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गंडके मोड तथा ब्रेक फेल होने की स्थिति में सुरक्षा दृष्टिकोण से कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी ने टोल एवं एनएचएआई के पदाधिकारियों को घाटी के अन्य दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित



कर सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने उपायुक्त के द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में साइन बोर्ड, स्पीड गति बोर्ड, लाइट आदि का निरीक्षण किया गया इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने एनएचआई के संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द बचे हुए कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### रितेश खंडेलवाल बने हजारीबाग यूथ विंग के सचिव

## 16 बार रक्तदान कर पेश की मिसाल

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सामाजिक कार्यों में निरंतर योगदान देने वाले युवा समाजसेवी सह पत्रकार रितेश खंडेलवाल को हजारीबाग यूथ विंग का सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। वे लंबे समय से समाजसेवा, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके विचार, कर्मठता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। रितेश खंडेलवाल ने अब तक 16 बार रक्तदान कर समाज के प्रति अपने कर्तव्य का परिचय दिया है। रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में उनकी निरंतर भागीदारी युवाओं के लिए प्रेरणा है। इसके अलावा, वे गौ सेवा, गरीबों की सहायता,धार्मिक आयोजनों, जरूरतमंदों की पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं। वे समाज की बेहतरी के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। गौशालाओं में जाकर गौ सेवा



करना और जरुरतमंदों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराना उनके कार्यों की पहचान रही है। रितेश खंडेलवाल अपने सरल, सहज और विनम्र स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। देखने में भले ही वे दुबले-पतले हों, लेकिन उनके हौसले और संकल्प किसी से कम नहीं। वे जो भी संकल्प लेते हैं, उसे पूरी निष्ठा और लगन से पूरा करते हैं। यही कारण है कि समाज में उनकी पहचान एक कर्मठ समाजसेवी और युवा नेतृत्वकर्ता के रूप में बनी है। उनकी कार्यशैली और समर्पण को देखते हुए हजारीबाग यूथ विंग ने उन्हें सचिव के रूप में चुना है।

### जमीन देने के बाद अब मुआवजा व नौकरी को मोहताज

**पतरातू।** पीटीपीएस के स्थापना काल सें महज कुछ वर्षों बाद से ही पीटीपीएस से विस्थापित हुए अपने हक और अधिकार के लिए आंदोलन कर रहे हैं। हालांकि इस बीच आंदोलन का स्वरूप बदलता रहा है, लेकिन आंदोलनकारियों की मुख्य मांग नौकरी, मुआवजा और पुनर्वास हो रहा है। भू-अर्जन विभाग की और से रैयतों की जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया के बाद तो विस्थापितों को ठेका मजदूर के रूप में रखा गया था। जो वर्ष 1977 में इन ठेका मजदूरों को स्थायी नौकरी दी गई। हालांकि इसके लिए लगातार इलेक्ट्रिक सप्लाई वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय सचिव निरंजन लाल और सीपीआई के पुरन राम साव ने आवाज उठायी थी। दूसरी ओर विस्थापितों के नौकरी के लिए हरि राम, देवानंद और कुछ अन्य नेताओं की ओर से भी आवाज उठायी गई थी। किंत इस बहाली में 114 लोगों को नौकरी नहीं मिल पायी। इस आंदोलन के बाद से तो विस्थापित सदस्यों के अधिकार के लिए आवाज उठायी जाती रही। पीटीपीएस के तत्कालीन जीएम बी प्रसाद के कार्यकाल में विस्थापितों के लिए गांव गांव जाकर सर्वे कराया गया। इसके बाद यहां के विस्थापित जागरूक हो गए। साथ ही दिनेश्वर महतो की अगुवाई में लड़ाई लड़ी गई। बाद में टेकलाल महतो, एनई होरो, सूरज मंडल और अकलू राम महतो के नेतृत्व में यहां के विस्थापितों का आंदोलन चलता रहा। इसमें आदोलन में आदित्य नारायण प्रसाद, विजय मुंडा, झरी मुंडा आदि दर्जनों विस्थापित नेता शामिल हुए थे।

### कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्ति में अनियमितता की हुई सुनवाई

**रामगढ़।** पीएम पोषण योजना जिलास्तरीय मध्याह्न भोजन कोषांग रामगढ़ में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत ज्योति ममता किशोरिया मामले की सुनवाई विगत सोमवार को हुई। निर्धारित समय दोपहर 2 बजे शिकायतकर्ता सभी दस्तावेज के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय रामगढ़ पहुंचा। इस दौरान उसने शिकायत से संबंधित सभी दस्तावेज जिला शिक्षा अधीक्षक को सौंपा। साथ ही लिखित रुप से दस्तावेज के बाबत जानकारी भी दी है। शिकायतकर्ता के सभी दस्तावेज और लिखित कागज को सूचिबद्ध किया गया है। जिसे उपायुक्त सह जिलास्तरीय स्टीयरिंग कमेटी अध्यक्ष के सुपुर्द किया जाएगा। बाद में पूरे मामले को लेकर उपायुक्त के स्तर से आदेश पारित होना है। जिसकी सूचना स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता निदेशक शशि रंजन को भी भेजी जाएगी। पीएम पोषण योजना जिलास्तरीय मध्याह्न भोजन कोषांग रामगढ़ में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत ज्योति ममता किशोरिया की नियुक्ति और वेतन भुगतान में अनियमितता का आरोप है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निदेशक शशि रंजन ने इसके लिए तत्कालीन जिला शिक्षा अधीक्षक सुशील कुमार को कसूरवार माना।
इसे लेकर वर्तमान जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार को तब के तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी सह अधीक्षक सुशील कुमार के विरुद्ध प्रपत्र क गठित कर आवश्यक कार्रवाई के लिए विभाग के सुपुर्द करने का निर्देश दिया। साथ ही गलत तरीके से चयनित कंप्यूटर ऑपरेटर ज्योति किशोरिया के स्थान पर बाह्य एजेंसी के माध्यम से नए कंप्यूटर ऑपरेटर चयनित करने की बात कही गई। आदेश का अनुपालन 13 जनवरी 2025 तक सुनिश्चित कर सूचित करने का निर्देश दिया। ऐसा नहीं करने पर वर्तमान जिला शिक्षा अधीक्षक को विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी।

### केशरवानी वैश्य सभा ने किया सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस का स्वागत



**रामगढ़।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस को अपना सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) बनाए जाने पर केशरवानी वैश्य सभा रामगढ़ जिला कमिटी द्वारा मंगलवार को स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किशोरी लाल केशरी व संचालन उपाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने किया। स्वागत समारोह में रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए पदाधिकारियों व सदस्यों ने बुके देकर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस का स्वागत किया एवं उन्हें बधाई दी। स्वागत समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल द्वारा धनंजय कुमार पुटूस को अपना सांसद प्रतिनिधि बनाया जाना हम लोगो के लिए गर्व की बात है। इसके लिए हम सभी मनीष जायसवाल जी को आभार व्यक्त करते हैं। मौके पर अर्जुन केसरी,बंसी प्रसाद केसरी, राजेंद्र प्रसाद केसरी, ईश्वर केसरी, अमित केसरी, संतोष केसरी, प्रदीप केसरी, कोलेश्वर केसरी, गणेश केसरी, शंकर केसरी, सुनील केसरी आदि उपस्थित थे।

### मिशन हॉस्पिटल ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**हजारीबाग।** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलंबस मिशन होस्पिटल द्वारा कटकमसांडी स्थित रेबर पंचायत भवन में मंगलवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ एवं अनुभवी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सेवाएं दी। रैंडम ब्लड शुगर आरबीएस, ब्लड प्रेशर चेक एवं दवाइयाँ ग्रामीणों को निशुल्क उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एवं आरबीएस जांच मुफ्त हुआ। इसमें 57 जरूरतमंद का निःशुल्क जांच किया गया। रेबर पंचायत वासियो ने शिविर से लाभान्वित होकर मिशन होस्पिटल परिवार का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि वर्तमान दौर में चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों की परेशानी एवं आर्थिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन समय- समय पर आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न विभाग के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सा अपनी बहुमुल्य सेवाएं दें रहे हैं। उन्होंने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के मदद से कई जरूरतमंद को लाभ मिल रहा है। निशुल्क शिविर लाभ जरूरतमंद तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है।

### औद्योगिक क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि बने नरेश साहू

**रामगढ़।** मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने नगर परिषद क्षेत्र औद्योगिक प्रतिनिधि की घोषणा की है। यह जिम्मेवारी उन्होंने नगर परिषद रामगढ़ क्षेत्र के वार्ड 8 स्थित सेवटा निवासी नरेश साहू को दिया। इसके बाद नरेश साहू ने विधायक का आभार जताया। कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे जिम्मेवारी सौंपी गई है। उस पर पूरी ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करुंगा। औद्योगिक क्षेत्र के प्लांट प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर सीएसआर मद में ज्यादा से ज्यादा कार्य करने की कोशिश होगी। चिट्ठी लेकर लौटने पर रांची रोड सहित आसपास के लोगों ने विधायक प्रतिनिधि का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया गया। स्वागत करने वालों में नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 9 निवर्तमान पार्षद शंकर मिश्रा, अजय यादव, अविनाश सिंह, अशोक कुमार साहू, दीपक राम, विजय करमाली, कारू करमाली आदि शामिल हैं।

### मंईयां सम्मान योजना के 19, 270 लाभुक हुए वैध

# 6,223 त्रुटिपूर्ण आवेदन लंबित

*जानकारी के लिए पंचायत सचिव या प्रखंड मुख्यालय से लाभुकों को करना होगा संपर्क*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
प्रखंड के सभी 20 पंचायतों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के कुल 25,493 लाभुकों में 19, 270 लाभुकों को वैध करार करते हुए राशि स्वीकृत की गई है. जिनकी राशि लाभुक के खाते में डीबीटी माध्यम से हस्तांतरित किए जा रहें है. जबकि 6,223 लाभुक का ई-केवाईसी, डीबीटी आदि त्रुटि होने के कारण राशि होल्ड किया गया है. ऐसे लाभुकों को लाभ लेने के लिए अपने पंचायत के पंचायत सचिव या प्रखंड मुख्यालय से जानकारी प्राप्त कर त्रुटियों में सुधार करवाना होगा. कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशांत कुमार से मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के सभी पंचायतों में बरही पूर्वी पंचायत में 604 स्वीकृत व 268 होल्ड, बरही पश्चिमी में 1027 स्वीकृत व 387 होल्ड, बरसोत में 776 स्वीकृत व 376 होल्ड, बसरिया ऊर्फ पंचमाधव में 1092 स्वीकृत व 300 होल्ड, बेंदगी में 754 स्वीकृत व 250 होल्ड, भंडारों में 1178 स्वीकृत व 393 होल्ड, बिजैया में 929 स्वीकृत व 323 होल्ड, डपोक में 1059 स्वीकृत व 319 होल्ड, धनवार में 861 स्वीकृत व 366 होल्ड, दुलमहा में 1045 स्वीकृत व 270 होल्ड, गौरिया करमा में 1069 स्वीकृत व 363 होल्ड, करियातपुर में 999 स्वीकृत व 368 होल्ड, करसो में 748 स्वीकृत व 166 होल्ड, केदारुत में 941 स्वीकृत व 239 होल्ड, खोड़ाहर में 979 स्वीकृत व 243 होल्ड, कोल्हुआ कला में 1085 स्वीकृत व 280 होल्ड, कोनरा में 1294 स्वीकृत व 481 होल्ड, मलकोको में 1092 स्वीकृत व 304 होल्ड, रानीचुआ में 590 स्वीकृत व 249 होल्ड और रसोईया धमना में 1148 स्वीकृत व 278 होल्ड आवेदन पाए गए हैं.

### होली की छुट्टी में असमाजिक तत्वों ने मचाया उत्पात, स्कूल की संपति को किया बर्बाद

**गोला।** गोला एसएस प्लस टू हाई स्कूल में असमाजिक तत्वों की बदमाशी थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां आए दिन असमाजिक तत्वों की ओर से ऐसी ऐसी हरकतें की जा रही है। जिसके कारण स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं और शिक्षकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। होली की छुट्टी के दौरान प्लस टू हाई स्कूल में असमाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाते हुए सप्लाई पानी का पाइप, दिव्यांग बच्चों के बने रैंप, रेलिंग, रसोई घर में लगे पाइप व टंकी, बाउंड्री में लगे गेट, खेल मैदान में बच्चों के चेंजिंग रूम में बने सभी सुविधाओं को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का कहना है कि असमाजिक तत्वों से अब आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। शिक्षा के मंदिर में कुछ लोग जानबुझ कर अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय में लगभग तीन हजार छात्र छात्राएं अध्यनरत हैं।

## झुरझुरी में शतचंडी महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर किया ध्वजारोपण



### भ्रमण के दौरान भक्ति गीतों व जय श्री राम की नारे के साथ पूरा गांव गुंज उठा

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के झुरझुरी गांव में श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को यज्ञ स्थल परिसर में ध्वजारोपण किया गया। विदित हो कि आगामी सात अप्रैल से पन्द्रह अप्रैल तक होने वाली नव दिवसीय महायज्ञ को लेकर आचार्य गौतम शास्त्री के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण और विधि विधान के साथ ध्वजा रोपन किया गया। तदोपरांत भगवा झंडे व गाजे बाजे के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया गया। गांव भ्रमण के दौरान भक्ति गाने व जय श्री राम की नारे के साथ पूरा गांव गुंज उठा। ध्वजा रोपण कार्यक्रम में श्रद्धालुगण भगवा वस्त्र धारण कर भक्ति रस में झुमते हुए दिखे। मौके पर स्थानीय मुखिया सह यज्ञ समिति के अध्यक्ष सुमन कुमार, उप मुखिया प्रतिनिधि सह यज्ञ समिति के उपाध्यक्ष सुखदेव यादव,कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद यज्ञ समिति, सचिव परमेश्वर प्रसाद उप सचिव मुनीलाल प्रसाद, यमुना प्रसाद, पूर्व मुखिया सावित्री देवी, पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी, समाजसेवी लालमोहन प्रसाद, रामेश्वर महतो भीम प्रसाद, राजेश कुमार, राजकुमार चौधरी समाजसेवी, बिट्टू यादव, बासुदेव यादव, बुलाकी प्रसाद, पवन कुमार, मुन्नालाल प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, सुजीत कुमार, अजीत कुमार, राजेंद्र प्रसाद, छोटेलाल प्रसाद, विकास कुमार, पंकज कुमार,जीतू राज सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### गिरोह/गैंग से संबंधित जन शिकायत पेटी को खोला गया

# आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध करेंगे कड़ी कार्रवाई : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता, झारखण्ड, रांची द्वारा झारखण्ड राज्य को भयमुक्त बनाने तथा अपराधिक गिरोह/गैंग के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। प्राप्त निर्देश के आलोक में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार द्वारा गिरोह / गैंग के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी पुलिस निरीक्षक, सभी थाना/ओपी प्रभारी को दिया गया तथा 6 मार्च को रामगढ़ जिला अन्तर्गत पतरातू थाना एवं भुरकुण्डा ओपी क्षेत्र में सर्वजनिक स्थानों पर कुल 04 गिरोह/गैंग से संबंधित जन शिकायत पेटी गुप्त सूचना प्राप्त करने के उद्देश्य से लगाया गया है। 18 मार्च मंगलवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में लगे गिरोह/गैंग से संबंधित जन शिकायत पेटी को




खोला गया। जिसमें कुल 03 गिरोह से संबंधित शिकायत प्राप्त हुए है। जिसका सत्यापन कर अविलंब अग्रतर कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू को निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वजनिक स्थानों पर लगाये गये गिरोह / गैंग से संबंधित जन शिकायत पेटी के संबंध में आम जनता को जानकारी देते हुए कहा गया यदि कि किसी भी व्यक्ति को अपराधिक गिरोह / गैंग द्वारा लेवी से संबंधित धमकी दी जाती है या गिरोह / गैंग से संबंधित किसी भी तरह की सूचना प्राप्त होती है तो वह बिना थाना गये किसी भी समय अपना नाम पता गुप्त रखते हुए जन शिकायत पेटी के माध्यम से पुलिस को सूचना दे सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति द्वारा विस्तृत जानकारी हेतु अपना नाम एवं मोबाईल नं० दिया जाता है तो उसे गुप्त रखा जाएगा। गिरोह / गैंग से संबंधित किसी भी तरह की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना पर अविलम्ब जांच कर

### सीएसआर ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

## दो दिव्यांगों को दिए गए व्हील चेयर



**रामगढ़।** सेल रिफ्रैक्टरीज यूनिट इफिको के सौजन्य से पंचायत भवन मरार वार्ड नंबर 9 में सीएसआर फंड के तहत सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन सेल रिफ्रैक्ट्ज यूनिट इफिको महाप्रबंधक प्रभारी विपिन बिहारी कांता कर कमलों से हुआ। मौके पर श्री कांता ने कहा कि सेल का लक्ष्य है कि सीएसआर का फंड अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा समाज में सेल का भागीदारी हो। इस कार्यक्रम में सीएसआर फंड के तहत दो दिव्यांगों को व्हील चेयर प्रदान किया गया। इस शिविर के माध्यम से लगभग 100 से अधिक लोगों की जांच कर निःशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया। जांच शीविर में मुख्य रूप से महाप्रबंधक अनुरक्षण आर के गुप्ता, उप महाप्रबंधक एचआर आनंद सिन्हा, प्रबंधक एचआर यश श्रीवास्तव, चिकित्सक डॉ दीपांकर, आनंद प्रताप सिंह, दिवाकर गिरी, संतोष सिंह, सुभाष राम, राम जी राम, आशीष मिश्रा, उमेश बेदिया, संजय रजवार आदि उपस्थित थे।


### नगर कीर्तन के बोल से गूंजा भुरकुंडा कोयलांचल

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा मेन रोड स्थित श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा का नए भवन का उद्घाटन 21 मार्च को समारोहपूर्वक होगा। इस अवसर पर चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगर कीर्तन, अखंड पाठ, और विशेष धार्मिक प्रवचन होंगे। धार्मिक कार्यक्रम का आरंभ 18 मार्च मंगलवार को नगर कीर्तन से हुआ, जो रिवर साइड स्थित गुरुसिंह सभा गुरुद्वारे से शुरू होकर क्षेत्र भ्रमण करते हुए भुरकुंडा गुरुद्वारा पहुंचा। इसके बाद 19 मार्च से गुरुद्वारे में अखंड पाठ प्रारंभ होगा, जो 21 मार्च को समाप्त होगा। इस धार्मिक समागम में नानकसर वाले संत बाबा लक्खा सिंह, कार सेवा अमृतसर भूरी वाले संत बाबा काश्मीर सिंह, और श्रीहरि मंदिर पटना साहेब के अध्यक्ष भाई जगजोत सिंह जैसे प्रमुख संत एवं धार्मिक गुरु शामिल होंगे। कार्यक्रम के आकर्षण में जमशेदपुर के अखाड़े का बाबा बंदा सिंह बहादुर गतका, अकालदाढ़ी जत्था, और महिपाल सिंह का रागी जत्था प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। इन सभी के साथ-साथ रांची से आकर विभिन्न साधु-संतों का योगदान इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाएगा।

### पेयजल आपूर्ति को लेकर सदन में फिर उठाई आवाज

## ताजपुर व चौपारण चट्टी में पेयजल आपूर्ति शीघ्र चालू हो : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
क्षेत्र में पेयजल संकट को समस्या के समाधान को लेकर स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव पूरी तरह गंभीर हैं. होली छुट्टी के बाद प्रारंभ हुए बजट सत्र में विधायक श्री यादव ने चौपारण प्रखंड के चट्टी बाजार और ताजपुर में पेयजल की समस्या पर चर्चा किया. उन्होंने सदन को बताया कि चौपारण प्रखण्ड के बच्छई पंचायत के डुमरी गांव में 2017 में पेयजल आपूर्ति



के लिए वाटर सप्लाई टैंक और पाईप लाइन का कार्य प्रारंभ हुआ था. जो अब तक अधूरा है. जिससे पेयजल की समस्या बनी हुई है. उन्होंने सरकार से अधूरे निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने की मांग किया है. जिससे प्रखंड के दर्जनों गांव को पेयजल समस्या से निजात मिल सकेगा. विदित हो कि विधायक श्री यादव ने बीते 5 मार्च को बरही के पेयजल समस्या और इंटेक वेल निर्माण को लेकर सदन में आवाज उठा चुके हैं.

### अप्रैल में आयोजित होने वाली कथा स्थगित

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा रिवर साईड स्थित शास्त्री पार्क दुर्गा मंडप प्रांगण में 20 अप्रैल से आयोजित होने वाली सात दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ स्थगित हो गई है। दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष रामनरेश सिंह और सचिव संतोष यादव ने प्रेस ब्यान जारी कर यह जानकारी दी। कहा कि गर्मी के मद्देनजर कथा ज्ञान यज्ञ को स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि मौसम सामान्य होने पर कमेटी नई तिथि की घोषणा करेगी।

# झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली के नेतृत्व में चलाया गया सदस्यता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**




**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य फिरोज अली के नेतृत्व में झामुमो पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशुम गुरु शिबू सोरेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन जी के निर्देशानुसार सिमडेगा जिला के कोलेबिरा में सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें झारखंड की अबुआ सरकार और माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोकप्रियता को देखते हुए दर्जनों लोगों ने झामुमो का सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर फिरोज अली ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में हमारे झारखंड की अबुआ सरकार गरीब किसानों और आम जनों के लिए कई सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं जिनका सीधा लाभ गरीब किसानों को मिल रहा है।युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है,गरीब किसानों को अबुआ आवास दिया जा रहा है। युवतियों और महिलाओं को हमारी सरकार मैया सम्मान योजना के माध्यम से सम्मान राशि देने का काम कर रही है, अन्य कई सारी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। जिससे प्रभावित होकर जिले में हजारों की संख्या में लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का सदस्य बनने के लिए लोग उत्साहित हैं । मौके पर सुरजन सुरीन, विश्वास होरो, ग्रेस होरो,किरण बरला, प्रीति,बंटी, बिरला, लेतारे टेटे,शीतल सुरीन,रमन टेटे, सिविल बरला,किरण कुमारी, अटल बरला,समुन बरला अन्य लोग उपस्थित थे।

## राशन कार्डधारी का ई केवाईसी के लिए पीडीएस दुकानदारों के साथ हुई बैठक

**भंडरा ।** भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सच्चिदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में जन्म वितरण प्रणाली दुकानदारों की बैठक संपन्न हुई .बैठक में ई केवाईसी, राशन वितरण सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई. मौके पर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति अधिकारी सच्चिदानंद गुप्ता ने कहा कि सभी राशन दुकानदार अपने-अपने दुकान में सभी राशन धरको का ईकेवाईसी की प्रक्रिया31मार्च तक शतप्रतिशत पूर्ण कर ले, ताकि किसी भी कार्दधारी को राशन से वंचित रहना नहीं पड़े .उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य सरकार 31 मार्च को अंतिम तिथि घोषित की है .इससे पूर्व सभी राशन दुकानदार कार्डधारियों का ईकेवाईसी करना सुनिश्चित करें .साथ ही प्रत्येक माह कार्डधारी को समय से राशन वितरण करें. राशन वितरण के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी की शिकायत मिलती है तो राशन दुकानदार पर कार्रवाई तय है ।

उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति की हुई समीक्षा बैठक

# मनरेगा में 85 दिनों से अधिक कार्य करने वाले मजदूरों को आरसेटी से जोड़ दिए प्रशिक्षण : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह जिला परामर्शदात्री समिति जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक एवं ऋण जमा अनुपात निगरानी उप समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सीडी रेशियों, वार्षिक क्रेडिट प्लान, 2024-25, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, मुद्रा, पीएम स्वनिधि, केसीसी ऋण/एसएचजी, एनपीए, आरसेटी सहित अन्य बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा किया गया। इस दौरान जिले की सीडी रेशियों की समीक्षा की गई। सीडी रेशियों को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, मुद्रा, पीएम स्वनिधि, केसीसी एवं अन्य ऋण योजना लाभुकों को मुहैया कराने की बात कहीं। जिला कृषि पदाधिकारी एवं ब्रांच शाखा मैनेजर को समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक कृषकों को केसीसी ऋण योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। वहीं बैंकवार लंबित सभी केसीसी आवेदनों की जांच कर निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। ग्रामीण एवं कोऑपरेटिव बैंक को ज्यादा से ज्यादा लोगों को लोन मुहैया कराने की बात कहीं। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक 75% तक सीडी रेशियों को बढ़ाने का निर्देश दिया। पंजाब नेशनल बैंक सहित सभी बैंकों को पीएमईजीपी एवं पीएम स्वन्निधि के लंबित आवेदनों को प्रायोरिटी के साथ स्वीकृति देने की बात कहीं। एसएचजी क्रेडिट लिंकेज की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिस एसएचजी महिला ग्रुप का अभी तक क्रेडिट लिंकेज नहीं हुआ है उसे यथाशीघ्र क्रेडिट लिकेज करने की बात कही। उपायुक्त द्वारा आरसेटी अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्य की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में 836 लक्ष्य मिला था।

### लैंगिक अपराध करने वाले को कठोर दंड देने के लिए बनाया गया पोक्सो एक्टः उपायुक्त

**सिमडेगा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिमडेगा द्वारा नगर भवन में मंगलवार को पोक्सो एक्ट से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं अन्य अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट देकर एवं शोल ओढ़कर स्वागत किया गया। कार्यशाला के दौरान बच्चों की सुरक्षा को लेकर कार्य करने वाले विभिन्न विभागों जैसे स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट, बाल कल्याण समिति, पिरामिड फाउंडेशन के सदस्यों सहित अन्य ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी अतिथियों ने पोक्सो एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी बच्चों देते हुए सजक रहने के लिए जागरूक भी किया गया।उपायुक्त ने कार्यशाला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बच्चों को पोक्सो एक्ट के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पोक्सो एक्ट में 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के सभी बच्चों आते हैं। यह एक्ट बच्चों को सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है। मूल रूप से लेकिन बच्चियों समाज की । इससे ज्यादा पीड़ित हो सकती है। इस पोक्सो एक्ट की कानून को आप सभी को समझने की आवश्यकता है।

# सिमडेगा में 25515 महिलाओं का सरकार ने रोका मईया सम्मान योजना

**नवीन मेल संवाददाता**



सिमडेगाः झारखंड में राज्य की सरकार ने मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के नाम पर महत्वाकांक्षी योजना चुनाव से पूर्व घोषणा की जिसकी चुनाव से पूर्व 1000 राशि थी ,लेकिन चुनाव के बाद राशि को बढ़ाकर 2500 कर दिया। सरकार पहली प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं को इस योजना का लाभ देने का प्रयास से शुरुआती दौर में शत प्रतिशत किया लेकिन बाद में इसमें कटौती करना शुरू कर दी गई। आलम यह है कि धीरे-धीरे करते-करते हजारों की संख्या में महिलाओं का सिमडेगा जिले में इस योजना का राशि आना बंद हो। जैसे की सूचना मिला है 25515 महिलाओं का सरकार की ओर से ही बिना किसी कारण बताएं उपरोक्त योजना की राशि रोक दी गई। जिसकी वजह से अब सरकारी कार्यालय में महिलाओं का प्रत्येक दिन उक्त योजना का लाभ लेने के लिए चक्कर लगाना पड़ रहा है और महिलाएं परेशान हो रही है। सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार सिमडेगा जिले में करीब एक लाख महिलाओं का योजना के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी ,जिसमें होली से पूर्व एक साथ तीन महीने की एक मुस्त प्रत्येक महिला को 7500 की राशि सिमडेगा जिले के 66851 महिलाओं को दिया गया है। इसके अलावा 9316 महिलाओं को विगत एक-दो दिन के अंदर राशि उनके खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी जिन्हें अकाउंट बेस पेमेंट किया जाएगा। मैं इसके अलावा बताया गया की 51 महिलाओं की उम्र 50 वर्ष से अधिक हुई जिन्हें इस योजना से हटाया गया जबकि 1010 लोगों का गलत खाता नंबर गलत आधार नंबर होने की वजह से राशि रुकी हुई है तथा 1200 अन्य लाभुकों का विभिन्न प्रखंडों से आए हुए सत्यापन सूची के आधार पर योजना से वंचित किया गया।

● **क्या कहते जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी**

इस मामले में जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी दयानंद कार्जी जी से बात करने पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया है कि कई लोगों का बैंक खाता से आधार लिंक नहीं होने की वजह से राशि होल्ड है ,जिसे जितना जल्द हो सके आधार से लिंक करवाये ताकि इस योजना का लाभ उन्हें दिया जा।

# बानो चीक बड़ाईक समाज का प्रखंड समिति का हुआ पुनर्गठन अध्यक्ष बने ललित बड़ाईक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो ।** बानो धर्मशाला में बिदेशिया बड़ाईक की अध्यक्षता में मंगलवार को चीक बड़ाईक समाज का प्रखण्ड कमिटी का पुनर्गठन किया गया ।बैठक में सर्व सम्मति से ललित बड़ाईक को अध्यक्ष, उपा -रामचन्द बड़ाईक, संजय बड़ाईक -सचिव, कोषाध्यक्ष -विश्वनाथ बड़ाईक ,सयोंजक -फिरू बड़ाईक, सलाहकार -राजेश बड़ाईक ,मीडिया प्रभारी -शिवनन्दन बड़ाईक, तथा विदेशिया बड़ाईक ,पीयूष बड़ाईक, दुर्गा बड़ाईक, कृष्णा बड़ाईक, जनक बड़ाईक ,बिगन बड़ाईक, रंजीत बड़ाईक को संरक्षक बनाया गया ।बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि नव गठित कमेटी का कार्यकाल तीन वर्ष की होगी ।बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज की अगली बैठक 29मार्च को कनारोवा पंचायत के जराकेल में 10 बजे से करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सामाजिक कार्य के लिए समाज के लोगों सहयोग राशि जमा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में महाबीर बड़ाईक, सन्तोष बड़ाईक, बिक्रम बड़ाईक, बलराम चीक बड़ाईक, अघनु बड़ाईक, विशेश्वर बड़ाईक, पारस राम बड़ाईक, छविंद्र बड़ाईक, दशरथ बड़ाईक, लखिन्द्र चीक बड़ाईक, तेतरु बड़ाईक, नरेंद्र बड़ाईक ,नारायण बड़ाईक, आनंद बड़ाईक, आदि लोग उपस्थित थे।

# वार्षिक परिणाम वितरण समारोह में घोषित हुई 42,750 की छात्रवृत्ति

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल, सिमडेगा में मंगलवार को वार्षिक परिणाम वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी कक्षाओं के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया तथा कुल 42,750 की छात्रवृत्ति की घोषणा की गई।विद्यालय प्रशासन ने नर्सरी से कक्षा 5 तक के टॉपर्स की घोषणा की, जिनके नाम इस प्रकार हैंः नर्सरीः अथेप्स, एलकेजीः कोमल, यूकेजीः माहि, कक्षा 1ः अभिश्री, कक्षा 2ः न्याशा एवं अनाबिया, कक्षा 3ः मोहम्मद साकिब, कक्षा 4ः बेबी, कक्षा 5ः आयुष ।विद्यालय के प्रधानाचार्या पी.एल. केरकेट्टा ने अपने संदेश में कहा कि छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हुआ है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और विद्यालय की शिक्षण पद्धति की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास का माध्यम होती है।विद्यालय के निर्देशक शीतल प्रसाद ने भी सभी टॉपर्स को बधाई दी और कहा कि जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल हमेशा से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को प्राथमिकता देता आया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित होती है और वे अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैंकार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने भी विद्यालय की शिक्षण पद्धति की प्रशंसा की और विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। विद्यालय प्रशासन ने घोषणा की कि विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तथा कक्षाओं में बच्चों प्रमोशन 19 मार्च 2025 से किया जाएगा।इस अवसर पर यह भी बताया गया कि विद्यालय के टॉपर्स के लिए एक विशेष सम्मान समारोह अप्रैल माह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा और उनकी उपलब्धियों को सराहा जाएगा।

# बानो स्थित आत्मा कार्यालय में किसानों के बीच हुआ ट्राली बेल्ड सोलर का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो स्थित आत्मा कार्यालय बानो में किसानों के बीच ट्राली बेल्ड सोलर का वितरण किया गया। मौके पर कोलेबिरा ,बानो, जलडेगा प्रखण्ड के कुछ 16 किसानों के बीच वितरण किया गया। ट्रॉली बेल्ड सोलर का वितरण बानो प्रमुख सुधीर डांग ,जिला परिषद बीरजो कंडुलना,बीडीओ नईमउद्दीन अंसारी ,बानो सांसद प्रतिनिधि अजित कंडुलना ने सामुहिक रूप से किसानों के बीच ट्रॉली सोलर का हैंडल प्रदान किया । प्रमुख सुधीर डांग ने कहा आज सरकार कृषि के बढ़ावा को लेकर कई योजना चला रही है। सोलर अनुदित दर पर किसानों के बीच वितरण की जा रही हैं ।किसान भाई योजना का लाभ ले ।इस के माध्यम से किसान अपनी खेती का समय पर पटावन कर सकते हैं। अधिक खेती कर अपनी आमदनी में बृद्धि करें। मौके पर बीटीएम सुनील समद ,सुनील खड़िया सांसद प्रतिनिधि कोलेबिरा आदि लोग उपस्थित थे।

# धूमकुड़िया भवन निर्माण में अनियमितता का आरोप

## कार्यस्थल से योजना बोर्ड गायब, देख रेख के अभाव में दो नंबर की ईंट से बन गया भवन

**नवीन मेल संवाददाता**





**जलडेगा।** आदिवासी समाज की कला संस्कृति को बचाने व आदिवासी समाज की बैठकों के लिए पंचायत स्तर पर धुमकुड़िया भवन के निर्माण की योजना बनाई थी। इसी योजना के तहत इन भवनों का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर मीडिया की टीम ने कोनमेरला पंचायत के बलडेगा खड़िया टोली में बन रहे धूमकुड़िया भवन की वास्तविक स्थिति जानने के लिए निर्माण स्थल का जायजा लिया तो बेहद चिंताजनक तस्वीर सामने आई। निर्माण में जिन ईंटों का इस्तेमाल किया गया है, वे कतई मानक के अनुरूप नहीं हैं। निर्माण कार्य में बंगला भट्टा ईंट का इस्तेमाल किया गया है। फर्श में घटिया किस्म के टाइल्स का उपयोग किया गया है।

● **देखरेख की जिनकी जिम्मेदारी, वे खुद कभी झांकते तक नहीं**

धुमकुड़िया भवन के निर्माण की जिम्मेदारी इंटीग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट एजेंसी (आईटीडीए) की है। योजना की स्वीकृति व राशि उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी आईटीडीए की है। इस एजेंसी के पास अभियंताओं की कमी है। इस कारण खुद कार्य करने की जगह अधिकतर निर्माण कार्य का देखरेख प्रखंड स्तर पर कार्यरत अभियंताओं के जिम्मे में है लेकिन यहां जिम्मेदार खुद मिस्त्री और लाभुक समिति के भरोसे हैं। देखरेख और निरीक्षण के अभाव में यह धूमकुड़िया भवन का एक पिलर ही गलत बनाया गया है। निर्माण कार्य में घटिया किस्म के टाइल्स का भी इस्तेमाल किया गया है। इसी तरह जलडेगा में जितने भी धूमकुड़िया भवन और सरना मसना घेराबंदी का निर्माण कार्य हो रहा है सभी निर्माण कार्यों में अनियमितता बरती जा रही है।

● **बिना योजना बोर्ड लगाए हो रहा है काम**

बिना प्राक्कलन बोर्ड लगाए सरकारी योजनाओं का निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है। कार्यस्थल पर बोर्ड नहीं रहने से आमलोगों को योजनाओं के बारे में कोई जानकारी नहीं रहती है। ऐसे में संवेदक मनमाना ढंग से कार्यों को अंजाम देते हैं। नियमानुसार कार्य से पूर्व योजना बोर्ड को लगाया जाना चाहिए जिससे स्थानीय लोग कार्यों की गुणवत्ता सहित अन्य चीजों को देख सकें। हालांकि इन्हीं सबसे बचने के लिए बोर्ड नहीं लगाया जाता है। जबकि, प्रावधान मुताबिक कोई भी सरकारी कार्य शुरु करने से पहले कार्य स्थल पर बोर्ड लगाया जाना और उसमें निर्माण से संबंधित जानकारी देना अनिवार्य है। मामले की जानकारी के लिए हमने परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की से बात की तो उन्होंने सवालों का जवाब देना सही नहीं समझा और फोन रख दी।

# एक नजर

## विवेकानंद शिशु मंदिर लचरागढ़ में नामांकन हेतु किया गया प्रचार प्रसार

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित शिशु विधा मंदिर के प्रधानाध्याचार्य राजेंद्र साहु के नेतृत्व मे कोम्बाकेरा में जनसम्पर्क अभियान के तहत में घर-घर जाकर विद्यालय में नामांकन के निमित प्रचार-प्रसार किया गया ।विद्यालय की विशेषता को बताते हुए अपने बच्चों को नामांकन के लिए प्रेरित किया गया ।इस गाँव से काफ़ी संख्या में नामांकन कराने के लिए उत्सुक हैं।आचार्य प्रमोद पाणिग्रही प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु उपस्थित थे।

## सुंदरपुर में वृद्ध महिला का दरवाजे के गेट में मिला झूलता शव

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के गोतरा कुम्हारटोली में मंगलवार की सुबह संदिग्ध हालत में घर के दरवाजे से झूलता एक 82 वर्षीय वृद्ध महिला का पुलिस ने शव बरामद किया महिला की पहचान मन कुँमारी देवी के रूप में हुई। मौके पर पुलिस ने शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में यूडी केस दर्ज करते हुए मामले की छानबीन कर रही हालांकि मेरी जानकारी के अनुसार दरवाजे के गेट पर महिला का झूलता शॉप बरामद हुआ था और महिला का पैर जमीन पर सटा हुआ था ऐसे में फांसी लगाने से संबंधित मामला सन्दिग्ध दिखाई देता है, जिसको लेकर पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।।

## हुरदा में अखंण्ड हरि कीर्तन संपन्न



**बानो।** प्रखंड के हुरदा में अष्ट प्रहरी अखण्ड हरि कीर्तन नगर भ्रमण पूर्णाहूति व भण्डारा के साथ समान हो गया। हरि कीर्तन में हुरदा, गेरदा, गेनमेर, मरानी, रायकेरा , जोरपोंडा, बादबंग, बेलकीदुरा नीमडा डुमरमुण्डा के कर्तिक मण्डलियों ने भाग लिया। यज्ञमान की भूमिका धुरन सिंह व पुरोहित की भूमिका ददन मिश्रा ने निभायी। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपालदास, धनश्याम दास, मुरुद्र सिहं, फिटंग सिंह कोजु सिंह पुयु सिह, बलदेव साहू, लक्षातन साहू सुरेन्द्र साहू, चन्द्र साहू, चामू सि सिंह, जतरु सिंह के अलावा अन्य कई लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चाटुओडा में दो दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव का समापन



**बानो।** प्रखंड के चाटुओडा में दो दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव का समापन किया गया। मंगलवार को पुर्णाहुति व नगर भ्रमण भंडारा कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।अखंड हरि कीर्तन मे पबुडा, उकौली, चाटुओडा, निमतुर बानो, केवेटांग के कीर्तन मंडली ने भाग लिया।पुरोहित पंडित दिग विजय महापात्र व यजमान की भूमिका धन सिंह व उनकी धर्मपत्नी प्रमिला देवी निभाया।कार्यक्रम को सफल बनाने मे अखंड हरी कीर्तन पूजा समिति चाटुओड़ा के जगरनाथ सिंह,नारायण सिंह लोदो सिंह,खतो सिंह,मनोजर सिंह,राधेश्याम सिंह,नकुल सिंह,धन सिंह,तिलक सिंह,भारत सिंह,दिनेश सिंह, सकलदीप सिंह,ममता देवी, धनेश्वरी देवी,गौरी देवी,मालती देवी,के अलावा अन्य लोगो की अहम भुमिका रही।

## कोलेबिरा विधायक ने उठाई मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान की मांग

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोगाड़ी ने विधानसभा बजट सत्र के दौरान मंगलवार को सिमडेगा जिले में मनरेगा मजदूरों की 2 महीना से बकाया भुगतान की मांग को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने सदन के माध्यम से कहा कि सिमडेगा जिला अंतर्गत मनरेगा कार्य कर रहे हैं मजदूरों को करीब 2 महीना से मनरेगा मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है जिससे मजदूरों में असंतोष है, और वह पलायन करने के लिए मजबूर हो रहे है। विधायक ने कहा कि सिमडेगा जिला में कोई भी औद्योगिक कल कारखाना नहीं है ,यहां के अधिकतर लोग वन निवासी है सिमडेगा जिला में बड़े पैमाने पर कोई खदान भी नहीं है यहां के लोग वन उपज पर आश्रित ऐसे में यहां के लोग मनरेगा को अपना महत्वाकांक्षी योजना मानकर उसे पर आशीर्वाद आते हैं। किंतु दो महीना से मजदूरों का भुगतान नहीं मिलने पर सिमडेगा जैसे जिले के लिए सोचनीय विषय है। अगर मजदूरों के किए हुए मजदूरी का भुगतान समय पर नहीं होता है तो मजदूरों के बीच भुखमरी की नौबत आप पड़ती है और नतीजा भूख से बचने के लिए महिला और पुरुष अन्य प्रदेशों में पलायन कर जाते हैं। जिसका परिणाम कभी-कभी सुनने को मिलता है और इसके अलावा सिमडेगा की बच्चियों का शोषण भी दूसरे राज्य में होता है। उन्होंने कहा कि सरकार को यथाशीघ्र सिमडेगा जिले में मनरेगा मजदूरों की भुगतान करने की आवश्यकता है ताकि सिमडेगा जिले में पलायन न हो।

## जराकेल पाहन टोली में सरहुल को लेकर सरना समिति का गठन अध्यक्ष बने प्यारा मुंडा



**बानो ।** प्रखंड के कानारोवां पंचायत अंतर्गत जराकेल पाहन टोली में आगामी सरहुल को लेकर सरना समिति का गठन किया गया। बैठक कॉम्पर्ट मुंडा बाइस पड़हा महाराजा सनिका मुंडा की अध्यक्षता में किया गया। श्री मुंडा ने कहा कि आदिवासियों को अपनी पूर्वजों से मिली सांस्कृतिक, परंपरा,रीति रिवाज,संस्कार, विरासत को संजो के रखने की जरूरत है हमारी रूढ़ि प्रथा ही हमारी पहचान है। बैठक में निम्न रूप से समिति में पदाधिकारीयों का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष प्यारा मुंडा, उपाध्यक्ष थॉमस लुगुन, सचिव विलियम लुगुन , उपसचिव बिरेन डुंगडुंग, कोषाध्यक्ष गोबिंद लुगुन, सलाहकार अनिल डुंगडुंग, संरक्षक , कुलदीप सिंदुरिया, ग्राम प्रधान जॉर्ज सोरेंग, विकाश मघईया, फागू लुगुन,अनूप सिंदुरिया, राजेश लोहरा, सदस्य लुकास मुंडा,आशीष सुखराम बूढ़, मारकुस लुगुन, नितेश डुंगडुंग आदि उपस्थित थे।

# अंतर जिला महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम में बीएसए की 8 खिलाड़ी चयनित, बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** जमशेदपुर में खेले गए टूर्नामेंट में बरही बीएसए की 8 महिला क्रिकेटरों को अंतरजिला झारखंड महिला अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयन किया गया. जो हजारीबाग जिला से महिला टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी. टूर्नामेंट का आयोजन झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में जमशेदपुर में किया जा रहा है. इस टूर्नामेंट में हजारीबाग, रांची, जमशेदपुर, रामगढ़, देवघर, कोडरमा, धनबाद, बोकारो, सिमडेगा, लोहरदगा, खूंटी और गिरिडीह की महिला क्रिकेट टीम भाग लेंगी. ग्रुप ए में शामिल हजारीबाग की टीम 3-3 मैच खेलेंगी. 18 मार्च को हजारीबाग बनाम लोहरदगा, 21 मार्च को हजारीबाग बनाम बोकारो, 22 मार्च को हजारीबाग बनाम गिरिडीह खेलना है. सभी मैच जमशेदपुर के टेल्को मैदान में खेले जाएंगे. हजारीबाग जिला का कप्तानी रिंकी कुमारी करेगी. उक्त जानकारी बीएसए के मुख्य संरक्षक सह प्रशिक्षक अब्दुल मनान वारसी ने दी. चयनित खिलाड़ियों में चयनित खिलाड़ियों में वर्षा कुमारी पिता बिरेंद्र कुमार ग्राम न्यू कॉलोनी बरही, सोनम कुमारी पिता सकलदेव यादव लराही चौपारण, सोनी कुमारी पिता चंद्रदेव कुमार यादव सिंहपुर, रितिका कुमारी पिता गणपत राणा हजारीधमना, अंकिता कुमारी पिता बिनोद कुमार यादव तोइया चौपारण, कृति कुमारी पिता बिनोद राणा ग्राम हजारीधमना, सलोनी कुमारी पिता छोटन राणा कुंडवा और रिंकी राणा पिता भरत राणा ग्राम बरहीडीह शामिल है. सभी खिलाड़ी प्रखंड मैदान बरही में बीएसए संरक्षक के सान्निध्य नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं. मुख्य संरक्षक ने कहा कि दृढ़ विश्वास और धैर्य के साथ खेली गई बाजी हमेशा सफल होते हैं. खिलाड़ियों के चयन पर विधायक कुमार मनोज यादव, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजित कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, इंस्पेक्टर आभास कुमार, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बिनोद विश्वकर्मा, अरुण साहू, रंजीत चंद्रवंशी, गुरुदेव गुप्ता, कपिल केशरी, व्यवसायी मनोज केशरी, डीएवी पब्लिक स्कूल प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़, आइलेक्स पब्लिक स्कूल निदेशक शैलेश कुमार, श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल प्राचार्य रोहित सिंह, प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के प्राचार्य शिवकुमार राम, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविकांत ओम, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, अध्यक्ष नौशाद अहमद, सचिव बलराम केशरी, धर्मपाल केशरी, रौशन राणा, अनिल रजक, मनितोष यादव, बसंत ठाकुर, कुलदीप कुमार आदि कई लोगो ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है.

## मालवाहक मैजिक के टक्कर से बाइक सवार घायल



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित गांडेय मोहदा मोड़ के पास एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति गांडेय थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी 40 वर्षीय टिंकू सिंह है। घटना की जानकारी मिलने पर गांडेय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल टिंकू सिंह को इलाज के निजी वाहन से गांडेय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार टिंकू सिंह अपने भतीजे के साथ गांडेय बाजार गैस टंकी लेने के लिए अपने बाईक से आया हुआ था । गांडेय बाजार में एक मालवाहक मैजिक ने उसके बाईक को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया । मौके पर टिंकू सिंह का भतीजा बाईक से कूदकर नीचे उतर गया जिससे उसको चोट नहीं लगी ।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**State Urban Development Agency,4th Floor, Project Bhawan,Dhurwa,Ranchi -834004**
**Phone: 0651-2446640 | email:suda.goj@gmail.com**

Letter No.: 299
P.R No. 346886

**Corrigendum**

Dated: 17/03/2025

All bidders are hereby informed that Corrigendum is being issued regarding Tender Notice No.: 03 Dated:-19/02/2025 "*E-Tender for the Selection of agency for support in publication of Service level Benchmark (SLB) of ULBs for Water Supply, Sanitation, Solid Waste Management and Storm Water Drainage through Online PAS Portal*", the following amendment has been made.

| Sl. No. | Schedule | Earlier Date & Time | Amended Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Last Date/Time for Bid submission | 17/03/2025 at 16:00 hours | 25/03/2025 at 17.00 hours |
| 2 | Technical Bid Opening Date | 18/03/2025 at 16:00 hours | 26/03/2025 at 16.00 hours |

Remaining terms and conditions mentioned in the RFP will remain unchanged. The bidders are advised to take the above Corrigendum into account before submission of their bids against the tender.
Please visit http://udhd.jharkhand.gov.in for further updates.

S/d
(Amit Kumar)
Director, SUDA

PR 348663 Urban Development and Housing(24-25).D


### मवेशी चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ा, जमकर की धुनाई

# कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने लिए कब्जे में



**नवीन मेल संवाददाता। बेंगाबाद** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के सामूडीह से बैल चोरी कर ले जा रहे एक मवेशी चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ा। पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने चोर को बांध कर उसकी जमकर पिटाई की। बाद में घटना की सूचना पर बेंगाबाद पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया गया मगर ग्रामीणों किसी भी सूरत में मानने को तैयार नहीं हुए। बाद में स्थिति को देखते हुए सदर एसडीपीओ जीतबाहन उरांव मौके पर पहुंचे और अक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कराया। जिसके बाद पुलिस ने मवेशी चोर को अपने कब्जे में लेते हुए थाना लाया गया। पकड़ा गया चोर बेंगाबाद थाना क्षेत्र के घुठियां गांव का रहने वाला वसीम अकरम है। घटना के संबंध में बताया गया कि मवेशी चोर वसीम अकरम मंगलवार की दोपहर सामूडीह निवासी पांचू टुडू का बैल चोरी कर भाग रहा था। चोर बैल को रस्सी से बांध कर पैदल ले कर जा रहा था। इसी दौरान बगल के गांव चांदियों के कुछ ग्रामीणों की नजर बैल चोर पर पड़ी। संदेह होने पर ग्रामीणों ने उसे रोका और पूछताछ करने लगे। बैल की पहचान करते हुए ग्रामीणों ने पांचू टुडू को मामले की सूचना दी। जिसके बाद डुगडुगी बजाकर काफी संख्या में आदिवासी समाज के लोग इकट्ठा हो गए और मवेशी चोर को पकड़ कर उसकी जमकर पिटाई की।

### सभी लाभुकों को मंईयां सम्मान की राशि देने का वादा अधूरा

# महिलाएं लगा रहीं हैं प्रखंड कार्यालय का लगातार चक्कर




**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंईया सम्मान योजना के दर्जनों लाभुकों को तीन माह का राशि नहीं मिलने के कारण प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही है ताकि जानकारी ले सके कि किन कारणों से उनका तीन का एकमुश्त राशि नहीं आया।बतादे कि इस योजना की चालू हो जाने से महिलाओं में खुशी और उमंग था।इस बार होली में सरकार के द्वारा सात हजार पांच सौ रुपए हर महिलाओं को मिलना था लेकिन सभी महिलाओं को नहीं मिलने से महिलाओं में सरकार के प्रति रोष है।बतादें की प्रखंड कार्यालय में आये हुए महिलाओं में किसी का बैंक पासबुक में डीबीटी नहीं हुआ।तो किसी का आधार लिंक नहीं है तो किसी का पासबुक का केवाईसी नहीं हुआ है । लाभुक नाजिया परवीन खातुन नुरेजा रूबी खातुन बस बी देवी गीता देवी रेखा देवी रिंकी देवी कुन्ती देवी बबिता देवी खुशबु देवी आदि ने बताया कि पहले एक एक हजार रुपये आया फिर एक बार ढाई हजार रुपये आया लेकिन इसबार तीन माह का एकमुश्त राशि नहीं आया है। हमसभी कड़ी धूप में कार्यालय का चक्कर लगाकर चले जाते हैं कोई हल नहीं निकलता है। राज्य सरकार की मंशा ठीक नहीं है।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, RAMGARH RAMGARH, PIN – 829122**

**CORRIGENDUM**

**Due to some unavoidable circumstances the due date for e-short tender notice is hereby extended as following manner:-**

| Sl. No | NIT No. | Name of work | Estimated cost (InRs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (GST18% Included)Non-refundable(In Rs.) | Time of Completion (In Day) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 340/PR/ JBVNL /2024-25 | R&M of shed for transformer repairing worksat T.R.W Ramgarh. | 3,98,000.00/- | 8000.00/- | 886.00/- | 90 days |
| 02 | 341/PR/ JBVNL /2024-25 | R/M of roof with allied civil works at Electric Supply Sub Division, Ramgarh. | 3,96,800.00/- | 8000.00/- | 886.00/- | 90 days |
| 03 | 342/PR/ JBVNL /2024-25 | R/M of DGM (Tech) chamber and roof of Electric Supply Circle, Ramgarh office building at Ramgarh. | 2,04,900.00/- | 4100.00/- | 590.00/- | 60 days |
| 04 | 343/PR/ JBVNL /2024-25 | Renovation of boundary wall behind office of E.S.D Kujju at Ramgarh. | 4,01,400.00/- | 8100.00/- | 886.00/- | 90 days |
| 05 | 344/PR/ JBVNL /2024-25 | R/M of front side boundary wall of Electric Supply Circle campus at Ramgarh. | 3,99,300.00/- | 8000.00/- | 886.00/- | 90 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | 03/03/2025 From 02.00 PM |
| Last date and time for uploading of e-Tender | 20/03/2025 up to 06:00 PM |
| Last date and time for physical submission of original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money | 21/03/2025 up to 01:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 21/03/2025 At 03:00 PM |
| Date and time for opening of tender Part-II (Price Part) | To be communicated further |
| Tendering officer and address for communication | Dy. G.M (Tech.), Electric Supply Circle,Ramgarh |

Other terms and conditions will remain same as in the tender notice.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉलफ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 347685

Sd/-
Dy.GM (Tech)
Electric Supply Circle, Ramgarh

PR 348698 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)#D


## हजारीबाग यूथ विंग की नई कार्यकारिणी घोषित

**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग ने वर्ष 2025-27 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के मार्गदर्शन में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देने के उद्देश्य से यह कमेटी गठित की गई है। संगठन के अध्यक्ष करण जायसवाल अपने पद पर बने रहेंगे और नए सत्र में भी संगठन के विकास और सेवा कार्यों का नेतृत्व करेंगे। नई कार्यकारिणी में सचिव रितेश खंडेलवाल, सह सचिव अभिषेक पांडे,उपाध्यक्ष विकास तिवारी, कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया शामिल है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की हजारीबाग यूथ विंग समाज सेवा के प्रति समर्पित संस्था है, जो हर वर्ष धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान देती है। संगठन की नई कार्यकारिणी के सदस्यों से हमें पूर्ण विश्वास है कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। रामनवमी पर आयोजित होने वाला लड्डू महाभोग वितरण और रमजान सेवा कार्यक्रम हमारे सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता के मूल्यों को मजबूत करता है।

### महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई शुरू करने की मांग विस में मांग उठी


# तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों की भागीदारी बढ़ेगी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** गोला प्रखंड के हुप्पू में नवनिर्मित महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में जल्द से जल्द पढ़ाई शुरू कराने का मुद्दा स्थानीय विधायक ममता देवी ने विधानसभा में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से मांग किया कि इस महत्वपूर्ण संस्थान को अविलंब क्रियाशील किया जाए, ताकि झारखंड की छात्राओं को तकनीकी शिक्षा का समुचित लाभ मिल सके और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों का रुख न करना पड़े। विधायक ममता देवी ने कहा कि यह महिला इंजीनियरिंग कॉलेज राज्य की छात्राओं के लिए एक वरदान साबित होगा, जिससे तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों की भागीदारी बढ़ेगी और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करेगा, लेकिन यदि इस संस्थान को जल्द चालू नहीं किया गया, तो इसका उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। सदन में चर्चा के दौरान विधायक ने कहा कि कॉलेज में शिक्षकों की नियुक्ति, आधारभूत संरचना, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और छात्रावास जैसी सुविधाओं को दुरुस्त कर जल्द से जल्द कक्षाएं शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज भवन तो बनकर तैयार है, लेकिन जब तक शैक्षणिक सत्र प्रारंभ नहीं होगा।

तब तक यह मात्र एक संरचना बनकर रह जाएगा। विधायक ने कहा कि झारखंड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की कई छात्राएं इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहती हैं, लेकिन संसाधनों और आर्थिक बाधाओं के कारण वे बाहर नहीं जा पातीं। यदि यह कॉलेज जल्द शुरू हो जाता है, तो प्रदेश की हजारों छात्राओं को स्थानीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

## भाजपा सदर विधायक ने विधानसभा में सरकार की नाकामी को किया उजागर



**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिक्षा, पर्यावरण और वन संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने सरकार से सीधे सवाल किए और उसकी नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थानों की अनियमितता पर सरकार मौन क्यों है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में यह गंभीर मुद्दा उठाया कि झारखंड में हजारों कोचिंग संस्थान बिना किसी नियमन के संचालित हो रहे हैं, जिससे छात्रों और अभिभावकों का शोषण हो रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह सच है कि कोचिंग संस्थान बिना किसी सरकारी मान्यता के मनमाने तरीके से छात्रों से फीस वसूल रहे हैं।

# विधायक मद से बनने वाली पीसीसी निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप, जांच की मांग

*योजना विधायक मद का है लेकिन बंदर बांट हो रही है इस योजना में घटिया प्रकार की इट एवं, सीमेंट एवं अन्य सामग्री लगाया जा रहा है*



**नवीन मेल संवाददाता। बेंगाबाद** मामला बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के मधवाड़ीह पंचायत के अंतर्गत बरियारपुर में मंगलवार को पीसीसी रोड का निर्माण किया जा रहा था इस निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही थी इसी बाबत स्थानीय मुखिया सिद्दीक अंसारी ने योजना का जायजा लिया और उन्होंने कहा कि योजना विधायक मद का है लेकिन बंदर बांट हो रही है इस योजना में घटिया प्रकार की इट एवं, सीमेंट एवं अन्य सामग्री लगाया जा रहा है साथ ही साथ यह रोड की प्राक्कलन राशि के अनुसार चार इंच ढलाई करना है परंतु मैंने कई जगह पर खुदाई करके देखा तो कहीं 2 इंची तो कहीं पौने दो इंची मात्र देखने को मिला है इससे इससे साफ जाहिर हो रही है की विधायक मद का पैसा को दुरुपयोग किया जा रहा है स्थानीय विधायक के द्वारा योजना को दी जाती है परंतु विभाग और बिचोलिया के माध्यम से यह योजना को सिर्फ खानापूर्ति कर ली जाती है इस संबंध में मुखिया ने बताया कि मौखिक ने सूचना टेलीफोन के माध्यम से एनआरपी के जेई को दी है और आगे कार्यपालक अभियंता के नाम पर पत्राचार करूंगा।यदि योजना का प्राक्कलन क्या है जांच नहीं होगी तो इसमें इस सामग्री का नमूना भी जांच करने के लिए भी विभाग को लिखने के लिए मजबूर होंगे क्योंकि इस प्रकार विभाग की उदासीनता रवैया रखने के कारण से लगातार क्षेत्र में इसी प्रकार का काम कर लिया जाएगा जिससे लोगों को दिक्कतें होगी मुखिया ने बताया कि लगभग लाखों के अधिक लागत से यह रोड का निर्माण किया जा रहा है परंतु विभाग के ओछी सोच के कारण लोगों ने जैसे तैसे कार्य कर योजना को पूर्ण कर दिया जा रहा है।

### देवी मंडप महायज्ञ को लेकर हुई बैठक, कमेटी गठित

# 24 को ध्वजारोहण व 30 मार्च को जलयात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** गौरिया करमा देवी मंडप में आयोजित होने वाले दूसरे नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर देवी मंडप परिसर में स्थानीय ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसकी रामप्रकाश चौधरी और संचालन जुगल पांडेय व राजन यादव ने संयुक्त रूप से किया. सर्वसम्मति से महायज्ञ आयोजन की सहमति बनी. साथ ही महायज्ञ के कार्यक्रमो की तिथियां निर्धारित की गई. निर्धारित तिथि के अनुसार 24 मार्च को महायज्ञ के लिए ध्वजारोहण और 30 मार्च को भव्य जलयात्रा निकाले जाने की सहमति बनी. 1 से 5 अप्रैल तक रात्रि में धार्मिक प्रवचन, 6 अप्रैल को रात्रि में जागरण तथा 7 अप्रैल को पूणाहुति व भंडारा के साथ महायज्ञ का विसर्जन समापन होगा. महायज्ञ सफल बनाने के लिए स्थानीय लोगों से तन-मन-धन से सहयोग की अपील किया गया. साथ ही कमिटी गठित करते हुए कार्यभार सौंप गए. महायज्ञ के प्रचार-प्रसार का कार्य मनोज पाण्डेय एवं शिवकुमार पाण्डेय व उनके सहयोगी करेंगे. दिलचंद मेहता, तुलसी मेहता, जिबलाल मेहता, रीतलाल मेहता, प्रकाश मेहता, महादेव राणा,उपेन्द्र दास, मनोज मेहता, प्रकाश मेहता यज्ञशाला मरम्मती का जिम्मा दिया गया. इसके साथ ही 2024 के बकाया चंदा और वर्तमान महायज्ञ के लिए प्रति घर 1500/- रुपए चंदा अपने जाति समाज के चंदा जमाकर्ता के पास जमा करने की अपील की गई।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची।**
ई–मेल:**eedwsd.ranchiwest@gmail.com**

**आम सूचना**
**(प्रेस विज्ञाप्ति)**

एतद् द्वारा इस प्रमण्डल के क्षेत्रान्तर्गत नामकुम, काँके, रातु, नगड़ी, लापूंग, बेड़ो, ईटकी, चान्हों, माण्डर, बुढमू एवं खलारी प्रखण्ड के सर्व साधारण/आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि आसन्न गर्मी को देखते हूए उपरोक्त प्रखण्डों में अवस्थित बन्द नलकूपों के मरम्मति, गृह संयोजन, सोलर आधारित, पेयजल आपूर्ति संबंधित, मोटर संबंधित एवं अन्य समस्याएँ हेतु शिकायतो को दर्ज करने के लिए प्रमण्डलीय स्तर पर तथा अवर प्रमण्डलीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष (Control Room) की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष में कार्यरत प्रभारी पदाधिकारियों के दुरभाष नम्बर पर अपनी पेयजल समस्याओं/शिकायतो को अंकित कराया जा सकता है, ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतानुसार बन्द नलकूपों की मरम्मति करा कर चालू कराया जा सके। संधारित नियंत्रण कक्षो का ब्योरा निम्नांकित रूप से प्रसारित/प्रकाशित किया जा रहा है।

(1) प्रमण्डल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या– 7870090130

| क्र0 सं0 | प्रभारी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नं0 | षिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री दषरथ चौधरी, निम्नवर्गीय लिपिक। | प्रमण्डल अन्तर्गत सभी प्रखण्ड | 7870090130 | कार्यालय अवधि में। |
| 2 | श्री विनित गाड़ी, निम्नवर्गीय लिपिक। | प्रमण्डल अन्तर्गत सभी प्रखण्ड | 6205199525 | |

**(2) अवर प्रमण्डल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या–**

| क्र0 सं0 | प्रभारी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नं0 | षिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रमेष शर्मा, निम्नवर्गीय लिपिक। | नामकुम, काँके | 7717773292 | कार्यालय अवधि में। |
| 2 | श्री निर्मल ग्रेवियल एक्का, निम्नवर्गीय लिपिक। | रातु, नगड़ी, बेड़ो, ईटकी, लापूंग। | 7903585217 | |
| 3 | श्रीमति गीता खत्री, निम्नवर्गीय लिपिक। | माण्डर, चान्हो, बुडमू, खलारी। | 7870424574, | |

**(3) अवर प्रमण्डल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाषः–**

| क्र0 सं0 | प्रभारी का नाम/पदनाम | मोबाईल नं0 | प्रषाखा का नाम | प्रखण्ड का नाम | पदस्थापित कनीय अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री प्रेम कुमार महतो, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, डोरण्डा। | 9431566208 | नामकुम | नामकुम, | श्री भीम टोप्पो | 7979927044 |
| | | | काँके | काँके | श्री रोहित राज | 7093536719 |
| 2 | श्री देवानन्द सिंह, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, बेड़ो। | 9304480691 | लापूंग | लापूंग | श्री विजय सिंह | 9471160682 |
| | | | रातु, नगड़ी | रातु, नगड़ी | श्री भारत शर्मा | 9149048668 |
| | | | ईटकी, बेड़ो | ईटकी, बेड़ो | श्री विजय मिंज | 9065711120 |
| 3 | श्री देवानन्द सिंह, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, माण्डर। | 9304480691 | चान्हो | चान्हो | श्रीमति किरण कुमारी | 8809027348 |
| | | | माण्डर | माण्डर | श्री सुमेलाल उराँव | 8521612878 |
| | | | बूडमू, खलारी | बूडमू, खलारी | श्री दिपांकर कुमार | 7631191945 |

उपर्युक्त स्थापित नियंत्रण कक्षो (Control Room) के अलावे आम नागरिक अपनी पेयजल/नलकूप मरम्मति संबंधी समस्याओं को अंकित करने हेतु प्रखण्ड स्तर पर भी संधारित शिकायत पंजी का उपयोग कर सकते हैं, जिसके संदर्भ में निम्नांकित निर्देश सभी कनीय अभियंता/सभी सहायक अभियंता को अनुदेशित है:–

1. राज्य स्तर पर सम्पादित नियत्रंण कक्ष टोल फ्री नम्बर– 18003456502 एवं मो0 नं0 9470176901 पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु श्री दशरथ चौधरी, निम्नवर्गीय लिपिक का दायित्व होगा कि प्राप्त शिकायतो को संबंधित कनीय अभियंता को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे एवं निराकरण प्रतिवेदन नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध करायें।
2. सभी कनीय अभियंता को निर्देश है कि अपने–अपने प्रखण्डों में एक–एक शिकायत पंजी को संधारित कर प्रखण्ड कार्यालय में रखना सुनिश्चित करेंगे।
3. सहायक अभियंता नलकूप मरम्मति गैंगो का गठन कर प्रमण्डलीय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
4. सभी कनीय अभियंता/नलकूप मरम्मति गैंगो का यह दायित्व रहेगा कि प्रखण्ड कार्यालय में संधारित शिकायत पंजी में दर्ज शिकायतों को प्राप्त कर पेयजल संबंधी शिकयतो को दूर करना सुनिश्चित करेंगे।
5. नियंत्रण कक्षों के प्रभारी/नोडल पदाधिकारी उनके मोबाईल नम्बरो पर प्रतिदिन नलकूप मरम्मति हेतु प्राप्त शिकायतों को नलकूप मरम्मति गैंग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

"जल ही जीवन है"
जल के बिना जीवन की कल्पना भी मुश्किल है.....

PR 348655 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उद्देश्यहीन जीवन द्वारा नहीं, बल्कि एक नियमित एवं संतुलित जीवन द्वारा तुम महापुरुषों के आशीर्वाद प्राप्त कर सकोगे। तब माया कभी भी अपने माध्यम के रूप में तुम्हारा उपयोग नहीं कर पायेगी। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# धार्मिक आधार पर आरक्षण का दांव

अभी होली में देश के विभिन्न संप्रदायों के लोगों ने आपसी सद्भाव और सौहार्द का जो रंग जमाया, वह छूटा भी नहीं है कि कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने कर्नाटक सार्वजनिक खरीद पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन को कैबिनेट में मंजूरी देकर मुस्लिम समुदाय के लिए सरकारी ठेकों में चार फीसदी आरक्षण का प्रावधान कर अनेक सवालों और विवादों को जन्म दे दिया है। संशोधन विधेयक विधानसभा में इसी बजट सत्र में पेश किया जाएगा, जिसके पारित होने पर सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को आरक्षण का रास्ता साफ हो जाएगा। यह फैसला सांविधानिक समरसता को चुनौती देता है, जिसके दूरगामी सामाजिक व आर्थिक प्रभाव हो सकते हैं। हालांकि राज्य सरकार तर्क दे रही है कि यह कदम 'पिछड़े वर्गों' के सशक्तीकरण की दिशा में उठाया गया है, लेकिन यह नीति धर्म के आधार पर नागरिकों के साथ भेदभाव करती है, जो संविधान की मूल भावना के प्रतिकूल है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जिसकी नींव समानता, न्याय और अवसरों की निष्पक्षता पर आधारित है। धार्मिक आधार पर आरक्षण देना इन मूल्यों का प्रत्यक्ष उल्लंघन है। विशेषज्ञों के मुताबिक, संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 में शिक्षा एवं नौकरी के लिए आरक्षण का प्रावधान है, ठेकों के लिए नहीं। यह समाज में एक खतरनाक विभाजनकारी प्रवृत्ति को जन्म देता है, जिसके पीछे की राजनीति और संभावित दुष्परिणामों पर गंभीर विचार करना आवश्यक है। ऐसे फैसले वोट-बैंक की राजनीति के तहत किए जाते हैं, जो समाज में ध्रुवीकरण पैदा कर असमानता बढ़ाते हैं। सरकार को समझना चाहिए कि ठेका प्रणाली में योग्यता, पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा का होना अत्यंत आवश्यक है। अन्यथा इससे भ्रष्टाचार और पक्षपात के नए रास्ते खुल सकते हैं। किसी विशेष धर्म या समुदाय के लिए आरक्षित कोटा लागू करने से सार्वजनिक सेवा की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है, और यह समान अवसर की अवधारणा को कमजोर करता है। बेशक सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने हेतु विशेष अवसर देने की आवश्यकता है, लेकिन यह 'आर्थिक स्थिति' या 'शैक्षिक पिछड़ापन' के आधार पर होना चाहिए, न कि धार्मिक पहचान के आधार पर। यदि प्रत्येक धर्म विशेष को इसी प्रकार रियायत दी जाने लगी, तो यह आरक्षण की अवधारणा का राजनीतिक दुरुपयोग होकर रह जाएगा। धर्म आधारित आरक्षण समाज को बांटने का ही कार्य करेगा, जो राष्ट्रहित में नहीं है। राज्य सरकार अगर तुष्टीकरण की राजनीति छोड़कर सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करे, तो यह सभी के लिए बेहतर होगा और यही उससे अपेक्षित भी है।

*संशोधन विधेयक विस में इसी बजट सत्र में पेश किया जाएगा, जिसके पारित होने पर सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को आरक्षण का रास्ता साफ हो जाएगा।*

# गति के इस युग में समय की गुल्लक से गायब सुख के पल



हम गति के पथ में शामिल हो गए हैं, हम गति के झूठे देवता की पूजा कर रहे हैं। हम वरण और समय-बीमारी से पीड़ित हैं। अपनी सारी गति के बावजूद, हमने अपनी जीवंतता खो दी है, हम थक गए हैं और हमने अपना स्पर्श खो दिया है। लोग तर्क देते है कि हमें कम काम करने चाहिए ताकि हम उन्हें बेहतर तरीके से कर सकें। अल्बर्ट आइंस्टीन अंतरिक्ष में घूरते हुए युग बिताने के लिए प्रसिद्ध थे। विडंबना यह है कि उन्होंने पाया कि प्रकाश की गति स्थिर है, बहुत तेज, शायद सबसे तेज। उन्होंने सिखाया कि हमारे पास समय का केवल एक बोध है, क्योंकि हम इसे किसी और चीज से मापते हैं, जैसे सूर्य की गति, घड़ी की टिक-टिक, किसी चलती हुई वस्तु द्वारा तय की गई दूरी। समय का मापन हम नहीं करते है। ये दूसरी चीजें हैं जो समय को मापती है। अगर हम धीमे हो जाएं तो क्या होगा? हम फटेंगे नहीं। हम विस्फोटित नहीं होंगे। क्या होगा कि हम इन अन्य चीजों को उतना हासिल नहीं कर पाएंगे जितना हम चाहते थे। समय और गति समस्या नहीं हैं, यह वास्तव में इन अन्य चीजों से हमारी अपेक्षाएं हैं, वे चीजें जिन्हें हम समय में भरने की कोशिश कर रहे हैं। हम यह सोचने के लिए समय निकालना चाहिए कि वास्तव में क्या महत्वपूर्ण है। यह परिणाम-उन्मुख समय है। कॉपोरेट सेक्टर की हर मीटिंग में इसी पर चर्चा होती है। हर महीने और साल के अंत में टारगेट तक पहुंचकर, व्यावसायिक सफलता मिल जाती है, लेकिन चेहरे की चमक कम पड़ जाती है। शरीर थक और पक जाता है। पारिवारिक जीवन में भी ऊब भर जाती है। परफॉर्मेंस के चक्कर में जीवन में जो बिखराव आता है, वह हौले-हौले हमारे अनमोल समय को त्रासदियों का अजायबघर बना डालते हैं। सवाल यह है कि हम हमेशा इतनी जल्दी में क्यों रहते हैं? समय की बीमारी का इलाज क्या है? क्या धीमा होना संभव है? निरंतर गति के लिए हम जो कीमत चुकाते हैं, उसकी भरपाई का कोई तरीका है? अब संसार में समय का पहिया उल्टी दिशा में घूमना शुरू हो गया है। दुनिया भर के लोग अपना समय वापस पाना चाह रहे हैं और वे गति को धीमा कर रहे हैं! अस्तित्व की अपनी गतिशीलता और क्रियाशीलता है, उसके समरूप रहकर ही जीवन का मजा है।

एक समय था, जब हमारे पास समय था, लेकिन भौतिक सुख सीमित थे। आज हमने आराम के लिए भौतिक पदार्थों की अनंत श्रृंखलाएं खड़ी कर दी। हमारे जीवन की रफ्तार इतनी तेज है कि हमारे वक्त का एक दिन की धार सालों पर भारी है। परंतु इन सब के बीच समय के गुल्लक में सुख के दो पल गायब है। आतुरत के दौर में इत्मीनान एक मृग-मरीचिका बनती जा रहा है। हम गति के युग में जी रहे हैं। हम अधिक कुशल होने के लिए प्रत्येक मिनट, प्रत्येक घंटे, प्रत्येक दिन में अधिक काम करने के लिए प्रयास करते हैं। आर्टिफिशियल इंटलीजेंस ने दुनिया को उच्च गियर में बदल दिया है। इस कारण समय के साथ हमारी गतिशीलता ने हमें एक टूटने के बिंदु पर धकेल दिया है। थकावट के कगार पर हम अपने शरीर और दिमाग से दूर होते जा रहे है, मानो शरीर पंचतत्वों का नहीं कृत्रिम पदार्थ की बना है। जीवन की गति नियंत्रण से बाहर हो रही है, लेकिन हम रूकने को तैयार नहीं है। फिर एक समय आता है, सुख और खुशी की असीम संभावना के बाद वह दो पल भी मयस्सर नहीं होता!

आज की बात



**डॉ मयंक मुरारी**

मनुष्य की अद्भुत विडंबना है। वह लंबे समय से सब कुछ पाना चाहता है और सब कुछ करना चाहता हैं। पैसा पहली आकांक्षा को रोकता है, और समय दूसरी को रोकता है। लेकिन मुझे लगता है कि समस्या समय नहीं है, बल्कि हमारी आकांक्षाएँ, हमारी महत्वाकांक्षा, हमारा लालच है। एक तरह से, हम अपना समय उस पर बर्बाद करते हैं जो हमारे पास नहीं है या जो हमने अभी तक नहीं किया है। हम जो पहले से ही है (या पहले से ही किया है) उसे पर्याप्त समय नहीं देते हैं या, इससे भी महत्वपूर्ण बात, पर्याप्त सम्मान नहीं देते हैं। एक उदाहरण देता हूं। जब भोजन की बात आती है, तो हम गटकते हैं, निगलते हैं और चले जाते हैं। हम खाने के मेज पर अंत तक पेट भरने के लिए दौड़ते हैं, ताकि (सबकुछ, जिसका अंत नहीं है ) कुछ छुटे नहीं। क्या हम अपने भोजन या उसके निर्माण में लगे लग्न या प्यार का सम्मान को महसूस करते है ! ब्रिटिश पत्रकार कार्ल ऑनेरी अपनी किताब " दी प्रेज ऑफ स्लोनेस" में कहते है कि हम साथ बिताए अपने समय का और इस समय में हम क्या हासिल कर सकते हैं, उसका सम्मान नहीं करते। दूसरी ओर तेज चलने और समय बचाने का हमारा जुनून हमें स्वाभाविक प्रकृति से दूसरी दिशा में ले जाता है। सड़क पर गुस्सा, हवाई यात्रा पर गुस्सा, खरीदारी पर गुस्सा, रिश्तों पर गुस्सा, दफ्तर पर गुस्सा, छुट्टी पर गुस्सा, जिम पर गुस्सा। गति के कारण, हम गुस्से के युग में जी रहे हैं। इललिए धीमा होने की जरूरत है। संतुलन के साथ गतिशीलता का सबसे बड़ा लाभ यह है कि सार्थक संबंध बनाने के लिए समय और शांति मिलती है - लोगों के साथ, संस्कृति के साथ, काम के साथ, प्रकृति के साथ, अपने शरीर और मन के साथ। " दी प्रेज ऑफ स्लोनेस" पुस्तक का संदेश धीमा होना या अपनी गति को नियंत्रित करना या इस क्षण में अपने लिए सही गति ढूंढना है। यह कहीं भी सुझाव नहीं देता है कि हमें वास्तव में रुक जाना चाहिए, सिवाय इसके कि यह ध्यान की चर्चा करता है।

मिलन कुंदेरा का "स्लोनेस" उपन्यास दुनिया के बारे में व्यक्ति की धारणा पर आधुनिकता के प्रभावों पर एक चिंतन है। इसमें प्रलोभन की दो कहानियाँ आपस में जुड़ती है और उदात्त एवं हास्य के बीच झूलती हैं। इस मुक्तिकामी कल्पना के अंतर्गत समकालीन जीवन पर एक गहन चिंतन है। धीमेपन और स्मृति के बीच गुप्त बंधन के बारे में, हमारे युग की भूलने की इच्छा और जिस तरह से हमने खुद को गति के दानव के हवाले कर दिया है। हमारे जीवन की हर अंतरंगता और हर खुशी महज एक खाली सतत शो मात्र है। इसका संदेश है कि धीमेपन और स्मृति के बीच, गति और भूलने के बीच एक गुप्त बंधन है...। धीमेपन की डिग्री स्मृति की तीव्रता के सीधे आनुपातिक है। गति की डिग्री भूलने की तीव्रता के सीधे आनुपातिक है आनंद की शुद्ध खोज, भोगवाद में सुस्ती का अभाव है।

गति हमको उत्साह की एक बड़ी भावना दे सकती है। जीवन और संगीत में इसके लिए एक जगह है, लेकिन हमको एक सीमा खींचनी होगी, और हमेशा गति का उपयोग नहीं करना चाहिए। एक सर्वे के अनुसार अमेरिकन औसतन हर दिन एक कार के पहिये के पीछे बहत्तर मिनट बिताते हैं। एक सामान्य व्यावसायिक कार्यकारी हर साल अड़सठ घंटे मोबाइल होल्ड पर रहने के कारण खो देता है। और अमेरिकी वयस्क वर्तमान में औसतन केवल आधा घंटा प्रति सप्ताह प्यार करने के लिए समर्पित करते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## अब रुपये (₹) के चिह्न पर विवाद!

द्रविड़ मुनेत्र कषगम। इसके दो और नाम हैं। एक-द्रमुक और दूसरा डीएमके। कुछ लोग इसे द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम भी कहते हैं। द्रमुक अब तक हिन्दी थोपने के विरोध में और तमिल भाषा की पहचान को बचाने के लिए मुखर रही है। अब उसने रुपये के चिह्न (₹) को लेकर आपत्ति जताई है। पार्टी का कहना है कि इस चिह्न में भारतीय संस्कृति और विशेष रूप से दक्षिण भारतीय पहचान को उचित स्थान नहीं दिया गया है। भारतीय मुद्रा के चिह्न (₹) को लेकर द्रविड़ मुनेत्र कषगम और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों की आपत्ति क्या वाकई भाषा से जुड़ा विवाद है, या फिर यह सिर्फ़ एक राजनीतिक रणनीति? इस सवाल के कई पहलू हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम और कुछ अन्य दक्षिण भारतीय दलों का तर्क है कि रुपये का चिह्न देवनागरी के "र" अक्षर से प्रेरित है, जो हिन्दी को प्राथमिकता देता है और अन्य भारतीय भाषाओं की अनदेखी करता है। हालांकि, इस चिह्न को डिजाइन करने वाले उदय कुमार धरणी (आईआईटी गुवाहाटी) का कहना था कि इसका डिजाइन देवनागरी "र" और रोमन "R" दोनों से प्रेरित है, ताकि भारतीय और वैश्विक पहचान का मिश्रण दिखाया जा सके। द्रविड़ मुनेत्र कषगम लंबे समय से हिन्दी थोपने के खिलाफ रही है। 1965 में हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के प्रस्ताव के खिलाफ तमिलनाडु में बड़े आंदोलन हुए थे। द्रविड़ मुनेत्र कषगम ने पहले भी नीट, नई शिक्षा नीति और सरकारी नौकरियों में हिन्दी प्राथमिकता का विरोध किया है। अब रुपये के चिह्न को लेकर विवाद द्रमुक के उसी एजेंडे का विस्तार है। द्रमुक का मानना है कि (₹) चिह्न देवनागरी लिपि के "र" (रुपया) से प्रेरित है, जिससे हिन्दी को प्राथमिकता मिलती है, जबकि भारत की अन्य भाषाओं की उपेक्षा होती है। इस पार्टी और तमिलनाडु के कुछ अन्य संगठनों का तर्क है कि रुपये का चिह्न देवनागरी लिपि के "र" से प्रेरित है, जिससे हिन्दी को प्राथमिकता मिलती है और अन्य भारतीय भाषाओं, विशेष रूप से द्रविड़ भाषाओं (तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम) को उपेक्षित किया गया है। उनका मानना है कि मुद्रा का चिह्न ऐसा होना चाहिए, जो सभी भारतीय भाषाओं का समान रूप से प्रतिनिधित्व करे। दक्षिण भारतीय राज्यों में हिन्दी थोपने के खिलाफ पहले से ही एक मजबूत भावना मौजूद है और यह विवाद उसी का विस्तार माना जा सकता है। पार्टी का तर्क है कि भारत की मुद्रा का प्रतीक चिह्न ऐसा होना चाहिए, जो सभी भाषाओं और संस्कृतियों का समान रूप से प्रतिनिधित्व करे। इन दोनों का मानना है कि तमिल समेत दक्षिण भारतीय भाषाओं को केंद्रीय स्तर पर वह पहचान नहीं मिलती, जिसकी वे हकदार हैं।

अलग बात



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# अपनी नहीं, अपनों की सुरक्षा के लिए धीमे चलें

अपनों की मुस्कान बचाइए, रफ्तार को लगाम लगाइए

हर सुबह जब हम अखबार खोलते हैं, तो एक जैसी दिल दहला देने वाली सुर्खियाँ हमारी आंखों के सामने से गुजरती हैं-"तेज़ रफ्तार कार ने फुटपाथ पर सो रहे लोगों को कुचला", "बेकाबू बाइक ट्रक से भिड़ी, युवक ने मौके पर दम तोड़ा", "ओवरस्पीडिंग का कहर-सड़क हादसे में पूरा परिवार छिन गया" ये खबरें पढ़ते ही मन सिहर उठता है, दिल एक पल को ठहर जाता है। फिर हम चाय की चुस्की लेते हैं, और रोज़मर्रा की आपाधापी में फिर से गम हो जाते हैं। मगर क्या कभी ठहरकर सोचा कि जिनके घरों में ये खबरें मातम की सूरत में दाखिल होती हैं, उनकी दुनिया उसी पल वीरान हो जाती है? उनकी हँसी, उनके सपने, उनके अपने- सब कुछ एक लापरवाह रफ्तार की भेंट चढ़ जाते हैं। और जो बिछड़ गए, वे सरकारी कागज़ों में बस एक आँकड़ा बनकर सिमट जाते हैं।

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन**

हमारी सड़कों पर गाड़ियाँ नहीं, बल्कि अहंकार की रेस चल रही है। कोई 100-120 की रफ्तार से कार को हवा में दौड़ा रहा है, तो कोई बाइक को आसमान छूने की ज़िद में जान जोखिम में डाल रहा है। सड़कें अब सड़कें नहीं, स्टंट का मैदान बन चुकी हैं, जहाँ हर शख्स खुद को हीरो साबित करने की जंग लड़ रहा है। ट्रैफिक सिग्नल? वो तो बस सड़क का मूक सजावटी सामान बनकर रह गया है। हॉर्न की ज़रूरत किसे? मगर एक्सीलेटर को दबाकर गाड़ी को रॉकेट में बदलने का जुनून हर गली-नुक्कड़ पर नज़र आता है। कोई इन बेकाबू सनकबाज़ों को बताए कि सड़कें कोई फिल्मी सेट नहीं, जहाँ स्टंटबाज़ी की तालियाँ बटोरी जाएँ। ज़िंदगी कोई वीडियो गेम भी नहीं, जहाँ क्रैश होने पर 'रिस्टार्ट' का बटन दब जाए। जो एक बार चला गया, वह लौटकर नहीं आता- न चेहरा, न मुस्कान, न उम्मीद। मगर यह सच्चाई शायद उन अहंकारी सड़क के 'शहंशाहों' को समझ नहीं आती, जो अपनी सनक में दूसरों की साँसों को कुचलने का हक़ समझ बैठते हैं।

तेज़ गाड़ी चलाने वाले खुद को 'फास्ट एंड फ्यूरियस' का सुपरस्टार समझते हैं, मगर हकीकत में वे अपनी नादानी और लापरवाही का तमाशा बनाते हैं। स्पीड ब्रेकर उनके लिए रुकने की चेतावनी नहीं, बल्कि एक्सीलेटर दबाकर उछाल मारने का मौका है। लाल बत्ती? उसे पार करना तो उनकी 'शान' की बात है, मानो हर सिग्नल उनकी बहादुरी का इम्तिहान ले रहा हो। हेलमेट और सीट बेल्ट? ये तो बस चालान से बचने का जुगाड़ हैं, जान की परवाह किसे! मगर क्या कभी इस 'रफ्तार के रोमांच' की कीमत पर गौर किया? एक पल की सनक में टूटते परिवार के अरमान, माँ की गोद में पड़ी बेटे की ठंडी लाश, बहन के हाथों में भाई की बुझी चिता की राख, या एक बच्चे की आँखों में पिता की याद बनकर सिमटा अनाथापन। क्या यही है उनकी बहादुरी का सबूत? सरकार हर साल सड़क सुरक्षा के ढोल पीटती है। सड़कों पर चमचमाते होर्डिंग्स चिल्लाते हैं-"सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा", "स्पीड ब्रेकर आपकी जान बचाने के लिए हैं", "गति को काबू करो, वरना ज़िंदगी हाथ से छूट जाएगी" मगर ये नारे कागज़ों और बोर्डों तक ही सिमटकर रह जाते हैं। सड़क पर खड़ा ट्रैफिक पुलिसकर्मी हेलमेट या सीट बेल्ट न पहनने वालों को तो पकड़ लेता है, पर ओवरस्पीडिंग के शहंशाहों के आगे उसकी हिम्मत भी जवाब दे जाती है। कभी सुना है कि किसी रफ्तारबाज़ को सिर्फ तेज़ गाड़ी चलाने की सख्त सजा मिली हो? चालान काटा, जेब से कुछ नोट निकाले, और फिर वही रफ्तार का खेल शुरू। टीवी पर हादसे की खबर आती है, लोग दो मिनट अफसोस जताते हैं, और फिर मोबाइल स्क्रॉल करके अगला टाइमपास ढूंढ लेते हैं। सड़क पर पड़ा घायल इंसान मदद की गुहार लगाए, मगर लोग उसे बचाने की बजाय कैमरे निकालकर वीडियो बनाते हैं-सोशल मीडिया पर लाइक्स जो बटोरने हैं। यह कैसी बेरहम बेपरवाही है, जहाँ इंसानियत भी रफ्तार की बलि चढ़ गई? यह सवाल सिर्फ आपकी साँसों का नहीं, बल्कि उन बेकसूर ज़िंदगियों का है, जो सड़क पर हर कदम के साथ घर लौटने का भरोसा लिए चलते हैं। उन नन्हे बच्चों का, जो खिड़की से पिता की राह निहारते हैं, उन माँओं का, जो हर दुआ में बेटे की सलामती माँगती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

जंगल था, जंगल रहा, जीवन का एहसास।
यूं कहने को पास है, शब्दों का इतिहास।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए


समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# ट्रंप प्रशासन के टैरिफ संबंधी निर्णय का भारत पर प्रभाव

अमेरिका में इस साल 20 जनवरी को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ली गई शपथ के उपरांत उनका प्रशासन आर्थिक एवं अन्य क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण फैसले बहुत तेज गति से ले रहा है। इससे विश्व के कई देश प्रभावित हो रहे हैं एवं कई देशों को तो यह भी समझ में नहीं आ रहा है कि अंततः आगे आने वाले समय में इन फैसलों का प्रभाव इन देशों पर किस प्रकार होगा। ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को बढ़ा रहा है क्योंकि इन देशों द्वारा अमेरिका से आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि "टिट फोर टेट" एवं "रेसिप्रोकल" आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रैल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है। अमेरिका में उपभोक्ता आधारित उत्पादों का आयात अधिक मात्रा में होता है और अब अमेरिका चाहता है कि इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ हो ताकि इन उत्पादों का अमेरिका में आयात कम हो सके। दक्षिण कोरीया, जापान, कनाडा, मेक्सिको आदि जैसे देशों की अर्थव्यवस्था केवल कुछ क्षेत्रों पर ही टिकी हुई है अतः इन देशों पर अमेरिका में बदल रही नीतियों का अधिक विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जबकि भारत एक विविध प्रकार की बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है, अतः भारत को कुछ क्षेत्रों में यदि नुकसान होगा तो कुछ क्षेत्रों में लाभ भी होने की प्रबल सम्भावना है। संभवतः अमेरिका ने भी अब यह एक तरह से स्वीकार कर लिया है कि भारत के कृषि क्षेत्र को टैरिफ युद्ध से बाहर रखा जा सकता है, क्योंकि भारत के किसानों पर इसका प्रभाव विपरीत रूप से पड़ता है। और, भारत यह किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा कि भारत के किसानों को नुक्सान हो। डेयरी उत्पाद एवं समुद्रीय उत्पादों में भी आवश्यक खाने पीने की वस्तुएं शामिल हैं। भारत अपने देश में इन उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्देश्य से इन उत्पादों के आयात पर टैरिफ लगाता है, ताकि अन्य देश सस्ते दामों पर इन उत्पादों को भारत के बाजार में डम्प नहीं कर सकें। साथ ही, भारत में मिडल क्लास की मात्रा में वृद्धि अभी हाल के कुछ वर्षों में प्रारम्भ हुई है अतः यह वर्ग देश में उत्पादित सस्ती वस्तुओं पर अधिक निर्भर है, यदि इन्हें आयातित महंगी वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं तो वह इन्हें सहन नहीं कर सकता है। अतः यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को सस्ते उत्पाद उपलब्ध करवाए। अन्यथा, यह वर्ग एक बार पुनः गरीबी रेखा के नीचे आ जाएगा। भारत ने मुद्रा स्फीति को भी कूटनीति के आधार पर नियंत्रण में रखने में सफलता प्राप्त की है। रूस, ईरान, अमेरिका, इजराइल, चीन, अरब समूह आदि देशों के साथ अच्छे सम्बंध रखकर विदेशी व्यापार करने में सफलता प्राप्त की है। जहां से भी जो वस्तु सस्ती मिलती है भारत उस देश से उस वस्तु का आयात करता है। इसी नीति पर चलते हुए, कच्चे तेल के आयात के मामले में भी भारत ने विभिन्न देशों से भारी मात्रा में छूट प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है और ईंधन के दाम भारत में पिछले लम्बे समय से स्थिर बनाए रखने में सफलता मिली है।



देश की बात



**प्रहलाद सबनानी**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ आयोजन भगीरथ प्रयास, दुनिया ने देखी विविधता में एकता: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में महाकुंभ के भव्य आयोजन की तुलना भगीरथ के धरती पर गंगा लाने से की। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट और विविध स्वरूप के दर्शन किए। सबका प्रयास का यही साक्षात स्वरूप है। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में कहा कि महाकुंभ का आयोजन हमें जल संरक्षण के महत्व का ध्यान कराता है और प्रेरणा देता है की कुंभ की भांति ही हम 'नदी उत्सव' मनाए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ से बहुत से अमृत निकले हैं। इसमें एकता का अमृत बहुत ही पवित्र प्रसाद है। अनेकता में एकता भारत की विशेषता है। प्रयागराज में हमने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया है। हमारा दायित्व है कि इस विशेषता का निमंत्रण समृद्ध होती रहे। मोदी ने कहा कि हमने करीब डेढ़ महीने तक भारत में महाकुंभ का उत्साह देखा, उमंग को अनुभव किया। कैसे सुविधा, असुविधा की चिंता से ऊपर उठते हुए कोटि-कोटि श्रद्धालु श्रद्धा भाव से जुटे, ये हमारी बहुत बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में अपने संबोधन में महाकुंभ के आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि पिछले वर्ष राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने हमें यह आभास कराया कि देश अगले हजार वर्षों के लिए तैयार है। इस वर्ष महाकुंभ के आयोजन ने हमारी सोच को मजबूत किया कि देश की सामूहिक चेतना हमें हमारी क्षमताओं का एहसास कराती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सदन के माध्यम से देशवासियों, उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश की जनता, प्रयागराज की जनता और देशभर से आए श्रद्धालुओं का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने मॉरीशस की यात्रा के दौरान कुंभ त्रिवेणी संगम के पवित्र जल को वहां गंगा तालाब में मिलाये जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में देश के हर क्षेत्र, हर कोने के लोग आए और अहं त्याग कर वयं के भाव से के साथ प्रयागराज में जुटे। उन्होंने इसे वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों से जोड़ा और कहा कि महाकुंभ इस दौर में एकजुटता का एक विराट प्रदर्शन था। यह हमारी ताकत है।

# गरीबों और पिछड़ों का मसीहा है लालू परिवार : प्रभु नाथ यादव




**पटना(आईएएनएस)।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके बेटे तेज प्रताप यादव को 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए बुलाया है। इस मामले में अब राबड़ी देवी के भाई प्रभु नाथ यादव की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने पीएम मोदी से भी सवाल किया है।

प्रभु नाथ यादव ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "प्रधानमंत्री मोदी को बताना चाहिए कि हमारे यहां से कितने लोग घोटाला करके उधर चले गए हैं। उनसे क्यों कोई पूछताछ नहीं होती? ये (लालू परिवार) तो गरीबों का मसीहा है, इसलिए उन्हें परेशान किया जाता है। जो बड़े-बड़े लोग हैं, जिन्होंने घोटाला किया है, उनसे क्यों पूछताछ नहीं की जाती।"

उन्होंने आगे कहा, "बिहार में चुनाव का समय है, इसलिए परेशान किया जा रहा है। कोलकाता से असम तक कई ऐसे नेता हैं, जिन्होंने घोटाला किया और फिर पाला बदल लिया। वो गंगा में नहा लिए, इसलिए उन्हें कुछ नहीं कहा गया, जबकि ये गरीबों और पिछड़ों के नेता हैं, इसी कारण उनको तंग किया जा रहा है।"

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके बेटे तेज प्रताप यादव को 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले के सिलसिले में पूछताछ के लिए बुलाया है। राबड़ी देवी ईडी के पटना स्थित कार्यालय पहुंची थीं।

राजद विधायक रणविजय साहू ने आईएएनएस से बात करते हुए ईडी द्वारा राबड़ी देवी को पूछताछ के लिए बुलाने पर कहा कि बिहार विधानसभा का चुनाव आ रहा है, यह तो होना ही था। उन्होंने कहा कि कभी ईडी की छापेमारी होगी, कभी समन आएगा, कभी इनकम टैक्स की रेड पड़ेगी। राष्ट्रीय जनता दल संघर्षों में विश्वास करता है। हम कानून और संविधान को मानने वाले लोग हैं। हम डरेंगे नहीं और डटकर मुकाबला करेंगे।

## जीआरएसई ने पूरा किया समुद्री परीक्षण

# भारतीय नौसेना में शामिल होंगे दो नए आधुनिक युद्धपोत




एजेंसी

**कोलकाता।** भारतीय नौसेना को जल्द ही दो और आधुनिक युद्धपोत मिलने वाले हैं। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस हिमगिरि और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस अंद्रोथ का समुद्री परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा होने की घोषणा की है। दोनों युद्धपोतों ने तीन मार्च को कॉन्ट्रैक्टर सी ट्रायल (सीएसटी) पूरा किया, जो किसी भी जहाज के निर्माण की अंतिम प्रक्रिया मानी जाती है। आईएनएस हिमगिरि, प्रोजेक्ट 17-ए के तहत बनाए जा रहे युद्धपोतों में से एक है। इसका निर्माण जीआरएसई कर रहा है और यह छह हजार 670 टन के विस्थापन के साथ भारत में बना अब तक का सबसे बड़ा फ्रिगेट है। इस युद्धपोत को ब्रह्मोस एंटी-शिप और एंटी-सर्फेस मिसाइलों के साथ-साथ बराक-8 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस किया गया है। इससे पहले, प्रोजेक्ट 17-ए का पहला फ्रिगेट आईएनएस नीलगिरि मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने बनाया गया था, जिसे इस साल 15 जनवरी को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना में शामिल किया था। आईएनएस अंद्रोथ, आठ एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट्स में से एक है, जिसे जीआरएसई तैयार कर रहा है। यह युद्धपोत छोटे आकार का है, लेकिन इसमें आधुनिक हथियारों से लैस शक्तिशाली क्षमताएं हैं। इसे तटीय इलाकों में पानी के अंदर छिपे खतरों का पता लगाने और नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। जीआरएसई के मुताबिक आईएनएस अर्नाला का भी परीक्षण पूरा हो चुका है और इसे जल्द ही नौसेना को सौंप दिया जाएगा। इस युद्धपोत को रक्षा मंत्री पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया था, क्योंकि इसे 'सबसे शांत युद्धपोत' के रूप में डिजाइन किया गया था। आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस अंद्रोथ के समुद्री परीक्षणों के दौरान जीआरएसई, भारतीय नौसेना और विभिन्न मान्यता प्राप्त एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। संचालन क्षमता और ऑन बोर्ड सिस्टम का परीक्षण किया गया। इन सफल परीक्षणों के बाद दोनों युद्धपोतों को जल्द ही नौसेना को सौंप दिया जाएगा। जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा और मजबूत होगी।

# लोकसभा में मोदी ने राम मंदिर को बताया भारतीय संस्कृति का प्रतीक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राममंदिर और प्रयागराज में हुए महाकुंभ पर बयान दिया। पीएम मोदी ने राम मंदिर और महाकुंभ का जिक्र करते हुए भारतीय संस्कृति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने हम सभी को यह एहसास कराया कि देश अगले 1000 वर्षों के लिए कैसे तैयार हो रहा है।

पीएम मोदी ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष महाकुंभ ने हमारी सोच को और मजबूत किया है और देश की सामूहिक चेतना हमें देश के सामर्थ्य के बारे में बताती है। उन्होंने कहा, "आज मैं इस सदन के माध्यम से कोटि-कोटि देशवासियों को नमन करता हूं, जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ।"

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाकुंभ की सफलता में अनेक लोगों का योगदान है। मैं सरकार के, समाज के सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन करता हूं। मैं देशभर के श्रद्धालुओं को, यूपी की जनता विशेषतौर पर प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं।

> "आज मैं इस सदन के माध्यम से कोटि-कोटि देशवासियों को नमन करता हूं, जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ।"
> **मोदी**

लोकसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा कि हम सब जानते हैं, गंगा जी को धरती पर लाने के लिए एक भगीरथ प्रयास किया गया था, वैसा ही महाप्रयास इस महाकुंभ के भव्य आयोजन में भी हमने देखा है। मैंने लाल किले से 'सबका प्रयास' के महत्व पर जोर दिया था। पूरे विश्व ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए।

## नफरत फैलाने, समाज में विभाजन पैदा करने के लिए दिए जा रहे भड़काऊ भाषण : माणिक राव

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के नागपुर में सोमवार रात हुई हिंसा पर सियासत जारी है। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता माणिक राव ठाकरे ने कहा कि शासन से जुड़े हुए लोग ही दरार पैदा करेंगे, तो कैसे काम चलेगा? माणिक राव ठाकरे ने मंगलवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, "महाराष्ट्र और पूरे देश में जिस तरह से राजनीति हो रही है, यह इस बात का उदाहरण है कि कैसे एक समुदाय के भीतर नफरत फैलाने और समाज में विभाजन पैदा करने के लिए भड़काऊ भाषण दिए जा रहे हैं।

## 30 साल की चाची नाबालिग भतीजे के साथ हुई फरार

**पूर्वी चंपारण।** जिला में एक 30 साल की चाची अपने 18 साल के प्रेमी भतीजे के साथ फरार हो गयी।फरार महिला अपने साथ 3 बच्चों को भी लेकर चली गई है। इस घटना की जानकारी पति को तब लगी जब वह होली पर अपने घर आया,जिसके बाद परेशान पति ने थाने में आवेदन देकर पत्नी और तीनों बच्चों की घर वापसी की गुहार लगाई है।घटना पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के दनही गांव का है। पीड़ित पति चुनमुन राम (35) ने बताया है,कि उनकी शादी 22 अप्रैल 2014 को हरसिद्धि थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव निवासी सुदामा राम की बेटी मनीषा देवी (30) से हुई थी। शादी के बाद दोनों के तीन बच्चे हुए और परिवार सामान्य तरीके से चल रहा था।2017 में मेरे पिता की मौत हो गई। जिस कारण मेरे ऊपर कर्ज हो गया। इस कारण मैं ज्यादातर समय बाहर रहकर कमाने लगा था। इसी बीच पत्नी और भतीजे आकाश कुमार (18) के प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। शुरुआत में मुझे शक नहीं हुआ, क्योंकि दोनों का रिश्ता चाची- भतीजे का था।अगस्त 2024 में मैं अपने घर आया। इस दौरान मनीषा लगातार फोन पर व्यस्त रहती थी। एक दिन मैंने अपनी आंखों से दोनों को एक कमरे में देख लिया। इसके बाद मैंने मनीषा को मायके भेज दिया। फिर मैं काम करने के लिए बाहर आ गया और तय किया कि होली के समय उसे वापस अपने साथ ले आएंगे। लेकिन होली पर जब मैं घर आया तो पता चला की मनीषा अपने प्रेमी आकाश के साथ भाग गई है। तीनों बच्चों को भी साथ ले गई है। इस मामले में पुलिस की डायल 112 सेवा ने जब मनीषा से फोन पर संपर्क किया तो उसने बताया कि, तीनों बच्चे मेरे प्रेमी आकाश कुमार के हैं, न की मेरे पति के इसलिए मैं बच्चों को उन्हें किसी भी हाल में नहीं दूंगी। मैं अपने प्रेमी के साथ खुश हूं। मुझे अपने पति से कोई मतलब नहीं है। हरसिद्धि थाना अध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# औरंगजेब मकबरे विवाद के बीच अशांति बढ़ने पर नागपुर में बड़े समारोहों पर प्रतिबंध

एजेंसी

**नागपुर।** नागपुर में इन दिनों तनाव की स्थिति बनी हुई है। नागपुर के हंसपुरी इलाके में एक और झड़प हुई और सोमवार देर रात कई घरों और वाहनों में तोड़फोड़ की गई है। नागपुर में मुगल सम्राट औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग के बीच अशांति बढ़ गई। शहर में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई जब बजरंग दल के सदस्यों ने महल इलाके में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया। जल्द ही कुरान के अपमान की अफवाह फैल गई, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया और छह लोग तथा तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

प्रदर्शन के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए। इसके बाद गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें पवित्र ग्रंथ को जलाने का आरोप लगाया गया। ओल्ड भंडारा रोड के पास हंसपुरी इलाके में रात 10:30 से 11:30 बजे के बीच झड़प हुई और एक अनियंत्रित भीड़ ने कई वाहनों को जला दिया और घरों और एक क्लिनिक में तोड़फोड़ की।

नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (यह



मजिस्ट्रेटों को तत्काल मामलों में बाधा, मानव जीवन के लिए खतरा, सार्वजनिक अशांति या दंगों को रोकने के लिए तत्काल निवारक आदेश जारी करने का अधिकार देती है, और इसे व्यक्तियों, विशिष्ट क्षेत्रों या आम जनता पर निर्देशित किया जा सकता है) शहर में लागू कर दी गई है।

**मुख्यमंत्री फडणवीस ने की शांति की अपील**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने क्षेत्र में शांति की अपील की और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा। उन्होंने कहा, "महल इलाके में पथराव और तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस स्थिति को संभाल रही है...नागपुर एक शांतिपूर्ण शहर है जहां लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते हैं, जो हमेशा से नागपुर की परंपरा रही है। किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें।"

# भारत में अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा सुरक्षित : इकबाल सिंह लालपुरा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने मंगलवार को कहा कि भारत ऐसा देश है, जहां अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं और उन्हें प्रगति के समान अवसर मिल रहे हैं।

इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि समाज की सेवा के लिए समर्पित वक्फ बोर्ड की संपत्ति का सही तरीके से उपयोग किया जाना चाहिए और इसके लिए सभी को मिलकर काम करना चाहिए।

उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन और अल्पसंख्यक समुदाय को भड़काए जाने पर चिंता जताई। उन्होंने इसे राजनीति से प्रेरित बताया



और विपक्ष के नेताओं पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि इस प्रकार की राजनीति करना बिल्कुल गलत है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने कहा, "हमारे देश में अल्पसंख्यक जितने सुरक्षित हैं, उतने किसी भी दूसरे देश में नहीं हैं। मैं देश के सभी अल्पसंख्यकों से यह कहना चाहता हूं कि उन्हें किसी प्रकार का डर या संकोच नहीं होना चाहिए।" नागपुर हिंसा के संदर्भ में लालपुरा ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है और कहा कि रिपोर्ट आने के बाद और स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद आवश्यक हुआ तो वह स्वयं वहां का दौरा करेंगे। उन्होंने सभी पक्षों से अपील की कि वे शांतिपूर्ण तरीके से संयम बनाए रखें और आपसी भाईचारे को बढ़ावा दें। औरंगजेब की कब्र को लेकर चल रहे विवाद पर उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार का अधिकार है और इस पर कोई अधिक टिप्पणी करना उचित नहीं है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में हाल ही में हुई हिंसा पर मंगलवार को विधानसभा में बयान दिया।

# आज का राशिफल

**मेष :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। शुभांक-3-5-7

**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-6

**मिथुन :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-2-5-8

**कर्क :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है, अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। शुभांक-1-5-8

**सिंह :** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। शुभांक-2-5-7

**कन्या :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-2-6-8

**तुला :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। शुभांक-3-6-9

**धनु :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-3-5-7

**मकर :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा व हर्ष पूर्ण माहौल बनेगा। धार्मिक यात्रा शुभ है। शुभांक-3-5-8

**कुंभ :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझने रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-8

## चार दशक पहले 24 दलितों को मारा था अब 3 दोषियों को हुई फांसी की सजा

**फिरोजाबाद ।** न्याय के लिए 44 साल के इंतजार के बाद उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में एक विशेष डकैती अदालत ने सनसनीखेज डिहुली गांव नरसंहार मामले में तीन दोषियों को मौत की सजा सुनाई, जिसमें महिलाओं और बच्चों सहित 24 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि एक दोषी फरार है, पुलिस हिरासत में दो अन्य आज पहले अदालत में पेश हुए, और खुद को निर्दोष बताया। कथित तौर पर, 18 नवंबर 1981 की दुर्भाग्यपूर्ण शाम को, फिरोजाबाद के जसराना थाना क्षेत्र के अंतर्गत डिहुली गांव की एससी कॉलोनी में सशस्त्र बदमाशों के एक समूह ने धावा बोल दिया और घरों में मौजूद पुरुषों, महिलाओं और यहां तक कि बच्चों पर गोलियां चला दीं। गोलीबारी तीन घंटे तक लगातार जारी रही, जिसमें 23 लोग मौके पर ही मारे गए। एक अन्य पीड़ित ने फिरोजाबाद के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हत्या कांड के बाद स्थानीय निवासी लायक सिंह ने 19 नवंबर को जसराना थाने में तहरीर देकर राधेश्याम उर्फ राधे, कुंवरपाल और लक्ष्मी समेत 20 से ज्यादा लोगों पर आरोप लगाया था।

## नागपुर हिंसा पर तेज बढ़ी राजनीति

# नितेश ने अबू आज़मी को ठहराया जिम्मेदार

एजेंसी। महाराष्ट्र

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भाजपा शासित महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद का फायदा उठाकर विकास संबंधी अपनी उपलब्धियों से लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के निष्क्रिय रहने के फैसले पर सवाल उठाया और कहा कि जब उनके पास ताकत है तो वे कब्र को हटाने में असमर्थ हैं। ठाकरे ने भाजपा के हिंदुत्व के रुख पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि सरकार कहती है कि वह औरंगजेब की मजार को नहीं हटा सकती क्योंकि यह केंद्र द्वारा संरक्षित है। तो फिर आप प्रधानमंत्री मोदी से क्यों नहीं कहते कि वे गुजरात में जन्मे औरंगजेब की मजार को हटा दें? उन्होंने भाजपा के इस दावे को भी चुनौती दी कि आरएसएस के गढ़ नागपुर में हिंदू असुरक्षित हैं। नागपुर में आरएसएस का मुख्यालय है, जो हिंदुओं का रक्षक होने का दावा करता है। वहां हिंदू कैसे खतरे में हो सकते हैं? अगर यह पहले से ही योजनाबद्ध घटना थी, तो आपका गृह मंत्रालय क्या कर रहा था? महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने नागपुर में हाल ही में हुई हिंसा के लिए समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आज़मी को दोषी ठहराया है। उन्होंने दावा किया है कि यह घटना राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए पूर्व नियोजित थी। उन्होंने इस मुद्दे को शुरू किया और यह सरकार की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से हिंसा की एक पूर्व नियोजित कार्रवाई थी। उन्होंने हिंसा की निंदा की और इस बात पर ज़ोर दिया कि पुलिस अधिकारियों पर हमला करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राणे ने प्रदर्शनकारियों से हिंसा का सहारा लेने के बजाय अपनी शिकायतें व्यक्त करने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने का आग्रह किया।




### मणिपुर बनाने की साजिश : आदित्य ठाकरे

**महाराष्ट्र ।** नागपुर हिंसा पर शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि भाजपा इस मामले में बेशर्म है क्योंकि यह घटना महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के गृहनगर में हुई है। दुख की बात है कि जब भाजपा शासन नहीं कर पाती है, तो वे हिंसा, दंगे का सहारा लेते हैं और हर राज्य में यही उनका तय फॉर्मूला है। अगर आप मणिपुर को देखें, तो वे महाराष्ट्र को भी यही बनाना चाहते हैं।

## तेलंगाना में ओबीसी के लिए 42% आरक्षण

**तेलंगाना।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार को ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पिछड़ी जातियों के लिए शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में 42 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की, जिससे पिछड़ी जातियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई। रेड्डी ने घोषणा की कि कठोर वैज्ञानिक प्रयासों के आधार पर राज्य में पिछड़ी जातियों की आबादी 56.36 प्रतिशत है। आज, तेलंगाना विधानसभा के नेता के रूप में मुख्यमंत्री के रूप में मैं गंभीरता से घोषणा करता हूं कि हमारे लोगों के सबसे वैज्ञानिक, व्यवस्थित रूप से कठोर और कठिन प्रयासों के आधार पर, हम कह सकते हैं कि तेलंगाना में पिछड़ी जातियों की आबादी 56.36 प्रतिशत है।



विधानसभा बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री **नीतीश कुमार**

## इटली की स्पेशल ओलंपिक विंटर खेल में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी सम्मानित



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** इटली में हुए स्पेशल ओलंपिक विंटर खेल में भारत की तरफ से 30 खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया था। इस टूर्नामेंट में भारत ने कुल 33 मेडल जीते थे। मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सोमवार को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में सम्मानित किया गया। स्पेशल ओलंपिक भारत की चेयरमैन मल्लिका नड्डा ने कहा, "स्पेशल ओलंपिक में भारत के खिलाड़ियों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हम सब गौरव महसूस कर रहे हैं। स्पेशल ओलंपिक में भाग लेने वाले भारत के 30 खिलाड़ियों ने कुल 33 मेडल प्राप्त किया। आठ गोल्ड मेडल 18 सिल्वर मेडल 7 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर सभी ने देश का नाम ऊंचा किया है। टूर्नामेंट में 102 देशों ने भाग लिया था।

## रायपुर में युवा क्रिकेटरों को प्रशिक्षण देंगे गौतम गंभीर



**रायपुर (आईएएनएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पहली बार छत्तीसगढ़ में युवा क्रिकेटरों को प्रशिक्षण देंगे। अप्रैल और मई में एक विशेष क्रिकेट मास्टरक्लास और प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को गंभीर के मार्गदर्शन में उच्च स्तरीय कोचिंग मिलेगी। यह शिविर एकाना और अरण्या के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है और इसमें मयंक सिद्दाना (दिल्ली रणजी टीम के पूर्व चयनकर्ता), सुहैल शर्मा (इंडिया कैपिटल्स के सहायक कोच) और अतुल रानाडे (भारत 'सी' के पूर्व फील्डिंग कोच) जैसे अनुभवी कोच भी शामिल होंगे। यह पहली बार होगा जब भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेंगे। राज्य में हाल ही में क्रिकेट के प्रति उत्साह में उछाल देखा गया है।

## परिवार की मौजूदगी महत्वपूर्ण लेकिन इससे टीम के फोकस पर असर नहीं पड़ना चाहिए : कपिल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने लंबे क्रिकेट दौरों पर खिलाड़ियों के साथ उनके परिवारों के जाने पर चल रही बहस पर अपनी राय साझा करते हुए कहा कि परिवार की मौजूदगी महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे टीम के फोकस पर असर नहीं पड़ना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारत की 1-3 की हार के बाद परिवार के साथ यात्रा करने पर बहस तेज हो गई, जिसके बाद बीसीसीआई ने 45 दिनों से अधिक के दौरे पर परिवार के साथ रहने की सीमा तय करने वाला नियम लागू किया। नए नियम के अनुसार, 45 दिनों से अधिक चलने वाली सीरीज या टूर्नामेंट के लिए, परिवार के सदस्य 14 दिनों तक खिलाड़ियों के साथ रह सकते हैं, जबकि छोटे दौरों के लिए यह सीमा घटाकर सिर्फ सात दिन कर दी गई है। कपिल ने मंगलवार को पीजीटीआई प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संवाददाताओं से कहा, "मुझे नहीं पता... यह क्रिकेट बोर्ड का फैसला है, मेरा कहना है कि हां, आपको परिवार की जरूरत है, लेकिन आपको हर समय टीम के साथ रहने की भी जरूरत है। हमारे समय में, हम खुद से कहते थे, क्रिकेट बोर्ड से नहीं, कि पहले हाफ में हमें क्रिकेट खेलने दें।





# खिलाड़ियों से सीधे संवाद करना बेहतर होगा : पंत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 अभियान से पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत ने टूर्नामेंट में कप्तान होने के सबसे महत्वपूर्ण पहलू के बारे में साझा किया और कहा कि वह सक्रिय रहना चाहते हैं, जिसे वह पिछले कुछ वर्षों में सीख रहे हैं। पंत, जो पिछले साल मेगा नीलामी में एलएसजी द्वारा 27 करोड़ रुपये में खरीदे जाने पर आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे, उनका लक्ष्य एलएसजी को अपना पहला आईपीएल खिताब दिलाना होगा। पंत ने यह भी कहा कि कई वरिष्ठ और अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ संवाद करने के लिए एक उचित चैनल बनाना आईपीएल में कप्तानी का चुनौतीपूर्ण पहलू है। पंत ने स्टार स्पोर्ट्स द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, "मैं सक्रिय रहना चाहता हूं, और यह कुछ ऐसा है जो मैंने पिछले दो सालों में सीखना शुरू किया है।

प्रबंधन और खिलाड़ियों के साथ जितना अधिक संवाद होगा, बंधन उतना ही बेहतर होता जाएगा। एक ऐसा चैनल होना चाहिए जो संदेश भेज सके ताकि पूरा समूह एक ही विचार प्रक्रिया को प्राप्त कर सके और उस पर काम कर सके, और यह आईपीएल में कप्तानी का एक चुनौतीपूर्ण पहलू है क्योंकि बहुत सारे वरिष्ठ और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और आप उनसे कैसे संवाद करते हैं?

### यह सबसे चुनौतीपूर्ण चीजों में से एक

उन्होंने कहा, "इसलिए हर कोई उसी दिशा में काम करता है, जिस दिशा में आप अपनी टीम को रखना चाहते हैं। मुझे लगता है कि यह सबसे चुनौतीपूर्ण चीजों में से एक है। मैं ऐसा व्यक्ति बनना चाहता हूं जो खिलाड़ियों को खुद को अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता दे। पंत ने पहले कहा था, वह एक ऐसी जगह बनाना चाहते थे जहां "लोग आकर खुद को अभिव्यक्त कर सकें। यह एक बहुत ही सरल विचार है।

## ओडिशा में 57वीं सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप 31 मार्च से

**पुरी, ओडिशा (आईएएनएस)**

भारत के सबसे प्रतिष्ठित खो-खो टूर्नामेंटों में से एक, 57वीं सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप 31 मार्च से 5 अप्रैल तक पुरी के जिला खेल परिसर में आयोजित की जाएगी। भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) के तत्वावधान में आयोजित इस चैंपियनशिप में कुल 74 टीमें भाग लेंगी, जिनमें 30 राज्यों की टीमें और एयरपोर्ट अथॉरिटी, रेलवे, बीएसएफ, महाराष्ट्र पुलिस और सीआईएसएफ जैसी प्रमुख संस्थागत टीमें शामिल हैं। चैंपियनशिप के बारे में बात करते हुए, ओडिशा खो खो एसोसिएशन के महासचिव प्रद्युम्न मिश्रा ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "हम पुरी में 57वीं सीनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं, जो एक ऐसा शहर है जहां खेल संस्कृति बढ़ रही है। यह आयोजन शीर्ष स्तर की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करेगा और भारत में खो खो की लोकप्रियता को और बढ़ाएगा। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने खो खो को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता दिलाने के लिए फेडरेशन की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "हमारा दृष्टिकोण राष्ट्रीय सीमाओं से परे है; हम खो खो को एक वैश्विक खेल में बदलने के लिए समर्पित हैं। पुरी में होने वाली आगामी चैंपियनशिप खेल को आधुनिक बनाने और इसकी गतिशील अपील को प्रदर्शित करने के हमारे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। ओडिशा खो खो को बढ़ावा देने में लगातार प्रगति कर रहा है। पिछले दस महीनों से पुरी में एक खो खो अकादमी और उच्च प्रदर्शन केंद्र चालू है, जो उभरते खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में एक समर्पित खो खो स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है।

**चैंपियनशिप की मुख्य विशेषताएं**

- **स्थान:** जिला खेल परिसर, पुरी, ओडिशा
- **तिथियां:** 31 मार्च - 5 अप्रैल, 2025
- **प्रतिभागी:** 74 टीमें (30 राज्य टीमें + संस्थागत टीमें)
- **पुरस्कार:** विजेताओं को केकेएफआई की ओर से प्रतिष्ठित चैंपियनशिप ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## थकान के कारण ब्राजील, उरुग्वे के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर से मेसी को आराम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

लियोनल मेसी को अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर के दो मैचों से पहले आराम दिया है, जिसकी पुष्टि सोमवार को मुख्य कोच लियोनल स्कालोनी द्वारा 26 सदस्यीय टीम की घोषणा के बाद हुई। मेसी के अलावा, पाउलो डायबाला भी चोट के कारण लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय टीम से बाहर हो गए हैं। मेसी को 'थकान' के कारण इंटर मियामी में अपने पिछले तीन लीग मैचों से बाहर रखा गया था और सोमवार (भारतीय समयानुसार) को अटलांटा यूनाइटेड पर 2-1 की जीत के दौरान उन्होंने अपनी टीम में वापसी की। उनके क्लब की टीम के मुख्य कोच जेवियर माशेरानो ने बताया कि मेसी को चोट नहीं लगी है और वे पूरी तरह से एहतियात के तौर पर मैच से बाहर बैठे हैं, लेकिन अब उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अर्जेंटीना ने अब तक प्रत्येक मैच के दिन सबसे अधिक अंक हासिल किए हैं, और गोल अंतर ही एकमात्र कारण है कि वे क्वालीफाइंग की शुरुआत से ही तालिका में शीर्ष पर नहीं रहे हैं। फिर भी, लियोनल स्कालोनी की एल्बिसेलेस्टे तीसरे दौर के मुकाबलों के बाद शीर्ष पर पहुंच गई और तब से वहीं है।



## पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया और ओटोबॉक इंडिया ने शुरू किया अनुकूलित एथलीटों के लिए रनिंग क्लिनिक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



दुनिया की अग्रणी स्वास्थ्य तकनीकी नवाचारक और विशेष रूप से निर्मित कृत्रिम अंग एवं गतिशीलता समाधान देने वाली अंतरराष्ट्रीय कंपनी ओटोबॉक ने पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के साथ मिलकर तीन दिवसीय रनिंग क्लिनिक का आयोजन किया है। यह क्लिनिक 17 मार्च 2025 से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हुआ। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन का उद्देश्य सीमित गतिशीलता वाले खिलाड़ियों को सशक्त बनाना है। पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैनरिक पोपो के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में और आधुनिकतम कृत्रिम अंग तकनीक की सहायता से प्रतिभागियों को खेल के लिए तैयार किया जाएगा, चाहे वे इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहें या फिर पेशेवर खिलाड़ी के रूप में अपना करियर बनाना चाहें। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में ओटोबॉक केंद्रों, एएलआईएमसीओ और पीसीआई जैसी संस्थाओं से 15 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पहले दिन, खिलाड़ियों को ओटोबॉक रनिंग ब्लेड्स फिट किए गए और उन्हें दौड़ने की आवश्यक तकनीकों पर केंद्रित सत्रों में प्रशिक्षित किया गया। दूसरे दिन, कठोर प्रशिक्षण सत्रों के साथ एक क्रिकेट मैच भी आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आत्मविश्वास बढ़ाना और सामुदायिक भावना विकसित करना था।

## पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर जुनैद की मौत

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर जुनैद जफर खान की मौत हो गई। एडिलेड में हुई इस घटना में ऑस्ट्रेलियाई क्लब क्रिकेटर जुनैद की उम्र 40 साल थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी मौत तेज गर्मी की वजह से हुई। शनिवार 15 मार्च को कॉनकॉर्डिया कॉलेज में प्रिंस अल्फ्रेड ओल्ड कॉलेजियंस और ओल्ड कॉनकॉर्डियंस के बीच मैच खेला जा रहा था। जुनैद ओल्ड कॉनकॉर्डियंस की तरफ से खेल रहे थे।



**आईपीएल 2025**

## 5 अनकैप्ड खिलाड़ियों पर रहेगी नजर, एक है विदेशी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विश्व क्रिकेट की सबसे लोकप्रीय लीग्स में से है। इस लीग ने बहुत से क्रिकेटरों की जिंदगी निखारी है और आगामी सीजन में भी कुछ ऐसी ही कामना है। आईपीएल 2025 में बहुत सारे अनकैप्ड टैलेंट शामिल हैं और वे एक मजबूत छाप छोड़ने का लक्ष्य रखेंगे जो उन्हें अपने करियर में ऊपर चढ़ने में मदद कर सके। आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है ऐसे में कुछ अनकैप्ड खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं जो अपनी छाप छोड़ सकते हैं



**1. रॉबिन मिंज (मुंबई इंडियंस) :** गुजरात टाइटन्स द्वारा साइन किए जाने के बाद मिंज को पिछले साल अपना आईपीएल सफर शुरू करना था, लेकिन एक सड़क दुर्घटना ने उनके सपनों को रोक दिया। पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस ने उन्हें 65 लाख रुपये में खरीदा जो उनके बेस प्राइस 30 लाख रुपए से दोगुना है। मिंज झारखंड के बल्लेबाज हैं, जिनका टी20 क्रिकेट में स्ट्राइक रेट 181 है।



**2. सूर्यांश शेज (पंजाब किंग्स) :** शेज 2024 में भारत के बेहतरीन घरेलू सितारों में से एक हैं, जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में मुंबई के लिए अपने करियर को परिभाषित किया था। मध्य प्रदेश के खिलाफ 175 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी टीम के 129/5 के स्कोर पर शेज ने 15 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 36* रन बनाकर मुंबई को जीत दिलाई।



**3. वैभव सूर्यवंशी (राजस्थान रॉयल्स) :** पिछले साल आईपीएल मेगा-नीलामी के दौरान सबसे बड़ा आश्चर्य यह हुआ कि सूर्यवंशी 1.1 करोड़ रुपए में रॉयल्स के बन गए। 27 मार्च 2011 को बिहार में जन्मे वैभव इस सूची में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। उन्होंने जनवरी 2024 में बिहार के लिए अपना प्रथम श्रेणी डेब्यू किया, तब उनकी उम्र सिर्फ 12 साल और 284 दिन थी।



**4. सी आंद्रे सिद्धार्थ (चेन्नई सुपर किंग्स) :** तमिलनाडु के दिग्गज खिलाड़ी एस शरत के भतीजे, 18 वर्षीय सिद्धार्थ तमिलनाडु प्रीमियर लीग में खेल चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक टी20 मैच नहीं खेला है। रणजी ट्रॉफी के दौरान आंद्रे की सफलता की कहानी याद रखने लायक थी, उन्होंने तमिलनाडु के लिए 12 पारियों में 68.00 की औसत से 612 रन बनाए जिसमें एक शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल थे।



**5. बेवॉन जैकब्स (मुंबई इंडियंस) :** एकमात्र विदेशी खिलाड़ी हैं। प्रिटोरिया में जन्मे जैकब्स ने न्यूज़ीलैंड की घरेलू टीमों ऑकलैंड और कैंटरबरी का प्रतिनिधित्व किया है और उस समय 189 के स्ट्राइक रेट के साथ केवल छह टी20 पारियों के बाद ही मुंबई इंडियंस में जगह बना ली थी। मुंबई इंडियंस ने उन्हें 20 लाख रुपए में खरीदा। उन्होंने 20 टी20 मैचों में 17 पारियों में 32.53 की औसत और 148 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 423 रन बनाए हैं।





## 10.05 करोड़ ग्रामीण महिला परिवारों को 90.90 लाख स्वयं सहायता समूहों में किया गया संगठित : केंद्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**


केंद्र सरकार ने मंगलवार को जानकारी देते हुए कहा कि दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के तहत कम से कम 10.05 करोड़ ग्रामीण महिला परिवारों को 90.90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में संगठित किया गया है। वित्त वर्ष 2013-14 से, डीएवाई-एनआरएलएम के तहत महिला एसएचजी द्वारा 10.20 लाख करोड़ रुपये की बैंक क्रेडिट राशि का इस्तेमाल किया गया। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि 28 फरवरी, 2025 तक एसएचजी और उनके संघों को कुल 51,368.39 करोड़ रुपये की पूंजीकरण सहायता (रिवॉलविंग फंड और कम्युनिटी इंवेस्टमेंट फंड) प्रदान की गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 28 फरवरी तक यह मिशन 28 राज्यों और छह केंद्र शासित प्रदेशों के 745 जिलों के 7,144 ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय केवल दिल्ली और चंडीगढ़ को छोड़कर पूरे देश में डीएवाई-एनआरएलएम को लागू कर रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण गरीब महिला परिवारों को स्वयं सहायता समूहों में संगठित करना और उन्हें तब तक लगातार पोषित और सहायता प्रदान करना है, जब तक कि वे समय के साथ आय में वृद्धि प्राप्त न कर लें। इसी के साथ डीएवाई-एनआरएलएम का उद्देश्य गरीब महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना और उन्हें गरीबी से बाहर निकालना है।



केंद्रीय मंत्री के अनुसार, इस योजना ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए मार्केटिंग सहायता को मजबूत करने के लिए कई उपाय किए हैं। इसमें शहरी बाजारों में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आयोजित किए जाने वाले 'सरस मेले' शामिल हैं। मंत्रालय ने सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के सहयोग से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की मार्केटिंग के लिए जीईएम में स्टोर फ्रंट के रूप में "सरस कलेक्शन" बनाया है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, कारीगरों, बुनकरों और शिल्पकारों सहित स्वयं सहायता समूहों के उत्पादकों को फ्लिपकार्ट समर्थ कार्यक्रम, अमेजन सहेली पहल और स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के विपणन के लिए मीशो के जरिए राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनाने में सुविधा प्रदान करने के लिए मंत्रालय और फ्लिपकार्ट, अमेजन और फैशनियर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (मीशो) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की ऑनलाइन मार्केटिंग के लिए मंत्रालय द्वारा एक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किया गया है।

## सेंसेक्स 1,131 अंक उछलकर हुआ बंद, ऑटो और बैंकिंग शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी हुई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,131.31 अंक या 1.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,301.26 और निफ्टी 325.55 अंक या 1.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,834.30 पर था। बाजार में तेजी की वजह ऑटो और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी होना था। निफ्टी ऑटो इंडेक्स 2.38 प्रतिशत और निफ्टी बैंक 1.99 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। इसके अलावा आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, रियल्टी, मेटल और एफएमसीजी समेत सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी थी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,055.10 अंक या 2.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 49,516.90 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 406.30 अंक या 2.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 15,374.70 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में जोमैटो, आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी और टीसीएस टॉप गेनर्स थे। बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज टॉप गेनर्स थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,825 शेयर हरे निशान में, 1,210 शेयर लाल निशान में और 124 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए।



## ग्लोबल ट्रेड और टैरिफ अनिश्चितताएं भारत में सुधारों को लाने में सहायक होंगी : एचएसबीसी रिसर्च



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ग्लोबल ट्रेड और टैरिफ अनिश्चितताएं भारत में मध्यम अवधि में सुधारों को लाने में सहायक होंगी। यह जानकारी एचएसबीसी रिसर्च रिपोर्ट में मंगलवार को दी गई। एचएसबीसी ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ भारत में आयात शुल्क कम करने, क्षेत्रीय प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए दरवाजे खोलने, व्यापार सौदों में तेजी लाने और भारतीय रुपए को अधिक लचीला बनाने में सहयोग कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार," भारत को बहुत दूर तक देखने की जरूरत नहीं है। सेवा निर्यात में देश की सफलता ने वैल्यू चेन को बेसिक (कॉल सेंटर सेवाओं) से हाई-टेक (पेशेवर सेवाओं) तक ले जाने की क्षमता को प्रदर्शित किया है।" भारत का व्यापार घाटा फरवरी में घटकर 14.1 अरब डॉलर हो गया है, जो कि जनवरी में 23 अरब डॉलर था। रिपोर्ट में बताया गया, "व्यापार घाटा फरवरी में कम होकर तीन साल के निचले स्तर पर पहुंच गया है। फरवरी में भारत का वस्तु व्यापार घाटा कम होकर 14 अरब डॉलर रह गया है, जबकि सेवा व्यापार लाभ बढ़कर 18.5 अरब डॉलर हो गया है, जिसके कारण फरवरी में कुल व्यापार संतुलन सकारात्मक हो गया है, जो कि काफी दुर्लभ है।

रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक व्यापार और टैरिफ अनिश्चितता से अल्पावधि में भारत की जीडीपी वृद्धि दर कम होने की संभावना है, लेकिन मध्यम अवधि में यह सुधारों के लिए सहयोगी बन सकती है; हालांकि, विकास के लिए सुधारों को गहराई तक ले जाना होगा।

## एलआईसी 31 मार्च तक एक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी हासिल करने की तैयारी में : सीईओ मोहंती

**नई दिल्ली ।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 25) के अंत तक एक स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी हासिल करने की योजना बना रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ मोहंती ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने उस कंपनी का नाम नहीं बताया जिसमें एलआईसी निवेश करना चाहती है। मोहंती ने कहा कि चर्चा अंतिम चरण में है। मुंबई में ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑफ एक्चुअरीज में अपने भाषण में मोहंती ने कहा, "हमारे पास योजना है। चर्चा अंतिम चरण में है। एलआईसी के लिए हेल्थ इंश्योरेंस सेक्टर में प्रवेश करना एक स्वाभाविक विकल्प है। उन्होंने कहा कि विनियामक अनुमोदन में समय लगता है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि इस वित्त वर्ष के भीतर, 31 मार्च से पहले निर्णय लिया जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एलआईसी की ओर से कंपनी में अधिकतम हिस्सेदारी हासिल नहीं की जाएगी।

# वन विभाग ने एक ट्रक खैर की लकड़ी जब्त की



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** वन विभाग ने मंगलवार को अवैध एक ट्रक खैर की लकड़ी को जब्त की है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि कुशवार गांव में लकड़ी माफिया द्वारा एक ट्रक खैर की लकड़ी बाहर ले जाने की तैयारी किया जा रहा है। इसके बाद वन विभाग की टीम ने ट्रक को खैर की लकड़ी के साथ जब्त कर लिया। उस दौरान लकड़ी माफिया भागने में सफल रहे। मौके पर प्रभारी वनपाल कमलेश कुमार, वनरक्षी तुषार कुमार, राजीव पांडेय, धर्मेंद्र कुमार, अनुपम आदित्य, दयानंद कुमार, असलम अंसारी, शशिकांत कुमार, राहुल कुमार, विजय सिंह, विवेकानंद चौबे, ललन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# बोर्ड पर लिखे प्रश्नों से छात्र दे रहे परीक्षा

- स्कूलों को नहीं मिला प्रश्न पत्र
- गुरु जी एप से प्रश्न पत्र डाउनलोड कर शिक्षक ले रहे परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** झारखंड के विद्यालय में पढ़ाई कर परीक्षा लिख रहे छात्र-छात्राओं का खस्ता हाल हो गया है। उन्हें प्रश्न पत्र भी नसीब नहीं हो पा रहा है। शिक्षकों द्वारा ब्लैक बोर्ड पर उतारे गए प्रश्न पत्र ही उनके उत्तर पुस्तिका के लिए एक सहारा बन गया है। बिना प्रश्न पत्र के परीक्षा लेने से छात्र-छात्राओं के साथ ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। वर्ष 2025 में झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से वर्ग एक से सातवीं तक ली जा रही परीक्षा को लेकर प्रखंड के किसी भी विद्यालयों के लिए प्रश्न पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है।



इस कारण छात्र-छात्राओं को किसी भी विषय की परीक्षा लिखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ जा रहा है। बताया जाता है कि गुरुजी एप के माध्यम सरकार की ओर से भेजे गए प्रश्न पत्र को सबसे पहले शिक्षकों द्वारा उसे ब्लैक बोर्ड पर उतारा जा रहा है। उसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा उसका उत्तर अपने अपने उत्तर पुस्तिका में दिया जा रहा है। इस बीच प्रश्न पत्र को ब्लैक बोर्ड पर उतारने में कम से कम आधे घंटे का समय बिना वहज के छात्र-छात्राओं का व्यतीत हो रहा है। मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के डंडई उत्तर हरिजन टोला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को इसी तरह से परीक्षा लिखते देखा गया। उक्त विद्यालय के सहायक शिक्षक विवेकानंद द्वारा वर्ग 3 के छात्र-छात्राओं के प्रश्न पत्र को सबसे पहले वर्ग कक्ष के ब्लैक बोर्ड पर उतारा गया। उसके बाद उसे देख छात्र छात्रा अपने उत्तर पुस्तिका में उक्त प्रश्नों का उत्तर लिख रही थी। विद्यालय में गणित विषय की परीक्षा लिख रहे छात्र-छात्राओं ने बताया कि इससे पहले आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ था। विद्यालय के प्राचार्य अवकाश राम ने बताया कि विभाग की ओर से इस वर्ष प्रश्न पत्र नहीं भेजा गया है, जिस कारण बच्चों को प्रश्न पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने बताया कि जी गुरुजी एप के माध्यम हम लोगों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया गया था। उससे ही डाउनलोड कर विद्यालय के सभी वर्ग कक्ष में उसे ब्लैक बोर्ड पर उतार कर बच्चों से परीक्षा ले रहे हैं। इसी तरह मध्य विद्यालय जरदे के प्राचार्य उदयकांत, प्लस टू उच्च विद्यालय लवाही कला के प्राचार्य अमिताभ कुमार पांडेय, मध्य विद्यालय रारो के प्राचार्य आलोक कुमार यादव के विद्यायल में ऐसे ही परीक्षा ली जा रही है।

# झारखंड-बिहार को जोड़ने वाले पुल की मांग, सांसद ने लोकसभा में उठाया मामला



- सांसद विष्णु दयाल राम ने अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी को लेकर दिया सुझाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत झारखंड और बिहार को जोड़ने वाले पुल निर्माण का मामला उठाया। उन्होंने पलामू जिले (झारखंड) के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला और रोहतास जिले (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर के बीच सोन नदी पर अंतरराज्यीय पुल निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया।

सांसद ने कहा कि इस पुल के बनने से झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच संपर्क बेहतर होगा, जिससे यात्रा का समय कम होगा और आवागमन सुगम बनेगा। उन्होंने यह भी बताया कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में उद्योगों की कमी हो गई है, जिससे मजदूरों को बिहार और उत्तर प्रदेश में काम की तलाश में जाना पड़ता है। पुल बनने से न केवल स्थानीय व्यापार और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि कृषि आधारित उद्योगों के विकास से गरीबों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

सांसद राम ने कहा कि पुल निर्माण से बिहार के डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औरंगाबाद-सासाराम शहरों में जाम की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि इस पुल को अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत जल्द से जल्द स्वीकृत किया जाए, ताकि सीमावर्ती जिलों के लोगों को लाभ मिल सके।

## शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का शहादत दिवस 23 को

**मेदिनीनगर।** ईप्टा कार्यालय में बैठक कर 23 मार्च के शहादत दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। सुबह प्रभात फेरी और भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा, जबकि शाम को अंबेडकर पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम और डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की जाएगी। आयोजन को लेकर 21 मार्च को विस्तृत बैठक होगी।

## शॉर्ट सर्किट से झुलसे मोहम्मद फिरोज, अस्पताल में भर्ती

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के माली मोहल्ला निवासी मोहम्मद फिरोज (35) शॉर्ट सर्किट की चपेट में आकर झुलस गए। परिजनों के अनुसार, सोमवार रात जब वह अपने घर में बिजली सुधार रहे थे, तभी अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे उनका चेहरा झुलस गया। घटना के तुरंत बाद परिवार के सदस्यों ने उन्हें एमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक, उनकी स्थिति स्थिर है, लेकिन चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं।

# युगल किशोर बने महावीर नवयुवक दल के अध्यक्ष



- रामनवमी महोत्सव की तैयारियों पर हुई चर्चा

**मेदिनीनगर।** श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल की आम बैठक मंगलवार को कोयल नदी तट स्थित शिवाला घाट महावीर मंदिर परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने की। इस दौरान पुरानी कमेटी को भंग कर नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें युगल किशोर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष युगल किशोर ने कहा कि इस वर्ष रामनवमी महोत्सव को भव्य तरीके से मनाया जाएगा और साज-सज्जा उत्कृष्ट होगी। उन्होंने पलामू जिलेवासियों से आयोजन में सहयोग की अपील की।

बैठक के बाद बाजे-गाजे के साथ जुलूस निकाला गया, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए महावीर मंदिर पहुंचा। वहां युगल किशोर ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। मौके पर नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह, गणेश गिरी, विशेश्वर गिरी, अरविंद अग्रवाल, बबलू गुप्ता, महेश तिवारी, प्रभात उदयपुरी, पंकज जायसवाल, पंकज शर्मा आदि मौजूद थे।

# एमकेडीएवी में दसवीं की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न



- परीक्षा केंद्र पर कड़ी निगरानी और अनुशासन का पालन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल, डालटेनगंज में सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस केंद्र पर विभिन्न विद्यालयों के 870 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 863 उपस्थित रहे। परीक्षा का आयोजन कड़े नियमों और आईपी कैमरों की निगरानी में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत किया गया। सीबीएसई के पलामू एवं गढ़वा जिले के सिटी कोऑर्डिनेटर और एमकेडीएवी के प्राचार्य डॉ. जीएन खान ने बताया कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ आयोजित की गई। उन्होंने सभी हितधारकों, विद्यालय कर्मचारियों, जिला प्रशासन और पुलिस बल का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपना समय व्यर्थ न करें और आगे की परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाएं। साथ ही, बताया कि एमकेडीएवी में 11वीं कक्षा के लिए प्रवेश प्रक्रिया 2 अप्रैल से शुरू होगी।

## जंगल में आग नहीं लगाने की अपील

**सगमा।** वन संपदा को आग से बचाने के लिए वन विभाग का अनूठा पहल शुरू किया गया है। प्रचार वाहन से गीत के माध्यम से ग्रामीणों को जंगल में महुआ चुनने के दौरान आग नहीं लगाने की अपील की गई। बता दें कि महुआ चुनने के समय ग्रामीणों द्वारा पेड़ के नीचे आग लगा दी जाती है। उससे पूरा जंगल आग की चपेट में आ जात है। आग कभी-कभी विकराल रूप ले लेता है। उसे बुझाने में विभाग को मशक्कत करनी पड़ती है। आग से वन संपदा को नुकसान होता है। धुरकी वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि आग की चपेट में पेड़ों के साथ वन्य जीव भी जल कर खाक हो जाते हैं।

## प्रीमियर लीग का फाइनल 21 को

**केतार।** मां चतुभुर्जी प्रीमियर लीग सीजन-1 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में चार टीमें सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दो सेमीफाइनल मुकाबला खेला जायेगा। इसमें पहला मुकाबला परती कुशवानी बनाम बिजडीह टीम के बीच खेला जायेगा। दूसरा मुकाबला मेरौनी ए बनाम मेरौनी बी टीम के बीच खेला जायेगा। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष बिट्टू सिंह ने दी। फाइनल मुकाबला 21 मार्च को खेला जायेगा। टूर्नामेंट के विजेता टीम को 51 हजार नकद ट्राफी, उप विजेता टीम को 31 हजार नकद व ट्राफी समाज सेवी पंकज सिंह द्वारा दिया जायेगा।

# डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर 10 नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू

- दिल्ली ले जाए जा रहे बच्चों को बचाया, एक तस्कर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** मानव तस्करी रोकने की कार्रवाई के तहत आरपीएफ गढ़वा पोस्ट को बड़ी सफलता मिली। सोमवार रात डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर 10 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर एक मानव तस्कर को गिरफ्तार किया गया। बच्चों को दिल्ली की कूलर फैक्ट्री में काम कराने के लिए ले जाया जा रहा था। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव के निर्देश पर उपनिरीक्षक वीर प्रताप सिंह व उनकी टीम गश्त कर रही थी। प्लेटफार्म नंबर एक पर बच्चों के एक समूह के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया। पूछताछ में पता चला कि पिपराटाड़ थाना क्षेत्र के लोहरसी निवासी नौशाद आलम (38) प्रत्येक बच्चे को 9000 रुपये मासिक वेतन दिलाने के बहाने दिल्ली ले जा रहा था। उसके पास बच्चों के अभिभावकों की सहमति संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिसके बाद मानव तस्करी का मामला मानते हुए सभी को रेस्क्यू किया गया। बचाए गए बच्चों में तीन लातेहार और सात पलामू जिले के हैं। मामले में आहतू थाना मेदिनीनगर में एफआईआर दर्ज की गई है।

## बीडीओ ने शिक्षक से मांगा स्पष्टीकरण

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने मंगलवार को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बसकटिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सहायक शिक्षक संजय यादव 2:30 बजे विद्यालय में अनुपस्थित मिले। बीडीओ ने सहायक शिक्षक संजय यादव से विद्यालय में अनुपस्थित रहने का 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। बीडीओ ने कहा कि स्पष्टीकरण का संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने पर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया जायेगा।

## उपेंद्र बने कृष्ण गोशाला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष

**गढ़वा।** श्री कृष्ण गोशाला समिति के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को श्रीराम लला मंदिर परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता विनोद पाठक ने की। संचालन सचिव रमेश कुमार दीपक ने किया। बैठक में उपेंद्र सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। गौशाला समिति के ट्रस्ट में रजिटर्ड कोषाध्यक्ष घनश्याम प्रसाद उर्फ पुतुल को तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि वैसे सदस्य जो रजिस्टर्ड गौशाला ट्रस्ट के सदस्य हैं और बैठक में सूचना के बाद भी नहीं आते हैं, वैसे लोगों को समिति से विधि सम्मत हटाने की कार्रवाई की जाए। बैठक में उपरोक्त के अलावा घनश्याम प्रसाद, सचिन अग्रवाल, मृत्युंजय कुमार, मनोज पटनायक, संतोष गुप्ता, भोला गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, मंतोष सहित अन्य मौजूद थे।

## कंचन बनी कसौधन महिला मंच की अध्यक्ष

**गढ़वा।** कसौधन वैश्य समाज महिला मंच के अध्यक्ष शोभा कश्यप के नेतृत्व में आम बैठक हुई। पुरानी बाजार रुकमणी साहू धर्मशाला में आयोजित बैठक में 23 मार्च को बंधन मैरेज हॉल में समाज द्वारा होली मिलन समारोह करने का निर्णय लिया गया। मौके पर महिला टीम का पुनर्गठन किया गया। नवगठित कमेटी में सर्वसम्मति से महिला मंच का अध्यक्ष कंचन कश्यप को बनाया गया। सचिव अर्चना कश्यप, उपाध्यक्ष नमिता कश्यप, कोषाध्यक्ष निधि कश्यप, संगठन मंत्री सीमा कश्यप, संरक्षक श्याम दुलारी कश्यप, शोभा कश्यप को बनाया गया। समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थे। युवा टीम के लिए हर्ष कश्यप को अध्यक्ष, सचिव अभिषेक कश्यप को बनाया गया।अध्यक्ष उमेश ने कहा कि समाज की महिलाएं जागरूक हो रही हैं। बैठक अपने हिसाब से कर रही हैं। आने वाला समय में हर सामाजिक क्षेत्र में इन लोगों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया जाता है। मौके पर ममता कश्यप, प्रीति कश्यप, मनोरमा कश्यप, कंचन कश्यप,चंचला कश्यप सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए प्रशासन ने जारी किए 247 हेल्पलाइन नंबर

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जिला में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित करने के लिए बिजली विभाग का 247 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में अत्यधिक तापमान के कारण ट्रांसफर्मर जलने व अधिक दबाव के कारण तार टूटने की समस्या अधिक होती है। इसके मद्देनजर उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि जिला में बिजली से संबंधित किसी भी समस्याओं का अविलंब निष्पादन किया जाए। बिजली विभाग से संबंधित उपभोक्ता, शिकायत निवारण व जिला में ट्रांसफर्मर को बदलनें की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निमित्त 247 हेल्पलाइन नंबर 8757710488 पर संपर्क किया जा सकता है।

## नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर 22 को

**लातेहार।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति व जीवन ज्योति ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 22 मार्च को रेलवे स्टेशन क्षेत्र के मननचोटाग स्थित आदिम जनजातीय अस्पताल में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में मरीजों को नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच, ऑपरेशन, लेंस, चश्मा, दवा, खिचड़ी की सुविधा प्रदान की जायेगी।

# बीडीओ ने विकास कार्यों की समीक्षा की, दिए निर्देश




**डंडई।** बीडीओ देवलाल करमाली ने मंगलवार को विकास कार्यों की समीक्षा की। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजीत समीक्षा बैठक में मनरेगा,अबुआ आवास, 15वें वित्त के साथ अन्य योजनाओं की समीक्षा की। बीडीओ ने मनरेगा 15वें वित्त, अबुआ आवास सहित सभी तरह की योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय पर कार्य पूरा कराने का संबंधित विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिया। बीडीओ ने अभियंताओं को सिंचाई, नाली,जलमीनार निर्माण व चापानल की मरम्मति का काम प्राक्कलन के अनुसार धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा से संचालित डोभा, बिरसा सिंचाई कूप निर्माण का कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने सहायक अभियंता के साथ पंचायत सचिव को ताल मेल स्थापित कर काम करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रधान लिपिक वीरेंद्र मांझी, बीपीओ रजन कुमार,सहायक अभियंता राहुल कुमार, पंचायत सचिव सुनील कुमार, नरेश ठाकुर ,राजकुमार राम, रोजगार सेवक सुनील धर दुबे, प्रेमचंद वर्मा, बृजमोहन कुमार, संजीव कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अर्जुन कुमार, वीरेंद्र कुमार, रमाशंकर ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रखंड में किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ उप परियोजना निदेशक योगेंद्र नाथ सिंह व प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम, प्रमुख शोभा देवी, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मेला में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, प्रमार्थी फॉर्मर प्रोड्यूसर, एग्री विजन प्रोड्यूसर, सोनांचल आयुर्वेद सहित कई संस्थाओं ने अपने स्टॉल लगाए। प्रदर्शनी में लगभग 200 किसानों ने भाग लिया व अपने द्वारा उत्पादित फसलों को प्रदर्शित किया। मेला के दौरान उप परियोजना निदेशक, प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम, बीटीएम राकेश कुमार ने किसानों को उन्नत खेती, जैविक कृषि, नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उप परियोजना निदेशक ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से अवगत कराना, किसानी को जागरूक करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। इस अवसर पर 10 किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया, जिससे वह अपनी भूमि की उर्वरता के अनुसार खेती कर सकें। इसके अलावा मेला में शामिल सभी किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार पांडेय ने किया। मौके पर किसान मित्र अनुज पाठक, सुनील राउत, पंचम साह, राजेंद्र यादव, सुनील राम, प्रेम यादव, रमेश राम, दीपक जायसवाल काफी संख्या में किसान शामिल थे।



## मुखिया ने किया छठ घाट का उद्घाटन

**रमना।** सिलीदाग पंचायत मुखिया अनीता देवी व उप मुखिया सुनीता देवी ने संयुक्त रूप से 15 वें वित्त मद से निर्मित छठ घाट का मंगलवार को विधि विधान से पूजा कर, नारियल फोड़ कर उदघाटन किया। सिलीदाग पंचायत के गड़गड़वा नदी ही सबसे पुराना छठ घाट है, लेकिन इस घाट पर जगह का आभाव और विलुप्त होते इस बरसाती नदी के कारण लोग सुविधानुसार कृत्रिम तालाब का निर्माण कर इस पवित्र पूजा को करते थे। इस पंचायत के वीरकुंवर टोला के श्रद्धालु चतरी पहाड़ स्थित छोटा जगह में मोटर पंप द्वारा छठ पूजा करते थे, जिससे व्रतियों को काफी समस्या होती थी। इसके निदान के लिए मुखिया अनीता देवी ने छठ घाट की स्वीकृति दी।

**राजनीति**

# झामुमो की बैठक में संगठन विस्तार के लिए प्रयास करने का संकल्प

## हेमंत सोरेने सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए काम कर रही: मिथिलेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में झामुमो को मजबूत करने और सदस्यता अभियान की समीक्षा के उद्देश्य से जिला संयोजक मंडली की बैठक मंगलवार को कल्याणपुर स्थित पूर्व मंत्री के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, ताहिर अंसारी, मुख्य संयोजक तनवीर आलम समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री ने कहा कि संगठन का विस्तार हो रहा। हेमंत सोरेने सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए काम कर रही। बैठक में जिले में चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई, जिसमें पाया गया कि कई स्थानों पर अधूरा सदस्यता रसीदे अब तक जमा नहीं की गई हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिया गया कि सभी बची हुई रसीदों को शीघ्र जिला कार्यालय में जमा करें। साथ ही जिन बूथ व पंचायत कमेटियों का गठन नहीं हुआ है, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कर उनकी पंजी जिला कार्यालय में जमा कराने का निर्णय लिया गया। संगठन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए बैठक में जिला कमेटी के विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों के नामों का प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें शंभू राम को जिला अध्यक्ष, मो. शरीफ अंसारी को सचिव, चंदन जायसवाल को कोषाध्यक्ष, श्रवण सिंह खरवार को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सहमति बनी। अब इन नामों को अनुमोदन के लिए केंद्रीय कार्यालय भेजा जाएगा। वहां से अंतिम स्वीकृति प्राप्त होगी। बैठक में संगठन को अधिक सक्रिय व सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। सभी नेताओं ने आपसी एकता बनाए रखने और संगठन विस्तार के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रूप से संयोजक प्रमुख तनवीर आलम, धीरज दुबे, मनोज ठाकुर, वीरेंद्र साव, फरीद अंसारी, जवाहर पासवान, मेदिनी खान, परेश तिवारी, नसीम अख़्तर, डॉ. मकबूल खाँ, राजकिशोर यादव, रेखा चौबे, दीपमाला, धर्मराज पासवान, जानुल्ला अंसारी, मुखराम भारती, अजय उपाध्याय, निर्मल पासवान, रामचंद्र, सलीम जाफर, ज्योति लकड़ा, अनुज कुमार दुबे, संजय कुमार कास्कर, नीरज तिवारी, आशीष अग्रवाल, पुरण तिवारी, रोशन पाठक, नितेश सिंह, मनीष कमलापुरी, अंजलि गुप्ता, अराधना सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## पेज एक के शेष

### वीडी राम ने संसद...

इस पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी। इलाज, शिक्षा, बाजार, उद्योग सहित अन्य जरूरतों के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुविधाएं बढ़ेंगी। गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगेगा एवं लोगों को नए-नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। बिहार के डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औरंगाबाद-सासाराम शहरों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी।

### कालीचरण सिंह ने...

यह इलाका उग्रवाद प्रभावित भी है। इससे सुरक्षा और आवागमन की चुनौतियां और बढ़ जाती हैं। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के नेतरहाट तक रेल सेवा के विस्तार की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अगर नेतरहाट को रेल नेटवर्क से जोड़ा जाता है, तो इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सांसद ने कहा कि चतरा में रेलवे सेवा के विस्तार से जनता को आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का समग्र विकास होगा। उन्होंने रेल मंत्री से जल्द से जल्द इन योजनाओं को स्वीकृति देने की अपील की।

### एसीबी ने तमाड़ के...

आवेदन में कहा गया है कि धनंजय साहू के पैतृक गांव परसा में उनके नाम से सरकारी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकान है। इस दुकान को ये वर्ष 1989 से संचालित करते आ रहे है। वर्तमान समय में तमाड़ प्रखंड में अभिजित चैल प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के प्रभार में हैं। बीएसओ अभिजीत चैल जन वितरण प्रणाली दुकान से प्रति माह तीन हजार रुपए अवैध रूप से वसूल कर रहे हैं। प्रभारी बीएसओ अभिजीत चैल विगत 8 मार्च को परिवादी के दुकान पर आकर सरकारी राशन की दूकान चलाने के लिए 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। एसीबी ने शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच की। आवेदन के विधिवत सत्यापन के बाद अभिजीत चैल, प्रभारी बीएसओ, तमाड़, रांची पर लगे आरोपों को सत्य पाया गया और वादी के लिखित आवेदन एवं सत्यापनकर्त्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर एसीबी ने मामला पंजीकृत कर कार्रवाई की। एसीबी के धावा दल ने प्राथमिकी अभियुक्त प्रभारी बीएसओ अभिजीत चैल को मंगलवार को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय, तमाड़ से गिरफ्तार कर लिया। एसीबी अब अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

### सीआरपीएफ जवान आईईडी...

सर्च अभियान में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है। बताया गया कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ते के सदस्यों के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके खिलाफ सुरक्षाबलों द्वारा लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।

**गोइलकेरा में नक्सल डंप ध्वस्त, गोला-बारूद बरामद** : गोइलकेरा थाना क्षेत्र में नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान नक्सल डंप से गोला-बारूद बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों को गोला-बारूद छुपाकर रखने की सूचना मिली थी। सूचना पर सर्च अभियान के दौरान गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबुरू और लोवाबेडा के बीच एक नक्सल डंप को सुरक्षा बलों ने ध्वस्त किया। नक्सल डंप से 4 किलोग्राम का 2 केन आईईडी बम, 20 मीटर कॉर्डेक्स वायर, 50 पीस इलेक्ट्रिक स्विच, एक किलोग्राम स्प्लिंटर, 40 पीस सिरिज, 2 एमएम का 100 मीटर इलेक्ट्रिक वायर, 4 एमएम का 20 मीटर इलेक्ट्रिक वायर सहित अन्य दैनिक उपयोग के सामान मिले हैं। बरामद विस्फोटक सामग्री को भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की सहायता से नष्ट किया गया। अन्य समान को जब्त कर लिया गया है।

### लैंड फॉर जॉब...

वैसे यह हथकंडा हर राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले वहां के प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं के विरुद्ध और लोकसभा चुनाव के पहले बड़े विपक्षी दलों के विरुद्ध अपनाया जाता है। इसी तरह का हथकंडा झारखंड की प्रमुख पार्टी झामुमो नेताओं के विरुद्ध भी अपनाया गया था।

पाक-अफगान सीमा विवाद

## फिर से खुलेगी तोरखम बॉर्डर क्रॉसिंग, दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति



**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तोरखम बॉर्डर मंगलवार को खुलने जा रहा है। विवादित सीमा के करीब अफगान बलों की ओर से किए जा रहे निमार्ण कार्य को लेकर दोनों देशों के बीच पैदा हुए तनाव के कारण लगभग यह बॉर्डर क्रॉसिंग करीब महीने तक बंद रही। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सोमवार को दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम वार्ता के दूसरे दौर की बातचीत हुई। इस दौरान 21 फरवरी को बंद किए गए तोरखम व्यापार मार्ग को सभी प्रकार की आवाजाही के लिए खोलने का फैसला लिया गया। इस पहले 4 मार्च को तोरखम सीमा पर स्थिति काफी बिगड़ गई, जब क्रॉसिंग को फिर से खोलने के लिए वार्ता नाकाम हो गई, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान लड़ाकों के बीच गोलीबारी हुई। हिंसक झड़प में कई सशस्त्र बल कर्मियों और नागरिकों की मौत हो गई है।

## बांग्लादेश में चुनाव को लेकर उलझे राजनीतिक दल, चुनाव आयोग ने रखी अपनी राय



**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश चुनाव आयोग (ईसी) ने चेतावनी दी है कि राष्ट्रीय चुनाव से पहले स्थानीय सरकार के चुनाव कराने से संसदीय चुनाव में देरी होगी। आयोग ने राष्ट्रीय और सभी स्थानीय सरकारों के चुनाव चार महीने की समय-सीमा के भीतर पूरे करने के प्रस्ताव का विरोध किया। आयोग ने तर्क दिया कि सिर्फ स्थानीय चुनाव पूरे होने में ही लगभग एक साल का समय लग जाता है क्योंकि ये चुनाव चरणों में होते हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को बांग्लादेश के राष्ट्रीय सहमति आयोग को अपनी राय भेजी, जिसमें चुनाव से संबंधित कई सुधार प्रस्तावों का विरोध किया गया। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट यूएनबी ने चुनाव आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद के हवाले से कहा, “अली रियाज (राष्ट्रीय सहमति आयोग के उपाध्यक्ष) को संबोधित करते हुए, हमने कुछ प्रस्तावों पर अलग-अलग विचार व्यक्त करते हुए अपनी राय भेजी है।

## सूडान शहर में आरएसएफ के हमले में सात लोगों की मौत, 43 लोग हुए घायल



**खार्तूम (आईएएनएस)।** सूडान की राजधानी खार्तूम के उत्तर में ओमडुरमैन शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा की गई गोलाबारी में दो बच्चों समेत सात नागरिकों की मौत हो गई। राज्य के मीडिया कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि रविवार को आरएसएफ द्वारा की गई लगातार गोलीबारी में 43 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में 4 से 12 साल की उम्र के 18 बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पतालों में भेजा गया। ओमडुरमैन शहर में करारी इलाके के मोहल्लों को निशाना बनाकर की गई यह गोलाबारी उस समय हुई, जब स्वयंसेवकों की प्रार्थना के दौरान चौराहों पर बच्चे फुटबॉल खेल रहे थे। ओमडुरमैन के अल-नाओ अस्पताल में एक पैरामेडिक ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि अस्पताल में लाए गए ज्यादातर घायलों के अंगों में चोटें थीं, जो उड़ते हुए प्रोजेक्टाइल्स की वजह से लगीं।

### इजरायल ने आतंकवादी समूह हमास के ठिकानों को बनाया निशाना

# गाजा पर छह घंटे बरसे बम, 326 लोगों की मौत

**440** से अधिक घायल, आईडीएफ की बड़े आक्रमण की **घोषणा**

बंधकों के परिवार चिंतित, पीएम नेतन्याहू से मिलने की **मांग**

**गाजा पट्टी (हि.स.)**

इजरायल ने मंगलवार तड़के गाजा पर किए गए आक्रमण में आतंकवादी समूह हमास के ठिकानों और दहशतगर्दों को निशाना बनाया। इजरायल के सुरक्षा बलों ने करीब छह घंटे तक भीषण बमबारी की। इस हमले में कम से कम 326 लोगों की मौत हो गई। बमबारी से तमाम घर जमींदोज हो गए हैं। मलबे में दर्जनों लोगों के फंसे होने की आशंका है। इजरायल ने लक्षित क्षेत्र के नागरिकों को तत्काल अन्यत्र जाने की चेतावनी दी है। सीएनएन न्यूज चैनल की खबर के अनुसार फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि गाजा पर इजरायल के भीषण हमले में कम से कम 326 लोगों की जान चली गई। अभी भी तमाम लोग मलबे के नीचे फंसे हुए हैं। उन्हें निकालने के प्रयास जारी हैं। मंत्रालय का कहना है कि हमले में 440 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की स्थिति बहुत गंभीर हैं।

इस आक्रमण ने इजरायली बंधकों के परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। परिवार के सदस्यों ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य अधिकारियों से मिलने की मांग की है। बंधकों और लापता परिवारों के फोरम ने कहा कि प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री यह गारंटी दें कि हमास बंधकों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। इससे पहले सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने कुल 251 लोगों को इजरायल से अगवा किया था। इजरायली सरकारी प्रेस कार्यालय के अनुसार, गाजा में बचे 59 बंधकों में से आधे से भी कम जीवित हैं। इजरायली सेना ने गाजा में बड़े आक्रमण की घोषणा की है और कई इलाकों में नागरिकों को बाहर निकलने का आदेश दिया है। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने एक्स पर एक पोस्ट में यह आदेश दिया है। पोस्ट में गाजा का एक नक्शा भी दिखाया गया था, जिसमें एन्क्लेव के इलाकों के बड़े हिस्से को लाल रंग से रंगा गया है। उन्होंने निवासियों से पश्चिमी गाजा शहर और खान यूनिस में आश्रयों में जाने का आग्रह किया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने गाजा पर व्यापक और घातक इजरायली हवाई हमले पर चिंता व्यक्त की है। बीजिंग ने इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम की वापसी का आह्वान किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने नियमित प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि चीन मौजूदा स्थिति को लेकर बेहद चिंतित है।




### अस्पतालों में नहीं बची जगह घायलो की संख्या में वृद्धि

गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल के मोहम्मद अबू सल्मिया ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे अस्पताल घायलों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने में असमर्थ हैं। ऑपरेटिंग रूम पूरी तरह से भरे हुए हैं और घायलों को बिस्तर नहीं मिल पा रहा है। इस हमले ने पहले से ही दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की भारी कमी से जूझ रही स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को झटका दिया है। एक अन्य अस्पताल की डॉक्टर ने कहा कि मृतकों में बच्चे भी शामिल हैं।

## नींद नहीं आने का मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है खराब असर

**ब्यूरो**



● घबराहट, गुस्सा आने अवसाद ग्रस्त होने से मेंटल हेल्थ डिसऑर्डर का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है

**नई दिल्ली।** इन दिनों लगभग हर किसी के स्क्रीन पर समय के साथ-साथ खानपान में भी बदलाव हो गया है। जिसका असर नींद पर पड़ रहा है। देर रात तक फोन चलाने की आदत ने भी नींद पैटर्न को प्रभावित किया है। जिसके चलते मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं आ रही हैं, इसका खुलासा अमेरिका के स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में हुई एक नई शोध से हुई है। इसके अनुसार जो लोग रात में देर तक जगे रहते हैं , उनकी मेंटल हेल्थ पर तो सबसे ज्यादा नुकसान हो ही रहा है, उनके संपूर्ण स्वास्थ पर भी इसका खराब असर पड़ रहा है।शोध से यह सामने आया है कि जब हम पूरी नींद नहीं लेते, तो मस्तिष्क का सही तरीके से काम करना प्रभावित होता है। इससे चिंता, डिप्रेशन, तनाव और याददाश्त की समस्या जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। इसके अलावा, लंबे समय तक नींद की कमी से मस्तिष्क के कुछ हिस्सों में असंतुलन भी हो सकता है, जो मानसिक स्थिति को और भी बिगाड़ सकता है।

इस शोध के दौरान प्रतिभागियों को 3 श्रेणी में बांटा गया, जिसमें लगभग 75 हजार लोगों के स्लीप पैटर्न पर नजर रखी गई। पहली कैटेगरी में जल्दी सोने वाले, दूसरी में सही टाइम पर सोने वाले और तीसरी कैटेगरी में लेट सोने वालों को शामिल किया गया। शोध में पाया गया कि इन तीनों कैटेगरी के लोगों की मेंटल हेल्थ पर अलग-अलग असर देखा गया।मेंटल हेल्थ फाउंडेशन के अनुसार, हर व्यक्ति को अपनी नींद की क्वालिटी पर काम करना चाहिए। इसके साथ ही नींद नहीं आने और देर रात तक जागने के कारणों को पहचानना पड़ेगा। इसके बाद अच्छी नींद के लिए काम करना चाहिए। अच्छी नींद के लिए चार फैक्टर जिम्मेदार होते हैं। इनमें सुधार कर अच्छी नींद पाई जा सकती है। बेडरूम में टीवी या रेडियो जैसी चीजें नहीं रखनी चाहिए। इनके कारण आपकी नींद बाधित होती है। साथ ही रात में फोन से दूरी बनानी चाहिए। शोध में पाया गया कि जो लोग रात में देर से सोते हैं या देर तक जगे रहते हैं, उनमें मेंटल हेल्थ डिसऑर्डर का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। इसमें घबड़ाहट, ग़ुस्सा व अवसाद भी शामिल है। इसलिए आपको रात में जल्दी सोने की आदत डालने के लिए रात में हल्का खाना खाना चाहिए व अंधेरे कमरे में सोना चाहिए।

अक्षरधाम मंदिर पहुंचे पीएम लक्सन

## न्यूजीलैंड के लिए हिंदू समुदाय के योगदान को सराहा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने 16-20 मार्च तक भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा के तीसरे दिन मंगलवार को नई दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर का दौरा किया। लक्सन ने एक्स पर लिखा, “न्यूजीलैंड के हिंदू समुदाय ने हमारे देश के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है। आज दिल्ली में, मैंने कई कीवी-हिंदुओं के लिए पवित्र स्थान - बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में नमन किया। सोमवार शाम को न्यूजीलैंड के नेता ने हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय चर्चा के बाद प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के साथ राजधानी में गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब का दौरा किया। लक्सन ने कहा, “प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मैंने गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब का दौरा किया, जो गहरी आस्था और इतिहास का स्थान है।

## ईडी ने जॉर्ज सोरोस से जुड़ी संस्थाओं पर की कार्रवाई, बेंगलुरु में आठ जगहों पर छापेमारी


**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को जॉर्ज सोरोस द्वारा समर्थित कुछ संस्थाओं पर छापेमारी की है। ईडी मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि ईडीएफ और ओपन सोर्स फाउंडेशन समेत कई संस्थाओं की जांच के लिए बेंगलुरु में कुल आठ जगहों पर छापेमारी की गई है। छापेमारी की कार्रवाई फेमा उल्लंघन की जांच के लिए की गई है। ईडी द्वारा की गई प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सोरोस और उनके ओपन सोसायटी फाउंडेशन (ओएसएफ) को 2016 में गृह मंत्रालय द्वारा पूर्व संदर्भ श्रेणी में रखा गया था, जिससे इसे भारत में गैर-सरकारी संगठनों को अनियमित दान देने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। बताया गया कि इस प्रतिबंध से छुटकारा पाने के लिए ओएसएफ ने भारत में सहायक कंपनियां बनाईं और एफडीआई और परामर्श शुल्क के रूप में पैसा भारत लाया गया। इस पैसे का उपयोग एनजीओ की गतिविधियों को राशि देने के लिए किया गया, जो फेमा कानून का उल्लंघन है।



जानकारी के अनुसार, ईडी सोरोस, ईडीएफ और ओएसएफ द्वारा लाए गए अन्य एफडीआई फंडों के अंतिम उपयोग की भी जांच कर रहा है। ईडी की छापेमारी में मेसर्स एस्पाडा इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड की तलाशी भी शामिल है, जो भारत में एसईडीएफ का निवेश सलाहकार/फंड मैनेजर है और मॉरीशस इकाई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। जॉर्ज सोरोस हंगरी मूल के अमेरिकी कारोबारी हैं। अमेरिका और ब्रिटेन के शेयर बाजारों में उनका काफी नाम है। कुछ महीने पहले जॉर्ज सोरोस की भारत में काफी चर्चा हुई थी। उन्हें कांग्रेस का करीबी माना जाता है। भाजपा ने जॉर्ज सोरोस पर भारत के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया है।

## ट्रुथ सोशल पर आकर बहुत खुशी हुई : मोदी



**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ट्रुथ सोशल नाम के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (जो डोनाल्ड ट्रम्प का है) पर जुड़ गए हैं। इसे पीएम मोदी व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दोस्ती के तौर पर भी देखा जा रहा है। ट्रुथ सोशल पर अपने शुरूआती दो पोस्ट्स में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भी उल्लेख किया है।दरअसल, पीएम मोदी ने इस प्लेटफार्म को अब ज्वाइन किया है और अपनी पहली पोस्ट इसके ऊपर शेयर की है, जिसके ऊपर अभी तक 10.5 हजार से ज्यादा लाइक और 1.54 से ज्यादा इसे शेयर हो चुके हैं।पीएम मोदी ने ट्रुथ सोशल पर अपनी पहली पोस्ट में लिखा कि ट्रुथ सोशल पर आकर बहुत खुशी हुई! आने वाले समय में यहां मौजूद सभी जोशीले लोगों से बातचीत करने और सार्थक बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने इस पोस्ट के साथ 2019 में अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान टेक्सास के ह्यूस्टन में मंच पर अपनी और ट्रंप की एक तस्वीर भी पोस्ट की है।

इसके अलावा अपने दूसरे पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने ट्रम्प के पोस्ट को शेयर किया है, जहां उन्होंने अमेरिकी एआई रिसर्चर्स लेक्स फ्रिडमैन के साथ पीएम मोदी के पॉडकास्ट का वीडियो लिंक साझा किया था।पीएम मोदी ने ट्रंप को धन्यवाद देते हुए लिखा, ‘मेरे दोस्त, राष्ट्रपति ट्रंप, आपका धन्यवाद। मैंने अपनी जीवन यात्रा, भारत के सभ्यतागत दृष्टिकोण, वैश्विक मुद्दों और बहुत कुछ सहित कई विषयों को कवर किया है।” मालूम हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म को उस समय शुरू किया था, जब जैक डॉर्सी ने उनके ट्विटर अकाउंट को सस्पेंड कर दिया था। एक तरह से ट्रुथ सोशल को ट्विटर का क्लोन भी कहा जाता है।

## 60 की उम्र में आमिर खान ने बनाई नई गर्लफ्रेंड

## 18 महीने तक गौरी के रिश्ते को छिपाकर रखा




सिनेमा जगत में कोई भी बड़ा सीक्रेट ज्यादा दिन तक नहीं छिपता है। आजकल वैसे भी पैप्स सिलेब्स के पीछे हर समय पड़े रहते हैं, तो कुछ भी छिपाना काफी मुश्किल है। हाल ही में आमिर खान ने बताया है कि 18 महीने तक अपना रिलेशन कैसे छिपाए रहे। इस समय बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्ट कहा जाने वाले आमिर खान काफी सुर्खियों में है। दरअसल, आमिर खान ने अपनी नई गर्लफ्रेंड गौरी को मीडिया से मिलवा चुके हैं। आमिर ने अपने बर्थडे पर उन्होंने मीडिया इंटरैक्शन रखा था। इस दौरान एक्टर ने अपने डेटिंग लेकर कुछ खुलासे किए। आमिर ने बताया कि गौरी से डेटिंग बीते 18 महीने शुरु हुई थी। वैसे तो यह खबर फरवरी में सामने आई थी कि आमिर खान के जीवन में किसी की एंट्री हो चुकी है। तब आमिर इस बात को छुपाकर रखा था। अब एक्टर ने बताया कि अपने छिपाने में कैसे कामयाब हुए।

